मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक : 191 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 7 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## पीएम मोदी ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना का किया उद्घाटन, मेट्रो में बैठे बच्चों से की बातचीत

पुणे, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को एक दिन के दौरे पर पुणे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुणेवासियों को मेट्रो का तोहफा दिया। मेट्रो रेल परियोजना के उद्घाटन के वक्त उनके साथ राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद रहे। पीएम ने यात्रा के समय मेट्रो में मौजूद बच्चों से बात भी की। पुणे मेट्रो का उद्घाटन करने पहुंचे पीएम ने खुद मेट्रो का टिकट लेकर सवारी की। पीएम मोदी ने गरवारे कॉलेज से आनंद नगर तक पुणे मेट्रो में यात्रा की है। पीएम मोदी ने कुल 32.2 किलोमीटर लंबी परियोजना के 12 किलोमीटर के हिस्से का गरवारे मेट्रो स्टेशन पर उद्घाटन किया और इस स्टेशन से आनंदनगर स्टेशन तक मेट्रो की यात्रा की। पुणे मेट्रो परियोजना की कुल लागत 11,400 करोड़ रुपए से अधिक है। प्रधानमंत्री ने 24 दिसंबर, 2016 को इस परियोजना की आधारशिला रखी थी।



इससे पहले प्रधानमंत्री ने पुणे आते ही पुणे नगर निगम परिसर (पीएमसी) में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा की खासियत यह है कि यह 1,850 किलोग्राम गनमेटल से बनी है और लगभग 9.5 फीट लंबी है। प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुणे मेट्रो रेल परियोजना को कुल 11,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। पुणे में पहले चरण के तहत पीसीएमसी से स्वारगेट और वनाज से रामवाड़ी दो रूट पर मेट्रो चलेगी। पीसीएमसी से स्वारगेट तक के रूट की लंबाई 11.4 किलोमीटर की है जिसमें 14 स्टेशन हैं। पीसीएमसी से स्वारगेट रूट पर शिवाजीनगर से स्वारगेट तक 6 किलोमीटर का अंडरग्राउंड मार्ग है, जिसमें 5 स्टेशन होंगे। वहीं दूसरा रूट वनाज से रामवाड़ी 15.7 किलोमीटर का है और पूरी तरह से एलिवेटेड है। इसमें कुल 16 स्टेशन होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी बनेर में निर्मित 100 ई-बसों और ई-बस डिपो का भी शुभारंभ करेंगे। पीएम इसके साथ ही मुला-मुथा नदी परियोजनाओं के कायाकल्प और प्रदूषण उन्मूलन की आधारशिला भी रखेंगे। 1,080 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना लागत से नदी के 9 किमी के हिस्से में कायाकल्प किया जाएगा। इसमें नदी किनारे संरक्षण, इंटरसेप्टर सीवेज नेटवर्क, सार्वजनिक सुविधाएं, नौका विहार गतिविधि आदि जैसे कार्य शामिल होंगे। बता दें कि मुला-मुथा नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना एक शहर एक संचालक की अवधारणा पर 1,470 करोड़ रुपए से अधिक लागत से लागू की जाएगी।

## सीआईएसएफ और निजी सुरक्षा एजेंसियां का हाइब्रिड सुरक्षा मॉडल भविष्य की जरूरत: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गाजियाबाद में सीआईएसएफ के 53वें स्थापना दिवस समारोह में हाइब्रिड सुरक्षा मॉडल की वकालत करते हुए, कहा कि निजी क्षेत्र की विभिन्न औद्योगिक एवं विनिर्माण इकाइयों को प्रभावी सुरक्षा मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार का अर्धसैनिक बल सीआईएसएफ और निजी सुरक्षा एजेंसियां हाथ मिला सकती हैं। शाह ने कहा कि यह अहम है, क्योंकि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जैसी सरकारी सुरक्षा एजेंसियां देशभर में इस काम को अकेले अंजाम नहीं दे सकतीं और वे धीरे-धीरे इसे निजी सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर सकती हैं। उन्होंने सीआईएसएफ को अगले 25 साल का खाका भी तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि भारत जब अपनी आजादी के 100वें वर्ष में प्रवेश करे, तब तक यह एक ह्यपरिणाम-उन्मुखह्ल सुरक्षा एजेंसी के रूप में उभर सके। शाह ने सीआईएसएफ से निजी सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी लेने पर विचार करने को भी कहा। अमित शाह ने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के दौरान 2.5 ट्रिलियन डॉलर से पांच ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की यात्रा शुरू कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि भारत को 2.5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में सीआईएसएफ के योगदान को पिछली सरकारों ने नजरअंदाज कर दिया था। गृह मंत्री ने सीमाओं और बंदरगाहों के पास स्थित औद्योगिक इकाइयों पर ड्रोन के बढ़ते खतरे के मद्देनजर सीआईएसएफ से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जैसी एजेंसियों के साथ मिलकर इस खतरे के खिलाफ एक प्रभावी प्रौद्योगिकी तैयार करने को कहा। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने कहा कि सीआईएसएफ भारत में निजी सुरक्षा एजेंसियों के प्रशिक्षण और प्रमाणन में बेहद अहम भूमिका निभा सकता है, जो फिलहाल असंगठित तरीके से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ हवाई अड्डों और बंदरगाहों के अलावा ड्रोन विरोधी अभियान और समुद्री एवं त्वरित परिवहन प्रणाली में एक ह्यविशेष एवं एकीकृतह्ल सुरक्षा एजेंसी की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। लगभग 1.64 लाख सुरक्षा कर्मियों से लैस सीआईएसएफ मौजूदा समय में देश के 65 नागरिक हवाई अड्डों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहा है। सरकारी और निजी क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की हिफाजत की जिम्मेदारी भी उस पर है। सीआईएसएफ केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। सीआईएसएफ महानिदेशक शील वर्द्धन सिंह ने कार्यक्रम में सीआईएसएफ बल, अग्निशमन दल और उनके कार्यों की सराहना करते हुए लोगों को अवगत कराया। 7वीं बार सीआईएसएफ जवानों की टुकड़ी के सम्मनित होने पर सराहना की। सुरक्षा बल के कार्यों और उपलब्धियों के बारे में बता कर उनके हौसले को बढ़ाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंडित नेहरू के बाद 65 साल बाद पुणे मनपा में आने वाले नरेंद्र मोदी दूसरे प्रधानमंत्री

पुणे, एजेंसी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुणे महानगरपालिका मुख्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार, सुभाष देसाई आदि मौजूद रहे। वहीं पुणे के महापौर मुरलीधर मोहोल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। आपको बता दें कि 65 वर्षों के बाद, प्रधान मंत्री पंडित नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी पुणे मनपा में आने वाले दूसरे प्रधान मंत्री हैं। दरअसल प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने 65 साल पहले पुणे नगर पालिका का दौरा किया था। वर्ष 1955 में पानशेत बांध फटने के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू पुणे आए थे। उस समय वह पुणे मनपा भी गए थे और मनपा के सभागृह की स्थिति के बारे में जानकारी ली थी। उस समय उन्होंने समूचे पुणे शहर में खुली जीप से स्थिति का जायजा लिया था. उस समय तत्कालीन महापौर राजाभाऊ तेलंग ने उनके लिए राजभवन में भोजन की व्यवस्था की थी।

### यूक्रेन के बहाने 7 या 10 मार्च को बढ़ा देंगे पेट्रोल-डीजल की कीमतें

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी समेत 5 राज्यों में चुनाव के नतीजों से ऐन पहले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें सात मार्च या फिर 10 मार्च के बाद बढ़ा दी जाएंगी। सरकार इसके पीछे यूक्रेन विवाद का हवाला दे देगी, क्योंकि उनके लोग तो लंबी-लंबी बातें छोड़ते हैं। एक चुनावी रैली में उन्होंने इसी मसले पर बीजेपी के भक्तों से सवाल दागा कि क्या उनकी गाड़ी में पेट्रोल मोदी डलाते हैं?

ओवैसी के बयान के मुताबिक, ह्यपेट्रोल और डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक बात याद रखना कि सात तारीख की रात में या फिर 10 मार्च की सुबह आप देखेंगे कि पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि होगी। ये कीमतों में इजाफा कर देंगे। बोलेंगे कि यूक्रेन में ऐसा हुआह्लकुछ भी लंबी-लंबी छोड़ देते हैं। बहाना बना देते हैं कि ऐसा हुआ। पर बेचारे बीजेपी भक्त कहेंगे कि ह्यनहीं, मोदी जी ने सही कियाह्ल। अबे तेरी गाड़ी में पेट्रोल क्या मोदी डला रहा है या गरीब अपने पैसे से डला रहा है?ह्ल इस बीच, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी पांच राज्यों में विस चुनाव के दौरान पेट्रोल-डीजल के दाम न बढ़ने को लेकर केंद्र पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ह्यअपने लोगों को अपनी गाड़ी का टैंक फुल करवा लेना चाहिएह्ल क्योंकि मोदी सरकार का ह्यचुनावी ऑफरह्ल खत्म होने जा रहा है। हालांकि, कुछ रोज पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक चुनावी जनसभा में संकेत दे दिए थे कि आगे पेट्रोल और डीजल के दामों पर असर पड़ सकता है।

## कश्मीर में सूखे की जगह लिक्विड विस्फोटक की वापसी

### इतिहास में 15 साल बाद लिक्विड विस्फोटक की वापसी हुई है

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास में 15 साल बाद ऐसा माना जा रहा है कि लिक्विड विस्फोटक की वापसी हुई है। हाल ही में जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन ने तीन बोतल सफेद पदार्थ गिराए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने हाल ही में जम्मू में मीडिया से बात करते हुए कुछ रासायनिक विस्फोटक मिलने के संकेत दिये थे, जिन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक प्रयोगशाला भेजा गया है। अफसरों ने बताया कि शुरूआती जांच से संकेत मिला है कि यह ट्रिनिट्रोटोल्यून (टीएनटी) या नाइट्रोग्लिसरीन हो सकता है, जिसे आमतौर पर डायनामाइट में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है।



उन्होंने बताया कि पिछले महीने 24 फरवरी को पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन से गिराई गई खेप में एक-एक लीटर की तीन बोतलों में सफेद रंग का पदार्थ मिला है। अफसरों ने बताया कि गहन तलाशी के बाद पुलिस ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईडी), हथियार और गोला बारूद एवं डिटोनेटर के साथ ये तीन बोतलें बरामद की। उन्होंने बताया कि यह खेप संभवतः आतंकवादी घटनाओं के लिए तस्करी करके कश्मीर ले जाने या जम्मू के भीड़भाड़ वाले बाजार में इस्तेमाल करने के लिए लाई गई थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी समूहों के निशाने पर जम्मू है और ये आतंकी समूह यहां सांप्रदायिक संघर्ष पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ऐसी चार कोशिशें नाकाम की है। अधिकारियों ने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि इस तरह के विस्फोटक कश्मीर घाटी में ड्रोन के जरिये गिराए गए हों। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादी ऐसे विस्फोटक पहुंचाने में संभवतः सफल हो चुके हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई प्रतिबंधित संगठनों, जैसे-लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन को रणनीतिक मदद करती है और एजेंसी ने इन संगठनों की मदद के लिए ड्रोन के जरिये हथियारों को भेजने का रास्ता अपनाया है। उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने तरल विस्फोटक का इस्तेमाल वर्ष 2007 में दक्षिण कश्मीर में किया था, लेकिन उसके बाद से करीब एक दशक तक जम्मू-कश्मीर में इसका इस्तेमाल नहीं देखा गया है।

## सऊदी अरब में भारतीयों के लिए सभी कोरोना प्रतिबंध समाप्त



रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब में काम करने वाले भारतीयों के लिए अब अपने काम पर लौटना का रास्ता और ज्यादा सुगम हो जाएगा। सऊदी अरब ने कोरोना से निपटने के लिए सभी एहतियाती और रोकथाम वाले उपायों को वापस ले लिया। इससे आम नागरिकों और भारतीय कामगारों को लंबे प्रतिबंधों से राहत मिल गई है। अब लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग और सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनने से आजादी मिलेगी। देश के गृह मंत्रालय के एक आधिकारिक सूत्र ने इसकी जानकारी दी है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने कहा कि देश की दोनों पवित्र मस्जिदों और अन्य मस्जिदों में भी सोशल डिस्टेंसिंग प्रतिबंध को खत्म कर दिया गया है, लेकिन श्रद्धालुओं को मास्क लगाना होगा। भारतीय कामगारों के लिए सबसे अच्छी खबर यह है कि अब उन्हें रियाद पहुंचने पर अनिवार्य कोविड-19 क्वारंटीन अवधि से नहीं गुजरना होगा। साथ ही, यात्रियों को भी अब देश में प्रवेश से पहले पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य नहीं होगा।

देश में आने वाले सभी लोगों के वीजा में कोरोना संक्रमण के इलाज के खर्च को वहन करने वाला बीमा होना अनिवार्य है। मंत्रालय ने लोगों से प्रतिरक्षा के लिए देश की नीति का पालन करने पर जोर दिया है। इसके तहत पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है। साथ ही किसी भी परिसर, कार्यक्रम, हवाई यात्रा या सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने के लिए टवाक्कालना ऐप पर अपने स्वास्थ्य की जानकारी अपडेट करना अनिवार्य है। सऊदी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में यात्रा करने के लिए अब तक नौ कोरोना वैक्सीन को मंजूरी मिल चुकी है। जो लोग फाइजर, मॉडर्ना, ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका, जे एंड जे, सिनोफार्म, सिनोवैक, कोवैक्सीन, स्पुतनिक और कोवोवैक्स में से कोई भी वैक्सीन लगवा चुके हैं, सऊदी अरब की यात्रा कर सकते हैं। शुक्रवार को सऊदी अरब में कोरोना के 363 नए मामले सामने आए थे।

## भारत-पाक सीमा पर फिर टोह लेने आया पाक ड्रोन, बीएसएफ ने दागी 18 गोलियां

श्रीगंगानगर, एजेंसी। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर स्थित श्रीगंगानगर जिले में एक बार फिर से पाक की नापाक हरकत सामने आई है। यहां सीमा पार से पाकिस्तानी ड्रोन नापाक इरादों के साथ सीमावर्ती इलाके की टोह लेने के मकसद से तारबंदी तक पहुंच गया। जब इस पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नजर पड़ी तो उन्होंने अपनी बंदूकों के मुंह खोल दिए। बीएसएफ के जवानों ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर करीब 18 राउंड फायर किए।



संभावना है कि बीएसएफ की ओर से की गई फायरिंग में पाकिस्तानी ड्रोन क्षतिग्रस्त हो गया है। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर की सीमा सुरक्षा बल की बिजौर चैक पोस्ट क्षेत्र में शुक्रवार देर रात करीब 1 से 2 बजे तारबंदी के पास एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की मूवमेंट देखी गई। इस पर वहां तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उसे मार गिराने के लिये 18 राउंड फायर किए। उसके बाद शनिवार को सीमा सुरक्षा बल के जवानों और अन्य उच्चाधिकारियों ने बिंजौर चैक पोस्ट क्षेत्र का गहनता से निरीक्षण किया, लेकिन वहां कुछ मिला नहीं। अंदेशा जताया जा रहा है वह ड्रोन वापस पाक सीमा में चला गया।

## ईमानदारी से नतीजे घोषित किए गए तो भाजपा को झेलना पड़ेगा काफी नुकसान: टिकैत

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के छह चरण के मतदान हो चुके हैं। अंतिम चरण के मतदान से पहले भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि अगर ईमानदारी से चुनाव नतीजे आए तो इस बार भाजपा को काफी नुकसान होगा। यूपी विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की वोटिंग 7 मार्च को कराई जाएगी, इस दौर में 54 सीटों पर मतदान हो रहा है, जिनपर 613 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।




सातवें दौर में 2 करोड़ 6 लाख मतदाता है। इनमें 1 करोड़ 10 लाख पुरुष और 96 लाख महिला मतदाता हैं। इस दौर में 1017 तीसरे लिंग वाले मतदाता भी हैं। सातवें चरण से पहले किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि, भाजपा को छह चरणों में ईमानदारी का नुकसान है, यदि बेईमानी करते हैं, तो कम नुकसान होगा, सरकार से लोग नाराज है।

हालांकि आंकड़ा नहीं बता सकता, लेकिन काफी नुकसान है। भाजपा की सरकारी यूनिवर्सिटी जो नागपुर में है, वह भाजपा हारे हुए छात्रों को भी जीत का सर्टिफिकेट दे देते हैं। इस बार भी जो प्रत्याशी हार जाएगा, उसे जीत का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, क्योंकि इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। हम भाजपा नेताओं से बात नहीं करते, लेकिन सरकार से बात करना चाहते जो वह करते नहीं। उन्होंने आगे कहा कि किसान किसी को समर्थन नहीं दे रहा, किसान सिर्फ आंदोलन से जिंदा रहेगा। जिस राज्य में किसानों का आंदोलन मजबूत रहेगा, वही किसान सर्वाइव कर सकता है।

## खनिज विकास पदाधिकारी लाल बिहारी प्रसाद की मनमानी से जनता परेशान

### * जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट होने के बाद भी नहीं छोड़ा जेसीबी कार्यालय का चक्कर कटवा रहे हैं पीड़ित को

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। जिले में खनिज विकास पदाधिकारी लाल बिहारी प्रसाद के द्वारा मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है। ज्ञात हो कि 2 फरवरी को जोगबनी थाना क्षेत्र के गड़हा वार्ड 11 निवासी मो० नईम उद्दीन अपने निजी जमीन से निजी कार्य हेतु भाड़े की जेसीबी से मिट्टी खनन कर घर की भराई कर रहे थे। इतने में जोगबनी पुलिस अवैध खनन के संदेह होने पर जेसीबी को जप्त कर अपने साथ थाने लेकर चली गई। और खनिज विकास पदाधिकारी लाल बिहारी प्रसाद को सूचित किया। खनिज विकास पदाधिकारी लाल बिहारी प्रसाद के द्वारा संज्ञान लेते हुवे सम्बंधित अंचल पदाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष जोगबनी से संयुक्त रूप से जाँच करवाया गया। अंचल पदाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष जोगबनी के द्वारा किए गए जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि पीड़ित के द्वारा अपने निजी जमीन से अपने निजी कार्य घर भराई हेतु भाड़े की जेसीबी से खनन किया जा रहा है। लेकिन प्रतिवेदन समर्पित करने के 15 दिन बीत जाने के बाद भी लाल बिहारी प्रसाद के द्वारा ना ही किसी भी प्रकार का कोई फाइन किया गया और ना ही जेसीबी को छोड़ा गया पीड़ित लगातार खनन कार्यालय अररिया का चक्कर काट काट के थक गए हैं खनन पदाधिकारी के द्वारा कहा जाता है कि आज छोड़ देंगे कल छोड़ देंगे ऐसे कर कर के 15 दिन बीत गए हैं। पीड़ित नईमुद्दीन ने कहा जेसीबी मालिक लगातार मुझ पर दबाव बना रहा है और ₹800 प्रति घंटे की दर से पैसा जोड़ रहा है प्रतिदिन का हम गरीब आदमी हैं हम कहां से पैसा दे पाएंगे हम मानसिक तनाव में जी रहे हैं अगर हम अंत में आत्महत्या कर लेंगे तो उसके लिए संबंधित अधिकारियों को ही जिम्मेदार समझा जाएगा। इस मामले से संबंधित जब खनन मंत्री से संपर्क किया गया तो उन्होंने आश्वासन देने के बदले बात करते करते अपने मोबाइल को नॉट रिचेबल कर दिए जिससे राजद का मौजूदा सरकार पे लगाया इल्जाम सही प्रतीत होता है कि नीतीश जी के शासन में मंत्री पदाधिकारी बेलगाम है।





## रूस और यूक्रेन के बीच 11वें दिन के बाद भी युद्ध जारी है

### फंसे भारतीयों को भारतीय दूतावास का निर्देश, तत्काल करें संपर्क

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस-यूक्रेन के बीच 11वें दिन के बाद भी युद्ध जारी है। दोनों देशों के बीच स्थिति लगातार बिगड़ती ही जा रही है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात कर रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने को कहा है। इससे पहले, यूक्रेन ने रूस को हराने के लिए पश्चिम से और सैन्य सहयोग देने की मांग की है। हालांकि, पुतिन ने पश्चिम को चेताया है कि यदि नो फ्लाइ जोन का निर्धारण नहीं हो पाया तो युद्ध और भीषण हो जाएगा। वहीं, उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लिए कल वोट डाले जाएंगे। नौ जिलों की 54 सीटों पर मतदान होंगे। जिसमें पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी भी शामिल है। 54 सीटों पर कुल 613 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला 2.06 करोड़ मतदाता करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी ने आज पुणे को मेट्रो की सौगात दी। इस दौरान पीएम मोदी ने मेट्रो में भी सफर किया।

भारत ने भारतीय वायु सेना की विशेष उड़ान के माध्यम से पोलैंड के रास्ते यूक्रेन को मानवीय सहायता भेजी है। हंगरी में स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि आज आपरेशन गंगा फ्लाइट के अंतिम चरण की शुरूआत की गई है। अपने स्वयं के आवास (दूतावास द्वारा व्यवस्थित के अलावा) में रहने वाले सभी छात्रों से अनुरोध किया जाता है कि वे हंगरी, राकोजी यूटी 90, बुडापेस्ट पहुंचें।

# राजुलबेन देसाई , नेहा बंसल , डॉ गरिमा तिवारी, डॉ सुषमा चावला सहित 11 प्रतिष्ठित महिलाएं हुई सम्मानित : विजय गौड़ मख्य सयोजक

नई दिल्ली। मदरलैंड वॉइस समाचार पत्र की मीडिया पार्टनरशिप में भागीदारी जन सहयोग समिति एवं दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी हॉल राउज एवेन्यू कोर्ट, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।विषय था महिलाओं पर अत्याचार का कारण कानूनी कमजोरी नहीं , सामाजिक चेतना का अभाव है ।प्रतियोगिता में ह्यूमन फाउंडेशन एवं युग संस्कृति न्यास के सक्रिय भागीदारी रही ।प्रतियोगिता सत्र में उद्घाटन भाषण राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्यामला कुंदर ने किया और अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी की चांसलर स्तुति कक्कर ने की

प्रतियोगिता में इंग्लिश माध्यम ग्रुप में सामाजिक कार्यकर्त्ता ब्रजेन्द्र नाथ सिन्हा रनिंग ट्रॉफी डी ए वी यूनिवर्सिटी पंजाब ने जीती ।हिंदी माध्यम ग्रुप में हिंदी सेवी अमर नाथ शास्त्री रनिंग टॉफी जे सी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी हरियाणा ने जीती ।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए देश की 11 प्रतिष्ठित महिलाएं राजुल बेन देसाई सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार , नेहा बंसल आयुक्त ( फूड सेफ्टी ) दिल्ली सरकार , डॉ गरिमा तिवारी असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस दिल्ली पुलिस डॉ सुषमा चावला होप एक आशा सामाजिक संस्था , अनीता भारद्वाज सुप्रसिद्ध कवियत्री , कुमार पारुल अध्यक्ष प्रभाव फाउंडेशन , कुसुम जुनेजा पंजाब नेशनल बैंक ( महिला विंग ) , लक्ष्मी रानी सामाजिक कार्यकर्ता , पल्लवी जैन सामाजिक कार्यकर्ता , निशि भारद्वाज अध्यक्ष प्रगति पथ फाउंडेशन , अधिवक्ता गूंजा गुप्ता भागीदारी जन सहयोग समिति को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में संजय सिंह विशेष पुलिस आयुक्त दिल्ली पुलिस ने प्रतिभागियों को साहसी महिलाओं से प्रेरणा लेने का सन्देश दिया उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति प्रयत्न शील रहने वालों के लिए असंम्भव कुछ भी नहीं है उन्होंने कहा कि समाज में देश के विकास में योगदान दे कर पृथक पहचान बनाना और प्रेरणा



का माध्यम बनना , जीवन की सफलता है । समारोह में मख्य अतिथि कँवल जीत अरोड़ा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महिलाओं के प्रति सम्मान को संस्कृति का सम्मान बताते हुए दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण से महिलाओं को निशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधान पर विस्तृत प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड़ ने कहा के महिलाएं अत्याचार की खिलाफ आवाज उठायें , साइबर अपराध जैसी शिकायतों के खिलाफ निस्संकोच शिकायतें दर्ज कराएं ताकि अपराधियों के मन में अपराध पर कार्रवाही का खौफ बने समाज के लोग



एकमत होकर समाज में महिलाओं के खिलाफ शून्य सहनशीलता का आंदोलन छेड़ें महिलाओं की शिक्षा की उड़ान को प्रोत्साहित करे और उनके अधिकार के प्रति संवेदन बनकर एक आदर्श पहचान बनाएं ।हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से सम्बंधित दहला देने वाली घटनाओं का उल्लेख करते हुए आयोग द्वारा उनकों न्याय दिलाने के सराहनीय प्रयासों का जिक्र किया उन्होंने बताया की वे स्वयं गांव गांव जाकर महिलाओं से मिलती है और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं ।अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम मनन एवं नमृता अग्रवाल ने राज्य विधिक सेवायें प्राधिकरण द्वारा जुटाए जा रहे प्रयास में जन सहयोग के अपील की और टोल फ्री नंबर से महिलाओं द्वारा सहायता मांगने पर तुरंत कार्रवाही का उल्लेख किया ।पंजाब पुलिस के पूर्व महानिरीक्षक सुरेश शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा की जिले की कानून व्यवस्था में जिले के सुपरिंडेंडेंट ऑफ पुलिस की अहम भूमिका है उनका इतना खौफ होना चाहिए कि उनके डर से अपराधी जिला छोड़ दे ।डिस्ट्रिक्ट कंस्यूमर कोर्ट के सदस्य डॉ राजेंद्र धर ने महिलाओं के प्रति सम्मान भाव को संस्कृति का सम्मान बताया , जिला विधिक सेवायें प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश हिमांशु सहलोत एवं नेहा प्रिया , दिल्ली ने अपने जिला प्राधिकरण की गतिविधिओं एवं महिला कानूनी साक्षरता के प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला दिल्ली सरकार के सेवा निवृत वरिष्ठ दानिक्स अफसर एवं उदीशा अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के संरक्षक राकेश गौड़ ने भी अपने विचार प्रकट किये ।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विजय गौड़ ने बताया कि दिल्ली के 5 राज्यों से 14 टीमों के यूनिवर्सिटी एवं अन्य संस्थानों के 28 प्रतिभागिओं में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में सिमरन , लाताक्षी शर्मा , रूद्र अग्रवाल एवं वाणी निगम , रूपम पराशर ,स्तुति सिंह ने दोनों वर्गों में 500/- ,3000/- एवं 200/- रुपए के नकद पुरस्कार जीते ।मीडिया अवार्ड से मीडिया पार्टनर्स को सम्मानित किया जायेगा जिसमे मदरलैंड वॉइस समाचार पत्र , समाचार वार्ता चैनल , जनमत समाचार , नीव दैनिक समाचार पत्र , पुलिस पत्रिका , लीगल जंक्शन , दृश्यम मीडिया प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड एवं एस बी एम पिक्चर सम्मिलित है ।अपने संक्षिप्त धयवाद प्रस्ताव मैं महिलाओं को रोजगारोन्मुख योजनाओं से जोड़ने को महिला सशक्तिकरण का माध्यम बताते हुए योग संस्कृति न्यास के संस्थापक आचार्य धर्मबीर ने बताया की देश भर से 5000 महिलाओं को न्यास ने रोजगार दिया है कार्यक्रम मैं भागीदारी जन सहयोग समिति के उपाध्यक्ष भारत भूषण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सलिल कपूर की अहम भूमिका रही

## संक्षिप्त समाचार

### बीबीएयू में भड़काऊ पोस्टर लगाने के मामले में 6 छात्रों को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) प्रशासन ने छह छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और अम्बेडकर यूनिवर्सिटी दलित स्टूडेंट्स एसोसिएशन के कार्यकर्ता शामिल हैं। यह नोटिस बीबीएयू में एक और दो मार्च को हुई घटनाओं के मामले में यह नोटिस जारी किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन छात्रों को 6 मार्च रविवार को उपस्थित होकर जांच कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा गया है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) प्रशासन ने छह छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और अम्बेडकर यूनिवर्सिटी दलित स्टूडेंट्स एसोसिएशन के कार्यकर्ता शामिल हैं। यह नोटिस बीबीएयू में एक और दो मार्च को हुई घटनाओं के मामले में यह नोटिस जारी किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन छात्रों को 6 मार्च रविवार को उपस्थित होकर जांच कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा गया है।

### दिल्ली के 4 बड़े अस्पतालों में साढ़े 6 साल में हर माह करीब 70 बच्चों की मौत हुई आरटीआई से हुआ खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के चार अस्पतालों में साढ़े छह साल में औसतन करीब 70 बच्चों की हर महीने मौत हुई है। सबसे ज्यादा बदतर हाल सफदरजंग अस्पताल का है, जहां 81 महीनों के दौरान हर माह तकरीबन 50 नवजातों की जिंदगी चली गई। यह जानकारी सफदरजंग अस्पताल के अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कलावती सरन अस्पताल और सुचेता कृपलानी अस्पताल ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर किए गए अलग-अलग आवेदनों के जवाब में दी है। दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के चार अस्पतालों में साढ़े छह साल में औसतन करीब 70 बच्चों की हर महीने मौत हुई है। सबसे ज्यादा बदतर हाल सफदरजंग अस्पताल का है, जहां 81 महीनों के दौरान हर माह तकरीबन 50 नवजातों की जिंदगी चली गई। यह जानकारी सफदरजंग अस्पताल के अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कलावती सरन अस्पताल और सुचेता कृपलानी अस्पताल ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर किए गए अलग-अलग आवेदनों के जवाब में दी है। एम्स की ओर से मुहैया कराए गए जवाब के मुताबिक, इस अस्पताल में जनवरी 2015 से जुलाई 2021 के बीच 173 बच्चों की जान गई जो चारों अस्पतालों में सबसे कम है। इस अस्पताल में इस अवधि में 15,354 बच्चों का जन्म हुआ। सफदरजंग अस्पताल में जनवरी 2015 से सितंबर 2021 तक 1.68 लाख से अधिक बच्चे पैदा हुए जिनमें से 4,085 की मौत हो गई। इसी तरह कलावती अस्पताल में जनवरी 2015 से जुलाई 2021 तक 1,199 बच्चों की मौत हुई जबकि अस्पताल में इस अवधि में 80,959 बच्चे पैदा हुए। आरटीआई आवेदन के जवाब के मुताबिक, सुचेता कृपलानी अस्पताल में 81,611 बच्चे पैदा हुए जिनमें से 267 की जन्म के बाद मृत्यु हो गई।

## भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए त्रिनगर विधानसभा से कांग्रेस नेता



» जावेद खान, मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में एमसीडी चुनाव नजदीक आ रहे हैं। सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं इसी के मद्देनजर दिल्ली की त्रिनगर विधानसभा जिला केशवपुरम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी, त्रिनगर विधानसभा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर त्रिनगर विधानसभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष वरुन चौहान व त्रिनगर नगर पूर्व विधायक प्रत्याशी तिलक राम गुप्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर मनोज कायत भारतीय जनता पार्टी शामिल हुए। इस अवसर पर मनोज कायत को त्रिनगर विधानसभा जिला केशवपुरम उपाध्यक्ष के पद



पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता रमेश डबास, केशवपुरम जिला के महामंत्री मनजीत सिंह, केशवपुरम नगर निगम के पूर्व निगम प्रत्याशी अनूप पवार, केशवपुरम मंडल अध्यक्ष रमेश जोदवाल, विनोद बंसीवाल, संदीप मेदवाल, दीपक चौहान, सत्य, अरुण वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर त्रिनगर विधानसभा, जिला केशवपुरम के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से अवगत करवाया। भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के जिला केशवपुरम वार्ड-69 एन जिला उपाध्यक्ष मनोज कायत को भारतीय जनता पार्टी में शामिल करवाया।

## दो बच्चियों के लिए देवदूत बना ई रिक्शा चालक समय पर पुलिस को सूचित कर अगवा होने से बचाया


नई दिल्ली, एजेंसी। शाहदरा जिले में शुक्रवार को एक ई रिक्शा चालक ने दो मासूम बच्चियों को अगवा होने से बचा लिया। शक होने पर चालक ने तुरंत पुलिसकर्मियों को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चियों को सकुशल बरामद कर आरोपी 40 वर्षीय संजय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बच्चियों को अगवा कर उनसे भीख मंगवाने के लिए लेकर जा रहा था। पुलिस ने ई रिक्शा चालक ब्रह्मदत्त राजपूत को सम्मानित भी किया है। डीसीपी आर.सत्यसुंदरम ने बताया कि चालक ब्रह्मदत्त राजपूत ने बताया कि एक युवक ने विवेक विहार स्थित बालाजी मंदिर से दो बच्चियों (जिनकी उम्र चार व सात साल हैं) को उसके ई-रिक्शा में बैठाया। इसके बाद वह बच्चियों को सीमापुरी के पास चिंतामणि चौक पर लेकर गया। शक होने पर ब्रह्मदत्त ने युवक से बच्चियों के बारे में पूछा, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया है। सूचना पर चिंतामणि चौक के पास मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अलर्ट



किया गया। पुलिस टीम आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बच्चियों को खाना खिलाने के बहाने अगवा कर दिल्ली से बाहर भीख मंगवाने के लिए लेकर जा रहा था। दोनों बच्चियों के माता-पिता मजदूरी करते हैं। दोनों बच्चियां मंदिर में प्रसाद खाने के लिए गई थीं। तभी आरोपी ने उन्हें खाना खिलाने का लालच देकर अगवा कर लिया। उधर, बच्चियों के नहीं मिलने से परिजन परेशान हो गए। हालांकि, थोड़ी देर बाद पुलिस की तरफ से बच्चियों को सकुशल बरामद करने की सूचना उन्हें मिल गई।

## 25 सालों से कर रहा था वाहन चोरी दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर

नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य जिला पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो सौ डुप्लीकेट चॉबियां, ईसीएम, कार लॉक, की प्रोगामिंग टैब, नंबर प्लेट, ड्रिल मशीन और चोरी की पांच कारें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मेरठ स्थित शकुर नगर निवासी इंतजार (42) और आसिफ (37) शामिल हैं। पुलिस के हत्थे चढ़े ये आरोपी पिछले पच्चीस साल से वाहन चोरी के धंधे में लिप्त हैं। इंतजार को आखिरी बार साल 2014 में पकड़ा गया था। बाहर आने के बाद से वह फरार चल रहा था। डीसीपी श्वेता चौहान ने बताया इन बदमशों के बारे में आठ महीने से जानकारी जुटाने जा रही थी। तकनीकी सर्विलांस से यह पता चला कि गत 26 फरवरी को ये दोनों आरोपी क्रेटा कार से रिंग रोड पर आने वाले हैं तो ट्रैप लगाकर उन्हें पकड़ा गया। इनके पास से दो पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी मिले।



आरोपी इंतजार ने पूछताछ में बताया वह पच्चीस साल से वाहन चोरी कर रहा है। इस पर दस हजार रुपए का भी इनाम घोषित था। वह अपने पास पांच मोबाइल अपने पास रखता है। जब कभी उसे किसी से बात करती होती है तभी वह इन मोबाइल को ऑन करता था। इरफान चोरी के वाहन खरीदता है। वह क्राइम ब्रांच द्वारा पहले भी दबोचा जा चुका है। आसिफ इंतजार का राइट हैंड बताया जाता है। वह की प्रोग्रामिंग टैब के जरिए इंजन को हैक करने में माहिर है। आरोपियों को रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने चोरी की चार अन्य कारें ओर बरामद की। आरोपी इंतजार 17 अपराधिक मामलों में लिप्त मिला है। वहीं आरोपी आसिफ महज दसवीं तक पढ़ा है। इंतजार उसका बचपन का दोस्त है। पहले वह ड्राइवर का काम करता था। वह ऐश की जिंदगी जीना चाहता था, इसलिए इंतजार के साथ वह वाहन चोरी करने लगा।

## 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022' के उपलक्ष में ईसीपीएफओ एवं मेगा कॉसमॉस संस्था द्वारा गुडगाँव में आयोजित कार्यक्रम में 'वूमेन आईकॉनिक अवार्ड' से सम्मानित किया गया

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022ह्व के उपलक्ष में ईसीपीएफओ एवं मेगा कॉसमॉस संस्था द्वारा गुडगाँव में आयोजित कार्यक्रम में ह्लवूमेन आईकॉनिक अवार्डह्व से सम्मानित किया गया।

भारत वर्ष शहर व गांवों में महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा पर्यावरण पर किए गए सामाजिक कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भलाई एवं उनको सशक्त बनाने के क्षेत्र में कार्य करने वाली 14 महिलाओं को सम्मानित किया गया। ईसीपीएफओ के राकेश अग्रवाल एवं मेगा कॉसमॉस संस्था की ड़ॉ दीपिका जैन ने पुरुस्कार के रुप में सर्टीफिकेट एवं एक-एक पौधा भेंट किया। गुरुग्राम के सेक्टर 52 में ई सी पी एफ ओ व मेगा कॉस्मॉस ने सयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होनहार नारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथी के तोर पर हरियाणा पर्यावरण के संरक्षक नवीन गोयल पहुचे। स्मृति अग्रवाल ने मंच का संचालन किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले नारी को आत्म निर्भर होना चाहिये नवीन गोयल का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसह्व मनाने का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य महिलाओं और पुरुषों में समानता बनाने के लिए जागरूकता लाना है. साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है.

डॉक्टर सारिका वर्मा ने कहा की आज भी कई देशों में महिलाओं को समानता का अधिकार प्राप्त नहीं है. महिलाएं शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से पिछड़ी हुई है. साथ ही महिलाओं के प्रति हिंसा के मामले भी सामने आते रहते हैं. यही नहीं, नौकरी में जहां महिलाओं को पदोन्नति में बाधाओं का सामना करना पड़ता है, तो वहीं स्वरोजगार के क्षेत्र में भी महिलाएं पिछड़ी हुई हैं.

राकेश अग्रवाल व डॉ दिपिका जैन , पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा शिक्षा में सुधार जैसे सामाजिक कार्य करवाते रहते हैं।

## एक कॉलेज के छात्र दूसरे कॉलेज में कर सकेंगे पढ़ाई



नई दिल्ली, एजेंसी। कॉलेजों के परिसरों की चारदीवारी अब किसी छात्र या संस्थान के विकास में बाधा नहीं बनेगी और सरकार कॉलेजों का समूह (क्लस्टर ऑफ कॉलेज) बनाने की योजना बना रही है। इस योजना के तहत एक कॉलेज के छात्र, दूसरे कॉलेज के संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे वहीं कम सुविधा वाले संस्थान दूसरे सुविधासम्पन्न कॉलेजों के साथ मिलकर बहुविषयक पाठ्यक्रम भी शुरू कर सकेंगे ।विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने ह्यउच्च शैक्षणिक संस्थाओं को बहु-विषयक संस्थान में बदलनेह्ल के विषय पर दिशा-निर्देशों का नया मसौदा तैयार किया है जिसमें स्वायत्त कॉलेजों का समूह या ह्यक्लस्टरह्ल बनाने का प्रस्ताव किया गया है। यह मसौदा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है जिसमें उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को समय के साथ जीवंत बहुविषयक संस्थानों के ह्यक्लस्टरह्ल के अंग के रूप में चरणबद्ध तरीके से परिवर्तित करने की बात की गई है। मसौदा में कहा गया है कि कई बार यह देखा गया है कि रोजगारोन्मुखी नवाचार पर आधारित बहु-विषयक पाठ्यक्रम और संस्थानों के रखरखाव एवं प्रबंधन के लिये संसाधनों की कमी के कारण एकल विषयक संस्थान और बहुविषयक संस्थान में छात्रों के दाखिले की स्थिति काफी खराब होती है। इसमें कहा गया है, ह्यह्ल ऐसे कॉलेज या संस्थान अपना एक समूह या क्लस्टर बनाकर एवं बहुविषयक पाठ्यक्रम पेश करके अधिक छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में विश्वविद्यालयों या कॉलेजों के गठबंधन तथा उनके उन्नयन के लिए बजटीय आवंटन किया गया है। इसमें कॉलेजों के गठबंधन के जरिये उच्चतर शिक्षा के स्तर पर महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्याथियों का सकल नामांकन दर बढ़ाने का लक्ष्य बनाया गया है। शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने ह्यभाषाह्ल को बताया कि आज अधिकतर नियोक्ताओं को ऐसे लोगों की तलाश होती है जिनके पास विविध प्रकार के कौशल होते हैं। उन्होंने कहा कि लम्बे समय तक भारत की शिक्षा पद्धति विषयों पर आधारित शिक्षा के सख्त दायरे में बंधी रही, ऐसे में सरकार इन सीमाओं को समाप्त कर छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना चाहती है। मसौदा के अनुसार, सरकार किसी खास क्षेत्र में काम करने वाले छोटे शैक्षणिक संस्थानों को एक साथ लाकर बृहद विश्वविद्यालय तैयार करना चाहती है और इस क्रम में उन संस्थानों की स्वायत्ता बनाई रखी जाएगी।

## दिल्ली नगर निगम चुनावों में दिखेंगे ऐसे मिश्रित चुनाव चिह्न

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम चुनावों का समय अब नजदीक आता जा रहा है। इस साल निगम चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों के पास चुनने के लिए करीब 200 चुनाव चिन्हों का एक दिलचस्प मिश्रण होगा, जिसमें ह्यगन्ना किसान ह्यनागरिकह्ल (नागरिक), नूडल्स का कटोरा, आइसक्रीम, दैनिक उपयोग की वस्तुओं की एक श्रृंखला, फल, सब्जियां और रसोई के उपकरण शामिल हैं। दिल्ली चुनाव आयोग ने अधिसूचित किया है कि दिल्ली में तीन नगर निगमों के 272 वार्डों के लिए चुनाव अप्रैल में होने हैं। आयोग ने शुक्रवार को अपने ह्यदिल्ली नगर निगम चुनाव चिह्न (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश, 2022ह्ल में 197 चुनाव चिन्हों की सूची जारी की है। निर्दलीय और गैर-मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के लिए ह्यफ्री सिम्बल्सह्ल में सेब, अंगूर और अनानास जैसे फल शामिल हैं; वहीं, खाद्य पदार्थ जैसे बिस्कुट, केक, ब्रैड; रसोई के सामान जैसे प्रेशर कुकर, मिक्सी, ब्रेड रोलर और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं। इसके साथ ही कुछ अपेक्षाकृत अस्पष्ट प्रतीकों जैसे बिजली का खंभा, गिफ्ट पैक, एक्सेंटशन बोर्ड, दीवार का हुक, लिफाफा और दरवाजे के हैंडल को भी लिस्ट में जगह मिली है। आदेश के अनुसार, प्रत्येक निर्दलीय उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र में चुने हुए सिम्बल्स की तीन प्राथमिकताओं का उल्लेख करेगा। यदि एक से अधिक उम्मीदवार एक ही चुनाव चिह्न के लिए आते हैं, तो चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए ड्रॉ का आयोजन करेंगे। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, बसपा, भाजपा, भाकपा, माकपा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवार; और मेघालय स्थित नेशनल पीपुल्स पार्टी को आरक्षित चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। आदेश में कहा गया है कि भारत के चुनाव आयोग द्वारा ह्लदिल्ली स्टेट पार्टीह्व के रूप में मान्यता प्राप्त आम आदमी पार्टी (आप) को ह्यझाड़ूह्ल चिन्ह आवंटित किया गया है। आयोग ने एक अन्य आदेश में यह भी कहा कि तीनों नगर निगमों के वार्ड चुनावों में एक उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले खर्च की अधिकतम सीमा 8 लाख रुपये होगी। उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगमों में प्रत्येक में 104 वार्ड हैं। वहीं, पूर्वी दिल्ली नगर निगम में 64 वार्ड हैं। आधे वार्ड महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए भी वार्ड आरक्षित हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### 8 मार्च को श्रीश्याम महोत्सव का होगा आयोजन

मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीश्याम सेवा मित्र मंडल के तत्वाधान में 8 मार्च को चतुर्थ श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन कस्बा के जी टी रोड स्थित कुँवर देवेंद्र सिंह यादव के परिसर में किया जाएगा। उक्त परिसर में शाम 6 बजे से खाटू श्याम की संगीतमय भजन संघ या का भी आयोजन होगा। श्याम महोत्सव की आयोजको द्वारा तैयारियां जोरो से की जा रही है। आयोजक तैयारियों में जुटे हुए है। श्री श्याम सेवा मित्र के पदाधिकारियों ने समस्त धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में बढ़चढ़ भाग लेने की अपील की है।

### दम्पति को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट

मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मसन्द निवासी एक दम्पति को नामजदों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीडिता महिला ने कोतवाली में चार नामजदों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। शीला देवी पत्नी कमल सिंह निवासी नगला मसन्द ने रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए कहा है। कि वह शुक्रवार को सुबह 9 बजे अपने ताऊ की लडकी कान्ता देवी के साथ खेत पर गई थी। तभी नामजद वहां आ धमके तथा गाली गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने गाली गलौज देने से मना किया तो चारों आरोपियों ने लाठी डंडे एवं लात घूसों से उसे मारापीटा। शोर सुनकर उसका पति कमल सिंह बचाने आया तो नामजदों ने उसे भी मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने पति पत्नी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। शीला देवी ने भूरा, बरन सिंह, अमर सिंह पुत्रगण यादराम, श्रीकिशन पुत्र बरन सिंह निवासी नगला मसन्द के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है।

### ऑटो से गिरकर किशोर हुआ घायल

फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ एटा रोड स्थित गांव मुगलगढ़ी के पास चलते ऑटो से एक 17 वर्षीय किशोर गिर गया। जिससे वह गम्भीररूप से घायल हो गया। घायलावस्था में किशोर को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहाँ से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। सोनू पुत्र घनश्याम उम्र17 निवासी गांव खरेला थाना खरेला जिला महोबा शनिवार की शाम को एक ऑटो में सवार होकर सिकंदराराऊ से क्षेत्र के गांव खटुआ जा रहा था। जैसे ही ऑटो गांव मुगलगढ़ी के निकट पहुँचा। उसी दौरान ऑटो में सवार किशोर अचानक गिर गया। जिससे किशोर गम्भीररूप से घायल हो गया। आनन फानन में किशोर को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ से उसे चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ मेडिकल के लिए रेफर किया है।

### कोर्ट मैरिज से नाराज मातापिता अपनी लडकी को जबरन लेगये साथ

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। लडकी की सहमति से कोर्ट मैरिज होने पर भी लडकी के माता पिता की नाराजगी कम नहीं हुई। लडकी के नाराज परिजन लडकी की ससुराल आये और लडकी को अपने साथ लेकर चले गये। पति ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव लठौंगर कुम्हौल निवासी अनुजकुमार पुत्र लाखन जाटव ने तहरीर दी कि उसकी कोर्ट मैरिज पूजा देवी पुत्री धर्मपाल कश्यप निवासी गांव डभौरा थाना बुता जिला बरेली के साथ 4 मार्च 22 को मैनपुरी में हुई थी। अनुज ने बताया कि शादी पूजा के माता पिता की मर्जी के खिलाफ हुई थी। आरोप है कि शादी के दूसरे दिन ही पूजा के माता, पिता, चाचा तथा अन्य सात लोग शनिवार की रात करीब आठ बजे ईको कार से उनके घर पर आये और उसकी मां कुसमा तथा उसकी स्वयं के साथ जमकर मारपीट की और पत्नी पूजा को अपने साथ ले गये। जाते समय पूजा सारे जेवरात भी अपने साथ ले गई है।

### युवती भगाने की नामजद तहरीर देने पर युवती का भाई आया आरोपी के पक्ष में

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। गांव सकतपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी पत्नी को पास के गांव का नामजद आरोपी चार पहिया वाहन में बिठाकर ले गया है। जाते समय उनकी पत्नी जेबर भी साथ ले गई है। पुलिस कोई कार्यवाही करती उसके पहले जनपद इटावा निवासी युवती का भाई सामने आया और एक प्रार्थनापत्र देकर आरोपी के पक्ष में कहा कि उक्त आरोपी उनकी बहिन की तलाश में सहयोग कर रहा है। इसलिये वह निर्दोष है। अब गैंद पुलिस के पाले में है कि वह क्या और किस पर कार्यवाही करती है।

### 5 दिन से करहल में बीएसएनएल की सेवाएं ठप

मदरलैंड संवाददाता, मैंनपुरी/करहल। नगर क्षेत्र में दूर संचारनिगम (बी एस एन एल)की 5 दिन से सेवाएं भंग कोई कार्य बिना नेटवर्क नहीं हो रहे लोगों से कोई बात भी नहीं हो पा रही लाइट न होने पर नेटवर्क काफी अर्से से चले जाते संचार सुविधा सही कराने की माँग विभाग से लोगों ने की है। करहल नगर क्षेत्रों में बी एस एन एल के कनेक्शन सरकारी विभागों,अन्य उपभोक्ताओं के पास है। लेकिन 5 दिन से दूर संचार सेवाएं बिल्कुल धुवस्थ हो गई है। इस ओर निगम ने कोई सुधार नहीं कराया लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। करहल में लाइट नहीं हो तो बीएसएनएल के तत्काल नेटवर्क चले जाते इस ओर किसी विभाग वालों ने एक्सचेंज पर आकर नहीं की कारण क्या है। दूर संचार अधिकारियों, कर्मियों की मिली भगत से जेनरेटर नहीं चलाया जाता जिससे नेटवर्किंग सेवा बंद हो जाती है कई आबश्यक कार्य न होने से उपभोक्ताओं में काफी रोष है इन लोगों का कहना है अब बीएसएनएल की सेवाएं खराब चल रही पोर्ट कराने की कह रहे है।

### दलित महिला के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग, मामला दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में फिर दबंगों द्वारा दलित महिला के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग व जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे छानबीन शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता केसंती पत्नी जलसिंह निवासी गांव बिछौर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गांव तिरवाडा थाना बिछौर निवासी सकील पुत्र रती ने उसकी पुत्री को जाति सूचक शब्दों से प्रताडित किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी। जबकि अन्य मामलें में गांव मालब में दबंग परिवार ने गांव में रहने वाले एक दलित गरीब परिवार के ऊपर हाथापाई कर दी और युवती के साथ छेडछाड करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इन मामलों के आरोपी फरार हैं।

## नूंह नगर परिषद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को लेकर कई योद्वा कतार में होने से भाजपा की चिंता बढी, टिकट ना मिलने पर दावेदार कर सकते हैं बगावत



» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। मेव(मुस्लिम) बाहुल्य जिला नूंह(मेवात) में जल्द होने जा रहे निकाय चुनाव में कमल खिलाने का मुददा एक बार फिर चढकर बोल रहा है। भाजपाईयों ने नगर परिषद नूंह ,नगरपालिका पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका में पार्टी समर्थित अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर मंथन शुरू कर रखा हैं। सहकारिता मंत्री डा0 बनवारीलाल, परिवहन व खनन मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व विधायक व वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन, पूर्व विधायक नसीम अहमद व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल आदि जिला की तीनों सीटों अध्यक्ष उम्मीदवारी को लेकर कार्यकताओं की टोह ले रहे हैं और कार्यकताओं की बैठक के दौरान पार्टी संकट काल में जमे रहे कार्यकर्ता इसके लिए अपना हक मांग रहे हैं। नूंह नगर परिषद अध्यक्ष पद की पार्टी टिकट के लिए पार्टी के पुराने नेता, अनुसूचित जाति व पिछडी जाति के प्रत्याशी के तौर पर दावा जता रहे थान सिंह कश्यप ने पार्टी हाई कमान, मंत्री-संतरी के समक्ष अपनी जहां दावेदारी जता रहे हैं वहीं, खुलकर ऐलान भी कर रहे हैं कि यदि पार्टी ने उन पर भरोसा नहीं जताया तो वह चुनाव हर हाल में लडेंगे। इससे पार्टी में खलबली मची हुई है और पेराशूट से आने वाले संभावित उम्मीदवारों की इससे नींद हराम हो रही हैं। हांलाकि, पार्टी ने निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद के लिए नूंह,पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका चुनावों के लिए ऐलान नहीं किया है।

उधर, दूसरी तरफ इनेलो द्वारा निकाय चुनाव पार्टी चिहन पर लडने की घोषणा और पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष हाजी सुभान खां सिंगारिया व नूंह हल्का अध्यक्ष इब्राहिम को इसके लिए अधिकृत करने से सरगर्मियां तेज हो गई हैं और दावेदारों ने उनसे सम्पर्क साधना शुरू कर दिया है। जजपा पहले ही निकाय चुनाव को लेकर जनसम्पर्क अभियान शुरू कर रखा हैं जबकि कांग्रेस समेत अन्य दलों ने इसके पत्ते नहीं खोले हैं। दावेदारों ने नूंह से विधायक व सीएलपी के उप नेता आफताब अहमद, विधायक मोहम्मद इलियास व मामन खां समेत पार्टी हाई कमान से सम्पर्क साधना शुरू कर रखा हैं। कांग्रेस जानकारों की माने तो कांग्रेसी निकाय चुनाव में सत्तारूढ भाजपा-जजपा गठबंधन को मात देने के लिए अन्दर खाने रणनीति बना रही हैं। सीएलपी के उप नेता विगत दिनों कार्यकताओं के संग जोरदार ढंग से हुई बैठक में इसकी टोह ले चुके हैं। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस ने भाजपा,इनेलो, जजपा व अन्य जिताऊ दावेदारों की पार्टी से बगावती उम्मीदवारों पर भी पूरी तरह से निगाहें लगा रखी हैं।

बहरहाल, जिला के निकाय चुनाव को लेकर भाजपा मेवात की नप व नपा सीटों पर पार्टी समर्थित अध्यक्ष पद की ताजपोशी के लिए चुनाव घोषणा से पूर्व ऐडी चोटी का जहां जोर लगा रही है, वहीं कांग्रेस, इनेलो समेत अन्य दल भाजपा की रणनीति को फेल करने के लिए निगाहें टिकाई हुई हैं। जिला की तीनों विधानसभा सीटों पर फिल्हाल कांग्रेस से विधायक हैं। देखना यह है कि निकाय चुनाव में भाजपा का मेवात वासियों पर कितना जादू चढेगा, यह अभी भविष्य के गर्भ मे हैं।

## निकाय चुनाव रमजान माह के बीच में आने से तिथि उलट फेर करने की मांग की




» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। अप्रैल माह की शुरूआत से रमजान का पाक माह शुरू होने और अंत में निकाय चुनाव की संभावनाओं को लेकर सभी पार्टियों से जुडे मुस्लिम नेताओं व दावेदारों की चिंता बढा रखी हैं। हांलाकि, पूर्व विधायक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व वक्फ बोर्ड के प्रशासन जाकिर हुसैन ने पार्टी नेताओं व हाई कमान के संज्ञान में इस पर विशेष ध्यान देने की अपील की हुई हैं और पंजाब विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन रविदास जयंती होने पर चुनाव की तिथि में उलटफेर किया गया था, इसी तर्ज पर निकाय चुनाव में भी चुनाव आयोग से रमजान के पाक माह को देखते हुए तिथि में उलटफेर के लिए अपना पक्ष रखा गया है और परिवहन व खनन मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष भी इस समस्या को रखा जा चुका है और उन्होंने भी मेवातियों को भरोसा दिलाया है कि वह हर संभव प्रयास कर इस पर गौर करेंगे। उधर,दूसरी तरफ मेवात के तीनों कांग्रेसी विधायकों व विभिन्न पार्टी के नेताओं के अलावा इनेलो, जजपा नेताओं ने भी रमजान माह में होने जा रहे निकाय चुनाव की तिथि को आगे पीछे करने के लिए अपना पक्ष रख चुके हैं और साथ ही उम्मीद जताई की चुनाव आयोग भी मेवातियों की जन भावना को देखते हुए इस पर अवश्य गौर करेंगे।

## लैंटर वाली सडक इन दिनों अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई हैं

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। नूंह की लैंटर वाली सडक के नाम से मशहूर लैबर चौक से नए बस अडडे के सामने सर्कल रोड दिल्ली-अलवर रोड पर इन दिनों अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई हैं। लोगों की माने तो प्रशासन ने इस रास्ते को करीब 25 से 30 फिट चौड़ा बनाया था ताकि यहां जाम ना लगे लेकिन मार्ग के दोनों ओर खुली दुकानों के मालिकों ने दुकान का सामान सडक पर बिछाने से यह कुंज गली में तब्दील हो गई हैं जिससे पैदल तक निकलना मुश्किल हो जाता हैं। कई बार वाहन किसी के सामान से भिड़ जाता है तो सिरफुटवैल की नौबत बन जाती हैं।

शहरवासी भरत, खलील वकील, मनोज कुमार, समय चंद, राजेश, संजय, राजू, इमरान, रवि व सोनू ने बताया कि नूंह की लैंटर वाली सडक पर दुकानदारों द्वारा अपने सामान खासकर प्लास्टिक के ड्रम, बर्तनों आदि को लगाने से सडक सिकुड़ गई है जिससे वाहन तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता हैं। उन्होंने बताया कि किसी के सामान में वाहन छूने से कई बार सिरफुटवैल की नौबत बन जाती हैं। उन्होंने बताया कि आज तक भी नपा प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं देने से दबंगों की दबगंई और बढ़ गई हैं। मजेदार बात देखने को यह मिल रही है कि उसी सडक पर कुछ घर पहले ही वार्ड निवर्तमान पार्षद का घर बना हुआ है जो इस समस्या को रात दिन देखते हैं लेकिन वह भी प्रशासन के सहयोग के मूंड में नहीं दिखाई दे रहे हैं। इस बारे में नपा प्रशासन से सम्पर्क करने पर बताया कि इस समस्या की उनके पास कभी कोई शिकायत नहीं मिली है और आने पर समस्या समाधान के लिए कदम उठाये जाऐंगे।

## भोंडसी-घामडौज के बीच को फ्री करने को लेकर महापंचायत

» मदरलैंड संवाददाता




नूंह/मेवात। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के भोंडसी-घामडौज के बीच बना टोल से लगते करीब 25 गांवों को फ्री करने को लेकर रविवार को महापंचायत हुई। महापंचायत की अध्यक्षता हरियाणा पुलिस से एसपी के पद से रिटायर्ड महाराज सिंह ने की। इस महापंचायत में अंतराम तवंर, सबतीर पहलवान, महेश दायमा, सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तवंर, देवराज यादव, ओमबीर बार एसोसिएशन, सुभाष बंसल, संजय राघव,बेगराज यादव, जावेद अहमद, धर्मपाल कोटा, हरबीर अधाना नंगली, महेश दायमा, राजू चेयरमैन, प्रताप खटाना, मनोज सहजावास, सतीश राघव,संजय सरपंच, अमित भारद्वाज,मनोज बंधवाडी, बिजेन्द्र जैलदार, धर्म सरपंच, समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। महापंचायत पौने 12 बजे से पौने एक बजे तक करीब एक घंटा तक चली। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में बसें गांवों का फ्री किए जाने के लिए गुरुग्राम सांसद से लेकर उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय परिवहन मंत्री से 51 सदस्यों की कमेटी मिलेगी। महापंचायत में कमेटी सदस्यों के मिलने पर भी टोल फ्री न होने पर आंदोलन कराने का सर्वसम्मति से फैसला लिया।

महापंचायत में बोलते हुए सतबीर पहलवान ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग का टोल ही नहीं। इसके साथ सोहना विधानसभा में लगते 8 अन्य टोल को भी फ्री किए जाने की मांग रखी। जिसमें बंधवाड़ी, कलवाड़ी, शीलखो, खेडकी दौला, धौज, नूनेरा, रोजका मेव शामिल है। दूसरी मांग एलिवेटड मार्ग के साथ-साथ लगते गांवों में कट दिए जाए। सर्विस मार्ग पर चलने वाले वाहनों से भोंडसी में टोल सुविधा नहीं ली जाए की मांग रखी गई। महापंचायत की अध्यक्षता कर रहे महाराज सिंह ने सर्व सम्मति से लिए गए फैसलों की जानकारी आखिर में दी। लेकिन कमेटी सदस्य कब और किसे मिलेंगें। इसका खुलाशा नहीं किया है। महाराज सिंह ने बताया कि इसका फैसला जल्द ही लिया जाएगा। जिसमें कमेटी सदस्य 9 मार्च को गुरुग्राम आ रहे केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी से मुलाकात कर सकती है।

**मुद्दे में राजनीति रंग नहीं होगा**

महापंचायत में वक्ताओं ने टोल फ्री की लड़ाई को गैर राजनीति संगठन के लडने की बात कही। महापंचायत में आए अलग-अलग राजनीति दलों के नेताओं को सामाजिक हक की लड़ाई पर लडने की बात कही।

**टोल फ्री कराने के लिए दिए आश्वासन**

महापंचायत में आए भाजपा से सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तवंर और जजपा के उपराष्ट्रीय अध्यक्षम अंनतराम तंवर ने कमेटी को मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर टोल फ्री किए जाने का आश्वासन दिया।

## आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न, सदस्यों को वितरित किए गए आई कार्ड

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन मैनपुरी की मासिक बैठक रविवार को कचहरी रोड स्थित आईरा कार्यालय किशोर ट्रेडर्स मैनपुरी पर आईरा संगठन के आगरा मंडल संरक्षक ब्रज किशोर सक्सेना (किशोर इटावी) की अध्यक्षता में आयोजित की गई, इस बैठक में संगठन के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की, साथ ही हेड ऑफिस से भेजे गए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के आईरा प्रेस कार्ड भी वितरित किए गए। इस मौके पर मंडल के संरक्षक बृजकिशोर सक्सेना ने पदाधिकारियों तथा सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया आईरा पत्रकारों का सबसे मजबूत व सबसे बड़ा संगठन है यह संगठन पत्रकारों के हितों के लिए हमेशा संघर्षशील रहता है उन्होंने कहा आईरा संगठन इंटरनेशनल संगठन है जो सभी राज्यों में संचालित है और एक मजबूत संगठन है यह पहला संगठन है जिसको आईएसओ का प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है आगे उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब हम सब लोग मिलजुल कर काम करें और संगठन के हर पहलू पर विचार विमर्श कर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करें संगठन कभी एक आदमी से नहीं चलता सभी के प्रयासों से आगे बढ़ता है इसलिए सभी संगठन के सदस्य यह प्रयास करें कि संगठन को मजबूती देने का काम करें और मिलजुल कर उसे आगे बढ़ाएं संगठन में सब एक हैं और सब ही संगठन के सदस्य इसलिए सभी मिलजुल कर संगठन को मजबूत करें जिससे संगठन दिन और रात आगे बढ़ता रहे साथ ही संगठन के सदस्य पत्रकारों के हर दुख दर्द में शामिल रहे, उन्होंने सभी से अपील की है कि वह संगठन को मजबूत बनाएं और पत्रकारों के हितों में हमेशा कार्य करें, उन्होंने सभी पत्रकारों से अनुरोध भी किया है कि वह जनता की अपने अखबार चैनल के माध्यम से आवाज उठाएं जिससे शासन प्रशासन तक उनकी समस्याएं पहुंच सकें और उन्हें न्याय मिल सके

वही संगठन के जिला अध्यक्ष अजय सक्सेना ने आए हुए सभी पदाधिकारियों सदस्यों से कहा है कि वह संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं उन्होंने जनपद के सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं से अनुरोध किया है कि वह आईरा संगठन से जुड़े जिससे हमारा संगठन और भी मजबूत हो उन्होंने सभी पत्रकारों से आग्रह भी किया है कि कहीं भी अगर किसी पत्रकार को कभी किसी वक्त किसी तरह की संगठन से मदद चाहिए तो वह संगठन के पदाधिकारियों से मिलकर उनसे संपर्क करें और अपनी समस्या बताएं उनका हमारे संगठन द्वारा हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के महासचिव अजय किशोर, उपाध्यक्ष लख्मी चंद बघेल, अगम प्रताप सिंह चौहान, सुबोध कुमार, उदयवीर सिंह, संदीप पचौरी, संजय सक्सेना, राहुल कुमार, शिवम कुमार, डॉ जे एन वर्मा, मृदुल कुलश्रेष्ठ आदि लोग मौजूद रहे।

## चोर को दबौचकर पुलिस के हवाले किया

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। नूह शहर के वार्ड नं-9 में व्यापारी हरीश सिंगला के मकान में बीती रात समय करीब 11:00 बजे चोर घुस गया, पडोसी को चोर दिखने पर उसने चोर- चोर का शोर मचा दिया जिसके बाद पूरा मोहल्ला जाग गया और चोर को ढूंढने लगे, जो कि चोर भागते हुए छत से कूद गया जिसको मौके पर दबौच लिया गया, जब चोर को देखा तो वह शहर के वार्ड न- 12 निवासी इमरान उर्फ ढक्कन था जिस पर पहले ही चोरी के कई मुकदमे है और बलात्कार का केस अदालत नूंह में चल रहा है, इससे पहले भी उसने कई चोरियां की है जिसकी शिकायत थाना में दी गई थी, लोगों द्वारा दबौचने पर उसने धार्मिक गालियां भी दी जिसके बाद पुलिस मदद के लिए 112 नंबर पर पुलिस को कॉल करने पर 112 डायल पुलिस कर्मचारियों ने आरोपी को दबौचकर पुलिस शहर थाने में ले गई और 10-12 लोग शिकायत लिखवाने रात को थाने में पहुंचे लेकिन इमरान ने पहले से ही पुलिस को परेशान किया हुआ था क्योकि यह नशा करके व अपने को मंदबुद्धि दिखाकर अपराधों को अंजाम देता है और कोई भी उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने से बचता हैं। मुदई पक्ष ने भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने से मना करने पर पुलिस ने उसको छोड दिया।

इस बारे में नूंह शहर पुलिस ने माना कि आरोपी इमरान को 112 नम्बर की पुलिस पकड कर लाई थी जिसके बाद शहर के लोगों ने उसके के खिलाफ कार्रवाई करने से मना करने पर उसको छोड दिय गया है। पुलिस ने एक सवाल के जवाब में माना कि यह नशा का आदी है जो रोज कोई ना कोई वारदात को अंजाम देता है जिसको कई बार पकड लिया गया है लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने पर छोड दिया जाता हैं।

## गाँव में बाघ का हमला, 12 घंटे बाद चार जनपदों के वन विभाग की टीमों ने पकडा

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। जनपद के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम नगला संभल में बाघ अब ग्रामीणों की भीड़ देखकर उग्र होता नजर आ रहा है उसने एक किशोर को हमला कर घायल कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जगदीश चन्द्र ने बताया कि रविवार को प्रातः गांव में आये बाघ ने हमला कर अवनीश पुत्र विजय सिंह को घायल कर दिया जिसका उपचार मैडिकल कालेज एटा में किया जा रहा है।

**बाघ को पकड़ने में भारी पुलिस बल रहा मौजूद**

गांव में क्षेत्राधिकारी नगर कालू सिंह उप जिलाधिकारी सदर शिव कुमार सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जगदीश चंद सहित भारी पुलिस बल मौजूद है गांव में बाघ का आतंक नजर आ रहा है वन विभाग की टीमों की दोपहर बाद आने की जानकारी प्राप्त हो रही है गांव के महिला पुरुष व बच्चे सभी दहशत में है लोग अपने घरों के दरवाजे बंद कर बैठे रहे।

जनपद में रविवार को सुबह से कौतूहल



का कारण बना बाघ 10 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद पकड़ा जा सका।

आपको बताते चलें रविवार को प्रातः जनपद के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम नगला संभल में एक बाघ के आ जाने से और 1 बच्चे को घायल कर देने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

**एक्सपर्ट टीम ने बमुश्किल पायी सफलता**

प्रशासन ने बाघ को पकड़ने के लिए आगरा व कासगंज की टीम में बुलाए जाने की बात कही किंतु प्रशासन ने बाघ को पकड़ने के लिए इटावा लायन सफारी अलीगढ़ आगरा आदि जनपदों की वन विभाग की एक्सपर्ट टीमों को भेजा है टीमों के आने के भी चार घंटे बीत जाने के बाद भी बाघ टीम के कब्जे में नहीं आ सका साथ ही ट्रैकूलाइजर गन से भी टीम के लोग अभी तक उसे बेहोश नहीं कर सके।

फिलहाल गांव तथा बाघ वाले क्षेत्र को प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस में खाली कराकर चारों ओर बैरिकेडिंग कर भीड़ को वहां से हटाकर आसपास के मकानों को खाली करा दिया गया है वन विभाग की टीम बाघ को पकडने की तैयारियों में लगी हुई है। एक बार रैस्क्यू कर रही टीम के लोगों को वाघ ने दौडा दिया।

सुबह से 10 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बाघ आराम से गांव में मौजूद था तथा वन विभाग के रेस्क्यू के बाद वह छत के टीनसैट से उतर कर नीचे आ गया है। जिसे वन विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक पकड़ लिया है।

संक्षिप्त समाचार

## उत्तराखंड में चुनाव नतीजे आने से पहले ही कांग्रेस ने शुरू की विधायकों को राजस्थान भेजने की तैयारी

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड में 10 मार्च को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने हैं, मगर इससे पहले ही कांग्रेस में बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। चर्चा है कांग्रेस ने चुनाव जीतने वाले विधायकों को अभी से सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी है। चर्चा यह भी है कि कांग्रेस के विधायकों में टूट की संभावना है, इसीलिए विधायकों को महफूज स्थान पर भेजने की तैयारी की गई है। यह अभी तय नहीं है कि विधायकों को कहां भेजा जाएगा, लेकिन माना जा रहा है कि उन्हें कांग्रेस शासित राज्यों में भेजा जा सकता है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चुनाव परिणामों की घोषणा की तारीख नजदीक होने के कारण पार्टी निश्चित रूप से अलर्ट मोड में है। भाजपा के खरीद-फरोख्त के इतिहास को देखते हुए इस बार हम उन्हें कोई मौका नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस विधायकों को राजस्थान भेजने की पहले से चर्चा हो रही है। कांग्रेस के राज्य नेतृत्व ने सभी उम्मीदवारों को ह्यविशिष्ट निर्देशह्न दिए हैं। उन्होंने कहा 2016 में भाजपा की खरीद-फरोख्त के कारण हमारी उंगलियां जल चुकी हैं। हम इस बार पहले से तैयार हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राजस्थान पर टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा, हमें अपने उम्मीदवारों पर पूरा भरोसा है। जहां तक भाजपा की ओर से पेश की गई ह्यखतरेह्न की बात है, तो सभी सदस्यों को अलर्ट कर दिया गया है। उधर, उत्तराखंड के भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया। पार्टी के राज्य मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा पूरे राज्य ने 2017 में सीएम रहते हुए हरीश रावत पर स्टिंग ऑपरेशन देखा था।

## धारचूला में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

पिथौरगढ़, एजेंसी। सीमांत सेवा फाउंडेशन के द्वारा भारत चीन सीमा से लगे धारचूला के उप जिला चिकित्सालय में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। बता दे कि सीमांत सेवा फाउंडेशन के द्वारा विश्वविख्यात नेत्र चिकित्सक जीवन सिंह तितियाल के सम्मान में डाक्टर कैलाश बृजवाल वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा 500 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसके बाद 150 लोगों को मोतिया बिंद के लक्षण पाए जाने पर सोमवार को ऑपरेशन के लिए चयनित किया है जिसमें कुछ लोगों की आखों की जांच कर नि:शुल्क दवाई व चश्मे वितरित किए गए। वहीं डॉक्टर सिद्धार्थ पाटनी ने बताया कि देर शाम तक सीमांत सेवा फाउंडेशन के द्वारा 500 लोगों का पंजीकरण किया गया है जिसमें से 150 लोगों ऑपरेशन होना है और अन्य लोगों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई हैं। प्रायोजक रेडक्रॉस और युजेवियन पिथौरगढ़ रहे रेडक्रॉस द्वारा कम्बल व हाइजैनिन किट भी बांटे गये।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना से सम्बंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पौड़ी, एजेंसी। विधानसभा चुनाव की मतगणना आगामी 10 मार्च को संपादित की जानी है। इस सम्बंध में जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि इस बार मतगणना को समय से पूरा करने के लिए प्रति विधानसभा चार-चार कक्षों का गठन किया गया है ताकि समय रहते मतगणना को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सुबह सबसे पहले बैलेट पेपर की मतगणना की जाएगी जिसके पश्चात ईवीएम मशीनों को खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर जाने के लिए तीन सुरक्षा घेरों को पार कर ही मतगणना स्थल पर पहुंचा जा सकेगा। इसके साथ ही बिना निर्वाचन आयोग के पास के बिना मतगणना स्थल पर जाना असंभव होगा। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर पानी, बिजली शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था करवा ली गई है। इसके साथ ही उनकी देखरेख में अन्य कार्य भी लगातार जारी है जिससे मतगणना स्थल में किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया निर्वाचन आयोग का मकसद है कि मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। जिसके लिए सभी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई है, और जो व्यवस्था बाकी है उनको समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

## राज्य के सात जिलों में कोरोना शून्य, रविवार को देहरादून में मिले 20 मामले

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की समाप्ति होती दिख रही है। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक प्रदेश के सात जिलों में कोरोना का एक भी नया मामला दर्ज नहीं किया गया है। प्रदेशभर में कुल 30 नए मामले सामने आए। इनमें से 20 व्यक्ति दून में संक्रमित पाए गए। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक हरिद्वार में तीन, पौड़ी, रुद्रप्रयाग व बागेश्वर में दो-दो, जबकि चंपावत में एक व्यक्ति संक्रमित पाया गया। वहीं, 32 व्यक्ति कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो गए। प्रदेश में संक्रमण दर महज 0.52 फीसद रही और रिकवरी रेट बढ़कर 95.63 फीसद हो गया है। अब एक्टिव केस की संख्या घटकर 535 रह गई है।

कोरोना के चलते टीकाकरण से छूटे शून्य से दो साल तक के बच्चों के लिए रुड़की में सोमवार को महाभियान चलाया जाएगा। इसमें बच्चों को पेंटा, खसरा आदि के जरूरी टीके लगाए जाएंगे। सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत यह महाभियान चलाया जा रहा है। कोरोना की प्रथम, द्वितीय और अब तीसरी लहर के कारण तमाम अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को कोरोना के डर से खसरा एवं पेंटा आदि के जरूरी टीके नहीं लगवाए हैं। टीकाकरण से छूटे इन बच्चों को जरूरी टीके लगाने के लिए मिशन इंद्रधनुष के साथ अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत विभाग ने टीकाकरण से छूटे बच्चों का पता लगाने के लिए सर्वे कराया था। आंगनबाड़ी एवं आशा की ओर से यह सर्वे किया गया। सर्वे 23 फरवरी से पांच मार्च तक चला। अरबन हेल्थ आफिसर रामकेश गुप्ता ने बताया कि सर्वे में रुड़की क्षेत्र में जीरो से दो वर्ष तक की आयु वाले 80 बच्चे ऐसे मिले हैं, जिनको पेंटा एवं खसरा आदि का टीका नहीं लगा है। कोरोना के डर से अभिभावक बच्चों को टीका लगवाने के लिए केंद्र पर नहीं आए हैं। न ही इसकी कोई सूचना उन्होंने दी थी। इन सभी 80 बच्चों का सोमवार को टीकाकरण होगा।

# महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता सप्ताह का आयोजन



हरिद्वार, एजेंसी। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी अरुण मोहन जोशी की प्रेरणा से ह्लउपवा के तत्वावधानह्न में सशस्त्र प्रशिक्षण केंद्र एटीसी हरिद्वार, 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार, जीआरपी हरिद्वार, आतंकवाद निरोधक दस्ता एटीएस एवं पुलिस मॉर्डन स्कूल, 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार के द्वारा 05 मार्च से 08 मार्च तक सम्मिलित रूप से महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त निर्धारित कार्यक्रम के अगले चरण में रविवार को पौधारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जीआरपी मुख्यालय हरिद्वार में तत्पश्चात सशस्त्र प्रशिक्षण केंद्र हरिद्वार के हर्बल गार्डन एवं 40वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आम, जामुन, अमरूद, अशोक, इमली, पाकड़ जैसे कई फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में श्रीमती आभा ददनपाल पत्नी ददनपाल सेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार, श्रीमती पूजा पंवार पत्नी सुरजीत सिंह पंवार उपसेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार, सुश्री अरुणा भारती उपप्रधानाचार्य एटीसी हरिद्वार समेत समस्त महिला स्टाफ जीआरपी, पीएसी, एटीसी, एटीएस तथा पुलिस मॉर्डन स्कूल पीएसी की महिला अध्यापकों, बच्चियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही ददनपाल सेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी, अपर्ण यदुवंशी पुलिस अधीक्षक जीआरपी, सुरजीत सिंह पंवार उपसेनानायक 40वीं पीएसी हरिद्वार, कमलेश पंत सहायक सेनानायक प्रशिक्षण 40वीं वाहिनी हरिद्वार, हीरालाल बिजल्वाण सहायक सेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी, मोहन लाल पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण एटीएस हरिद्वार एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# डेढ़ लाख की कोकीन के साथ एक गिरफ्तार

### बहादराबाद पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ा



हरिद्वार, एजेंसी। बहादराबाद पुलिस ने रविवार की सुबह क्षेत्र में गश्त के दौरान एक नशा सौदागर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से भारी मात्रा में कोकीन बरामद की है। जिसकी बाजार में कीमत करीब डेढ लाख बतायी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। बहादराबाद एसओ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि पुलिस आज सुबह क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान बहादराबाद बस अड्डा प्रतीक्षालय के पास एक संदिग्ध देखा गया। जोकि पुलिस को देखते ही भाग खड़ा हुआ। जिसपर पुलिस को शक होने पर उसका पीछा कर कुछ ही देरी पर दबोच लिया। जिसके पास से पुलिस ने 13-93 ग्राम कोकीन और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। जिसकी बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख बतायी जा रही है। पुलिस आरोपी को लेकर थाने पहुंची। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम जुनैद पुत्र जमील अहमद निवासी कस्बा पुरकाजी खादर रोड पुरकाजी मुजफ्फरनगर यूपी बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में अवैध कालोनियां, विकास प्राधिकरण ने लिया बड़ा एक्शन

रुड़की, एजेंसी। रुड़की क्षेत्र के हरिद्वार दिल्ली रोड व देहरादून रोड पर अवैध कालोनियों की भरमार देखी जा सकती है। यह कॉलोनियां अधिकतर सफेदपोश नेताओं की हैं। ज्यादातर कालोनियों को सफेदपोश नेताओं का संरक्षण प्राप्त है जिनकी सेटिंग गेटिंग सीधी संबंधित अधिकारियों से है। क्षेत्र में कटी कालोनियां रेरा विभाग से भी पास नहीं हैं। वहीं अब हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने एक बड़ा एक्शन लिया है जिसमें लगभग दर्जनों अवैध कालोनियों के नोटिस काटे गए हैं और चेतावनी दी गई है कि यदि कॉलोनी के नियमों को पूरा नहीं किया गया है तो जल्द ही ऐसी कालोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। एक कालोनी बेलड़ा स्थित हरिद्वार मार्ग पर कटी है जिसमें एक बार पहले भी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है, बावजूद इसके एक बार फिर से उसी कॉलोनी में कार्य शुरू हो चुका है जिसके सम्बन्ध में रुड़की विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता डीएस रावत ने बताया कि तमाम कालोनियों के साथ-साथ बेलड़ा स्थित कॉलोनी का भी नोटिस जारी किया गया है। यदि जल्द ही इन कॉलोनी स्वामियों ने तमाम मानक पूरे नहीं किए तो इनके खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वहीं इस कार्यवाही के बाद से भू माफियाओं में हड़कम्प का माहौल बना हुआ जो लागातार हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के चक्कर काटने में लगे हुए हैं।

# मांगों पर जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन: लखेड़ा

### चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर भरी हुंकार




हरिद्वार, एजेंसी। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तराखंड की एक बैठक कर्मचारियों की मांगों को लेकर टीवी चिकित्सालय प्रांगण में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेडा तथा संचालन जिला मंत्री राकेश भँवर और राजेंद्र तेश्वर द्वारा संयुक्त रूप से किया। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उप महामंत्री जेपी चाहर मौजूद रहे। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेडा, उप महामंत्री संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जेपी चाहर एवं प्रदेश ऑडिटर महेश कुमार ने सयुंक्त रूप से कहा कि जिन कर्मचारियों द्वारा कोविड में जी जान से कार्य किया गया, उनको प्रोहत्साहन भत्ता नही दिए जाने से कर्मी निराश हैं। कर्मचारियों को महाकुंम्भ मेला भत्ता भी नही मिला है। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है, अगर कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र अति शीर्घ नहीं माना गया, तो 10 मार्च के बाद आंदोलन किया जायेगा। अगर जरूरत पड़ी तो कर्मचारियों को मिला कोविड सम्मान पत्र भी वापस लौटाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की पदोन्नति की फाइल शासन में अटकी हुई है। कर्मचारियों को पोष्टिक आहार भत्ता, जोखिम भत्ता, एक माह का मानदेय, जो कर्मचारी पदोन्नति नहीं किये जा सकते हैं उनको अंतिम ग्रैड पे 4200 दिया जाना चाहिए, जोकि नही मिल पा रहा है। जिला मंत्री राकेश भँवर, ऑडिटर शीशपाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र तेश्वर और गुरुकुल के उपाध्यक्ष ताजबर सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंसन बहाली की जानी चाहिए। कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने हितों के लिए आवाज उठानी होगी, तभी कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कर्मचारी संगठन को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। कर्मचारियों को अपनी एक जुटता दिखानी होगी, वरना लोग आपसी फूट का फायदा उठा सकते हैं। बैठक में सुरेंद्र कुमार, महेश कुमार, राकेश भँवर, दिनेश लखेडा, धर्म सिंह, सुरेश चंद, शीशपाल, मनोज कुमार, सुभाष कुमार, राजकुमार, मूलचंद चैधरी, ताजबर नेगी, अरुण कुमार, पप्पू सैनी, संदीप शर्मा, सूरजबली, सतीश, दिनेश नौटियाल, मुकेश कुमार, नितिन, सचिन, विजय, वाहन चालक संघ से केएम जोसेफ, दीपक, श्रीमती मुन्नी, पूनम, संतोष कुमारी, रजनी, सुदेश आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही: संजीव चौधरी



हरिद्वार, , एजेंसी। उत्तर प्रदेश चुनाव प्रचार के बाद कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजीव चैधरी के रानीपुर विधानसभा कार्यालय पहुंचने पर उनको कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव संजीव चैधरी ने कहा कि पार्टी ने उनको जो भी जिम्मेदारी सौप कर विश्वास जताया है उस पर मैं खरा उतरूगा। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में जो मेहनत की है उसके परिणाम 10 मार्च को देखने को मिलेंगे। उत्तर प्रदेश हो या उत्तराखंड भाजपा का सफाया तय है और उत्तराखंड में तो कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। जिस प्रकार से भाजपा के भ्रष्टाचार, बेरोगजरी, निजीकरण व महंगाई के चलते आज किसान मजदूर व गरीब आदमी परेशान है उससे ये तय है भाजपा का वो ही पुराना हाल होने वाला है। उसके लिए अब ज्यादा समय नहीं लगेगा, जब इनके मात्र दो सांसद होते थे हाल ही में हुई चुनावो में तो हर प्रदेश से भाजपा की विदाई तय है। जनता से भाजपा के विरोध में खुल कर मतदान किया है। आरोप लगाया कि भाजपा के केवल जुमलो की पार्टी है और ये झूठे और लुभावने वादे ज्यादा लम्बे समय तक नहीं टिकते हैं अब जनता समझ गई है की भाजपा देश के कुछ बड़े पूंजीपतियों की लिमिटेड फर्म है। भाजपा को जनता है देश की कोई चिंता नहीं है। कहा कि उत्तर प्रदेश में आज पूरे देश का मंत्रीमण्डल और भाजपा के देश भर के मुख्यमंत्री, मंत्री व नेताओ का घर घर जमावड़ा रहा पर फिर भी जनता ने भाजपा को नकार दिया और जगह जगह विधायक और मंत्रियों को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा है। केवल धर्म के आधार पर लोगो को लड़ा कर सत्ता हासिल करने है सपना अब भाजपा का पूरा होने वाला नहीं है। संजीव ने कांग्रेसियों से अपील की हैं कि गिनती है मशीनो की पूरी निगरानी रखे भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। स्वागत करने वालों में कांग्रेस प्रत्याशी राजबीर चैहान, विपिन राणा, संजीव कुमार, बीएन सिंह, एसआर विकल, आरएन पासवान, आरएस धीमान, नफे सिंह, अनिल कुमार, भगवान सिंह तोमर, बलबीर सिंह नेगी, बलदेव सिंह, आरए यादव, सत्यनारायण यादव, राजू, विजय धीमान, बीर सिंह, एसएस चैबे, चिंगारी यादव, आदेश सैनी, निर्मला चिल्वाल, संतोष बिष्ट, गीता कैठेत व ममता भण्डारी आदि उपस्तिथ रहे।

# हल्द्वानी के मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से मचा हड़कंप, छात्रों को किया गंजा

हल्द्वानी,, एजेंसी। हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर से कथित रैगिंग का मामला सामने आया है जो अब सुर्खियों में बना हुआ है। इस बार मेडिकल कॉलेज के छात्रों को गंजा करवा कर घुमाया गया है जिसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का लाइन में चलने वाला वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें छात्रों द्वारा अपना सर झुकाया गया है सभी छात्रों के बाल कटे हुए हैं। इनमें से कुछ छात्र ऐसे हैं जिन्होंने एप्रेन पहना हुआ है और वह अपने कंधे पर बैग लटका कर आगे की तरफ बढ़ रहे हैं। रैगिंग वाले एमबीबीएस प्रथम वर्ष के हैं। सूत्रों की माने तो छात्रों को बाल कटवाने के निर्देश सीनियर छात्रों ने दिए हैं जिसे रैगिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में मीडिया के द्वारा लाया गया है इस मामले में वह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अरुण जोशी से बात करेंगी। फिलहाल इस मामले में किसी भी छात्र की तरफ से रैगिंग से जुड़ी कोई भी तहरीर मेडिकल कॉलेज को नहीं दी गई है साथ ही तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर छात्रों का कहना है कि हमारे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ हमारे सिर में डैंड्रफ था जिसके चलते अपने अपने बाल गंजे कराए। अधिकारियों का साफ कहना है कि इस मामले की गोपनीय जांच चल रही है अगर ऐसा कुछ होता है तो उन छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# 10 मार्च को प्रदेश में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार: चन्द्रशेखर पांडे

लालकुआ, एजेंसी। आम आदमी पार्टी लालकुआं के वरिष्ठ नेता एवं विधायक प्रत्याशी चन्द्रशेखर पांडे ने दावा किया कि आने वाली 10 मार्च को प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। आज पत्रकारों से वार्ता करते हुए आम आदमी पार्टी लालकुआं के वरिष्ठ नेता एवं विधायक प्रत्याशी चंद्रशेखर पांडे ने कहा कि इस बार आप 45 सीटें जीतकर उत्तराखंड में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने पार्टी की चार बड़ी गारंटियों के बारे में लोगों को बताया है जिसके बल पर लोगों ने आप को वोट किया है। उन्होंने कहा कि 22 सालों में यहां की जनता को कांग्रेस और भाजपा ने ठगने का काम किया है लेकिन लोगों को आप पार्टी ने यह विश्वास दिलाया है कि आप की सरकार बनते ही यहां सभी गारंटी हर हाल में पूरी होंगी। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में दोनों ही दल के प्रत्याशियों ने पैसों का जबरदस्त उपयोग किया है लेकिन आम आदमी पार्टी ने धन बल का कोई प्रयोग नहीं किया है क्योंकि आम आदमी पार्टी का वोटर साइलेंट है जो चुपचाप वोट देता है उसे पैसों से कोई खरीद नहीं सकता। उन्होंने कहा कि चुनाव में आम आदमी पार्टी के सामने कोई नहीं था, क्योंकि जनता अपना मन बना चुकी थी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने अपनी घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश की जनता को विश्वास में लिया है और हम यकीन दिलाते हैं कि हमारी सरकार बनते ही जैसे वादे हमने दिल्ली में पूरे की उत्तराखंड में भी सभी वादों को पूरा करेंगे। उन्होंने दावा किया कि आने वाली 10 मार्च को प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

# 48 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगी कांग्रेस: गोपाल रावत



लालकुआं, एजेंसी। विधानसभा चुनाव के परिणाम आगामी 10 तारीख को घोषित होने जा रहे हैं। इससे पहले सभी राजनीति दल के नेता अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा करते हुए नजर आ रहे हैं। यहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल रावत ने प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि सूबे की जनता ने परिवर्तन के लिए वोट दिया है तथा आगामी 10 मार्च को कांग्रेस को करीब 42 से 48 सीटों पर विजयी मिलेगी जिसके बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ही कांग्रेस से मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे जिसके बाद प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि लालकुआं मॉडल विधानसभा बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा लालकुआं के लोगों मालिकाना हक, बिन्दूखत्ता को राजस्व गांव दर्जा सहित कार्य पूरे किए जाएंगे। आज अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल रावत ने कहा कि प्रदेश कि जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है और प्रदेश में अब कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि आगामी 10 मार्च को कांग्रेस को 42-48 सीटों पर विजयी मिलेगी। उन्होंने भाजपा कि डबल इंजन सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पिछले पांच साल उत्तराखंड के लिए बहुत कष्ट वाले रहे हैं जनता बदलाव चहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन से जनता हो चुकी त्रस्त है तथा इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सभी वर्गों का व्यापक समर्थन मिला है जिसके बल पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुंगेरीलाल के सपने देख रही है जो कभी पूरे नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम सी जॉन के अधीन बन रही गैर कानूनी बिल्डिंग



मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः चुनावो का पूरा फायदा उठा रहे हैं वो लोग जो गैर कानूनी तरीके से बिल्डिंग बना रहे हैं उनको पता है कि सभी अधिकारी 10 मार्च तक कोई कारवाही नहीं करेगे सभी की राजनीतिक पार्टी के नेताओ की पोच है जिस कारण कोई भी बिल्डिंग ब्रांच का अफसर कारवाही नहीं करेगा इस लिए छूटी वाले दिन शनिवार और रविवार को लेंटर डाले जाते हैं की कोई अधिकारी चलते काम को रोक न सके दुगरी के वार्ड नं 43 मे चुनावी दिनों में लगातार कितनी बिल्डिंग बन चुकी है और कितनी बन रही है मगर नगर निगम बिल्डिंग ब्रांच द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई अगर कोई शिकायत करता भी है तो बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारी बिल्डिंग बनाने वाले को शिकायत कर्ता की सूचना दे कर आ जाते हैं मगर कारवाही नहीं करते कही तो गली में आर पार पुल तक बना दिए गए हैं जिसकी आर टी ए द्वारा जानकारी भी मांगी गई मगर ए टी पी द्वारा न तो कारवाही की गई और ना ही आर टी ए का जवाब दिया गया आज भी पुल वैसे का वैसा ही खड़ा है

### इस विधानसभा सत्र में बजट किया जाए मंजूर -कुलदीप यादव



जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता, महेंद्रगढ़। सामाजिक संस्था सरताज जनसेवा ग्रुप के पीआरओ कुलदीप यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री के द्वारा महेंद्रगढ़ में 9 अप्रैल 2016, 21जुलाई 2018 और 24 फरवरी 2019 की रैलियों में की हुई घोषणाए अभी लंबित पड़ी है आईएमटी खुडाना का सरकार के द्वारा उद्घाटन करने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है।148बी हाईवे को भी आपकी सरकार सिर्फ एक टुकड़े को जो महेंद्रगढ़ से गुजरता है उसको कैंसिल करके वापिस पीडब्ल्यूडी विभाग को दे दिया जिसका टैंडर होने के बाद भी कार्य शुरू नही हुआ। महेंद्रगढ़ के एकमात्र किसान विद्यालय का काम भी आपकी सरकार शुरू नही करा पाई जो बंद पड़ा है। इसके अलावा सब्जी मंडी में किसानों के 25 कमरे के रेस्ट हाउस, खुडाना में सैनिक स्कूल, महेंद्रगढ़ सब्जी मंडी का तीन एकड़ के विस्तार, महेंद्रगढ़ नगरपालिका के विस्तार, महेंद्रगढ़ विधानसभा में दस पशु हस्पताल, अलवर से चरखी दादरी रेलवे लाइन, सतनाली अनाज मंडी में शेड, महेंद्रगढ़ मे रेंजागला शहीदी स्मारक की घोषणा भी सिर्फ घोषणा ही बनकर रह गई। दूसरी तरफ जिला मुख्यालय के लिए यहा की जनता अनेक संगठनों के माध्यम से आंदोलन कर चुकी है ,जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने स्वयं कई आश्वासन दिया कि आपका समाधान किया जाएगा।लेकिन हमारी इस मांग का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है,दूसरी तरफ सरकार जिले का नाम बदलने का पत्राचार कर रही है।उन्होंने कहा की एक तरफ तो सरकार समान विकास का दावा करती है दुसरी तरफ महेंद्रगढ़ के साथ ये अनदेखी क्यों। अगर सरकार सबका साथ और सबका विकास का दावा करती है तो महेंद्रगढ़ का विकास क्यों नहीं। उन्होंने एक पत्र मुख्यमंत्री को लिखकर मांग रखी की महेन्द्रगढ़ विधानसभा में सरकार द्वारा करी हुई मुख्य घोषणाओं के लिए इसी विधानसभा सत्र में बजट मंजूर करके काम शुरू करवाया जाए।

### श्री ठाकुर जी मंदिर में कलशयात्रा से हुआ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ



मदरलैंड संवाददाता, महेंद्रगढ़। नगर के मौहल्ला ढ़ाणी में स्थित श्री ठाकुर जी मंदिर प्रांगण में होली पर्व के मद्देनजर एक कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव का शुभारंभ किया गया। जनसेवा सरताज ग्रुप के पीआरओ कुलदीप यादव के सानिध्य में प्रारंभ करवाए गए इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री ओमसाईंराम इंटरनेशनल स्कूल/ बचपन प्ले स्कूल के चेयरमैन रमेश सैनी समाजसेवी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी सपरिवार थे। उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के प्रधान सोहन लाल भोलियान ने बताया कि रविवार से 13 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक वृंदावनधाम से पधारे श्री योगेश जी महाराज कथा व्यास के द्वारा व्यासगद्दी पर विराजमान होकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करवाया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो श्री ठाकुर जी मंदिर से प्रारंभ होकर करेलिया बाजार, सरार्फा बाजार, आजाद चौक एवं मसानी चौक से होते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंची। इस कलश यात्रा के दौरान 251 महिलाएं अपने सिर पर कलश उठाकर चल रही थी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान सोहनलाल भोलियान, उप प्रधान बालकिशन शर्मा, शेर सिंह सैनी मैनेजर अतर सिह , यादव ,उमेद यादव,सचिव राकेश शर्मा , पंडित ओमप्रकाश शर्मा,त्रिलोक शर्मा, अशोक सैनी,पूर्व प्रधान पतराम यादव, जगदीश प्रसाद सैनी, मदनलाल सैनी, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, मास्टर शिव कुमार , साधुराम सैनी, अमरनाथ, बिट्टू,, जोगेंद्र ,सहित नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### सीआईए नारनौल की टीम ने थाना सदर नारनौल क्षेत्र में एक युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। सीआईए नारनौल की टीम ने कल देर शाम थाना सदर नारनौल के गांव गोद बलाहा के क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक महेंद्रगढ़ चंद्रमोहन आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को अपराधियों को पकड़ कर उनपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनकी पालना के अंतर्गत सीआईए नारनौल की टीम ने नारनौल के गांव गोद बलाहा के क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक युवक को काबू किया। आरोपित की पहचान राहुल उर्फ लारा वासी गोद के रूप में हुई है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की टीम गोद बलाहा सर्विस रोड के नजदीक मौजूद थी कि बलाहा की तरफ से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस की टीम द्वारा नाकाबंदी को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से जाने लगा। जिसे टीम ने काबूकर नामपता पूछा तो युवक ने अपना नाम राहुल उर्फ लारा वासी गोद बतलाया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

दुगरी मार्किट में दुकानदार रेडी फड़ी वालो से वसूल रहे हैं महीना करी नगर निगम को शिकायत

## 30 हजार रुपए महीना दुकान का किराया दे कर भी दुकानों के बाहर गैर कानूनी तरीके से लग रही है रेडिया... कुलविंदर चोपड़ा

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता




लुधियानाः वार्ड नं 44 आत्म नगर हल्का दुगरी फेस वन मार्किट जो कि ग्लाडा द्वारा तैयार की गई है जहां पर कई दुकानदार किराए पर बैठे हैं जिनका गुजारा बड़ी मुश्किल से हो रहा है वही दुकानदार कुलविंदर चोपड़ा ने बताया कि कुछ दुकानदार अपनी बंद दुकानों के आगे रेडी फड़ी लगा कर रोज के पांच सो रुपए वसूल रहे हैं कार पार्किंग एरिया और पैदल चलने वालो का एरिया पूरी तरह रोक कर रेडी फड़ी के साथ टेबल तक लगा दिए हैं जिससे सभी दुकानदार तंग आ चुके हैं उन्होंने बताया कि नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर को भी शिकायत की गई है कि इस मार्किट से सभी रेडी फड़ी हटाई जाए जो कि गैर कानूनी तरीके से



लगी हुई है जिस की वजह से दुकानदारों का नुकसान हो रहा है और कार पार्किंग करने में भी मुश्किल आ रही है उन्होंने बताया कि दिन प्रतिदिन रेडियो की तादात बढ़ती जा रही है मगर अभी तक न तो ग्लाडा द्वारा कोई कार्रवाई की गई है और न हीं नगर निगम द्वारा जबकि उन्होंने सारी फोटो और वीडियो नगर निगम के अफसरों को भेज दी है उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सख्त कार्रवाई की जाए इस संबध में जब नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर नीरज जैन से बात हुई तो उन्होंने कहा कि सुप्रीडेंट की ड्यूटी लगा दी गई है और सख्त कार्रवाई की जाएगी

## उच्च विचारों वाली महिला थीं सकिंद्रा देवी : डॉ विनोद शर्मा

» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल का श्रीमती सकिंद्रा देवी ब्लॉक (उच्च विचारों वाली महिला) तैयार हो गया है। इस सुसज्जित ब्लॉक में 7 कमरे, लैब, पैंट्री, दो वॉशरूम ( स्टाफ और लड़कियां), दो वॉशरूम ( लड़के) शामिल हैं। इसका उद्घाटन जल्द ही मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से होगा। प्रिंसिपल डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि सकिंद्रा देवी उच्च विचारों वाली महिला थीं। शिक्षा के प्रचार- प्रसार में उसकी अगाध श्रद्धा थी। वह ज्ञान को व्यक्ति विशेष तक ही सीमित रहने की पक्षधर नहीं थी बल्कि समग्र समाज तक इसकी पहुंच को देखना चाहती थीं। ग्रामीण क्षेत्र में जीवन यापन करते हुए उन्होंने गांव के बच्चों और महिलाओं को अपना ज्ञान बांटा। वह शिक्षण संस्थाओं और शिक्षकों का बहुत सम्मान करती थीं। स्कूल की प्रबंधक अंजू



मोदगिल ने बताया कि ऐसे उच्च विचारों वाली महिला के नाम पर स्कूल के ब्लॉक को रखा जाना बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ अभियान के तहत एक सराहनीय कदम है। यह ब्लॉक ग्रामीण शिक्षा के लिए समर्पित रहेगा।

## दुगरी में पति पत्नी का हुआ हाई ड्रामा एक दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप






» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः दुगरी सी आर पी एफ कॉलोनी में रहने वाली हरप्रीत कौर ने बताया कि वो प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं और घर पर ट्यूशन पढ़ाती है शाम को उनके पति अमरजीत सिंह ने घर पर आ कर उनके साथ गाली गलोच की ओर उनके बेटे के साथ भी मारपीट की ओर फ्लैट को ताला लगा कर घर से बाहर निकाल दिया हरप्रीत कौर ने बताया कि पूरी रात वो घर के बाहर अपने बेटे के साथ रात काटी सुबह पुलिस ने आ कर उनको सीढ़ी से ऊपर चढ़ा कर घर में भेजा इस संबध में जब उनके पति अमरजीत सिंह से पूछा गया तो उन्होंने अपने बेटे के ऊपर आरोप लगाया कि उनके बेटे ने उनके ऊपर हमला किया है जिस की वजह से उनके सर पर छे टांके भी लगे हैं और उन्होंने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया कि वो गलत औरतों के साथ रहती है जिस कारण उन दोनो के बीच विवाद हुआ इस संबध में जब दुगरी पुलिस थाना के मंजीत सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि दोनो पार्टियों की जांच चल रही है बनती कारवाही की जाएगी

## एमसीएम ने एनआईएसपी पर सत्र का आयोजन किया

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और स्टार्ट-अप सेल ने 'रोल ऑफ एनआईएसपी इन कलटीवेटिंग स्टार्ट-अप कल्चर' विषय पर एक ऑनलाइन जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के लिए प्रमुख वक्ता कॉलेज के वाणिज्य विभाग से सहायक प्रोफेसर, डॉ. किरण जिंदल थीं। सत्र में कुल 73 छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया, प्रमुख वक्ता ने प्रतिभागियों को उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में स्टार्ट-अप संस्कृति में राष्ट्रीय नवाचार और स्टार्टअप नीति (एनआईएसपी) की भूमिका से परिचित कराया। सत्र के दौरान रिसोर्स पर्सन ने एनआईएसपी की विभिन्न विशेषताओं और एनआईएसपी के संबंध में एचईआई की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ० जिंदल ने छात्रों के साथ-साथ नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक संकाय सदस्यों को प्राप्त होने वाले आकर्षक प्रोत्साहनों के बारे में बताया। उन्होंने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के संबंध में कॉलेज की पहल पर भी चर्चा की। अंत में, डॉ. जिंदल ने कॉलेज के स्टार्ट-अप सेल को अपने स्वयं के उपक्रमों के लिए उद्योग विशेषज्ञों द्वारा सीड मनी और परामर्श प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को भी साझा किया प्राचार्या डॉ. निशा भार्गव ने छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमिता की योग्यता विकसित करने के लिए एमसीएम आईआईसी और स्टार्ट-अप सेल के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवाचार और स्टार्ट-अप की संस्कृति को बढ़ावा देना 'आत्मनिर्भर भारत' की कुंजी है।

## सीएमए और एसडी कॉलेज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य किया सेमिनार का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। चंडीगढ़ मैनेजमेंट एसोसिएशन और एसडी कॉलेज, सेक्टर-32 की ओर से कॉलेज के मिनी आडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सीएमए के पूर्व प्रेसीडेंट्स, लाइफ मेंबर्स और एसडी कॉलेज के छात्रों व फैकल्टी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पूर्व जज और राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, पंजाब की प्रेसीडेंट जस्टिस दया चौधरी मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम का थीम ह्यसशक्त नारी, सशक्त समाजह्न था। इस अवसर पर एक्सपर्ट स्पीकर डायटिशियन प्रियंका बांकेरिका थीं।

अपने संबोधन में जस्टिस दया चौधरी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाकर हम समाज को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अध्यात्म की भूमि-भारत ने हमेशा महिलाओं को सम्मान, गरिमा और समानता के साथ माना है। हमारे देश की महिलाओं की गरिमा की रक्षा और देखभाल करने के लिए बहुत सारे सामाजिक मानदंड बदल दिए गए। उन्होंने कहा कि इसने कई अनाचारों को भी जन्म दिया जिसने इन वर्षों में समाज के विकास और विशेष रूप से महिलाओं के विकास को प्रभावित किया। इसके लिए एक बदलाव की आवश्यकता है जिसे केवल ₹महिला सशक्तिकरण₹ द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है और यह परिवर्तन का समय अब है।

जस्टिस दया चौधरी ने आगे कहा कि ₹महिला सशक्तिकरण₹ शब्द का अर्थ समाज में पुरुषों और महिलाओं के बीच असमानताओं को दूर करने के समान अधिकार के साथ शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने मेंमहिलाओं को सशक्त बनाना है। समाज के उत्थान के लिए महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लाने के लिए महिलाओं की सामाजिक, व्यक्तिगत और व्यावसायिक स्थिति को मजबूत करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के स्लोगन के साथ हमारी महिलाओं को वास्तव में मजबूत बनना है और लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष को खत्म करना है।

चंडीगढ़ मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रेसीडेंट डॉ. दीपक जिंदल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य महिलाओं को वही अधिकार देना है जो पुरुषों को मिलता है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण राजनीतिक मामलों में भी भागीदारी की समान शक्ति देगा। इससे पहले डायटिशियन प्रियंका बांकेरिका ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ महिलाएं ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। महिलाएं हमारे घरों की असली सुपरहीरो होती हैं। महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करती हैं। महिलाओं का पोषण और फिटनेस पूरे परिवार की भलाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरा परिवार उन पर निर्भर है। कार्यक्रम में मंच का संचालन सीएमए के महा सचिव मनीष अग्रवाल ने किया।

## धर्मांतरण विरोधी बिल का विरोध कांग्रेस की राष्ट्रघाती व आत्मघाती नीति का परिचायकः विहिप




» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। विहिप चंडीगढ़ प्रभारी सुरेश राणा ने ब्यान जारी करते हुए कहा कि अवैध धर्मांतरण पर रोक संबंधी बिल का हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस ने और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने पत्रकार वार्ता में जिस क्रूरता से विरोध किया है उससे एक बार पुनः स्पष्ट हो गया है कि अब यह महात्मा गांधी की नहीं अपितु, ईसाई सोनिया कांग्रेस ही है। कांग्रेस का यह कदम राष्ट्र विरोधी और आत्मघाती है। उन्होंने कहा है कि एक ओर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महात्मा गांधी की कांग्रेस ने अनेक राज्यों में अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने हेतु कानून बनाए थे तो वहीं, आज सोनिया कांग्रेस उस कानून की विधानसभा में ही भ्रूण हत्या करने पर तुली है। कांग्रेस को अपने इस हिंदू-द्रोही कुकृत्य पर माफी मांगनी चाहिए। राणा ने कहा कि महात्मा गांधी की इच्छा थी कि भारत की स्वतंत्रता के तुरंत बाद अवैध धर्मान्तरण पर रोक हेतु एक कठोर कानून बने। शायद उसी का परिणाम भी था कि मध्य प्रदेश, उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में इस संबंध में कानून तत्कालीन कांग्रेस ने ही बनाए थे, जिसका विरोध किसी ने भी नहीं किया। किंतु अब जिस प्रकार बिल का विरोध कांग्रेस कर रही है उसने कांग्रेस के मुस्लिम लीगी चेहरे को बेनकाब कर दिया है।

विश्व हिंदू परिषद चंडीगढ़ (पंजाब) सोशल मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने कहा कि हरियाणा राज्य विधानसभा में बिल को क्रूरता पूर्ण तरीके से फाड़ कर उसने ना सिर्फ पीड़ित हिंदू समाज का अपमान किया है अपितु सदन की मयार्दा भंग कर अलोकतांत्रिक व्यवहार का परिचय भी दिया है। विश्व हिंदू परिषद इसकी घोर निंदा करती है।

## नगर परिषद के चुनावों को लेकर हुई बैठक



» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। नगर निकाय चुनाव को लेकर रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नारनौल नगर परिषद चुनाव के निमित्त भारतीय जनता पार्टी चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका संचालन समिति के अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नारनौल नगर परिषद चुनाव प्रभारी राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मौजूद थे। इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट, समिति सदस्य प्रदेश मंत्री मनीष मित्तल, जिला प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता विजयपाल आहलूवालिया एडवोकेट, गोविंद भारद्वाज, नारनौल मंडल अध्यक्ष मनीष संघी, चुनाव विस्तारक योगेश तंवर, एमिनिट पर्सन सीएम विंडो सुदर्शन बंसल, पूर्व चेयरमैन भारती सैनी, किशन लाल सैनी, माडूराम सैनी, कप्तान रमेश, नरेंद्र झिमरिया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव प्रभारी ने नारनौल नगर परिषद की राजनीतिक विचार विमर्श कर समीक्षा की और संभावनाओं को तलाश करते हुए अनेक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

## अनाथ गोशाला में सवामणी लगाकर लोगों को गौसेवा के लिए किया प्रेरित

» मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। रविवार को गो भक्तों के सहयोग से श्री श्याम खाटू गौसेवा दल रजिस्टर्ड नारनौल द्वारा नव वर्ष के दसवें सप्ताह को निजामपुर रोड स्थित श्री अनाथ गौशाला में हरी सब्जियों की सवामणी लगाई गई।

श्री श्याम खाटू गौसेवा दल के सदस्य रजनीश गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह किसी न किसी गौशाला में हरि सब्जियो की सवामणि लगाकर गौवंश की सेवा की जाती है। जिसमे सहयोग देकर शहर के अनेक जागरूक समाजसेवी भी पुण्य कमा रहे हैं। वहीं डॉ शिवकुमार ने अपील कि वे गाय माता के लिए चारे की व्यवस्था करने मे दान देकर सहयोग करे और पुन्य फल प्राप्त करे।

रविवार को टाइगर क्लब के उप प्रधान संजय सैनी व मुकेश वालिया ने सभी गौ सेवकों को जागरूक करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में गौसेवा को सभी सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ माना गया है, इसलिए हम सभी को अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य शुभ अवसरों पर गौशाला में सवामणी लगाकर इन बेजुबान गौमाता से आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

इस अवसर पर हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल, टाइगर क्लब के प्रधान जयप्रकाश अग्रवाल, युवा साथी ग्रुप के टिंकू प्रधान, स्वर्ग आश्रम प्रधान धर्मेंद्र सोनी, भगवान परशुराम सेवा समिति के प्रधान प्रभास छक्कड़, सेवादल के उप प्रधान हरीश गुप्ता, कैलाश सोनी पहलवान, भावेश सोनी, मुकेश वालिया, कृष वालिया गजेंद्र नंबरदार, भारत भूषण शर्मा, किशन बहल, दया किशन शर्मा, संजीव अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, काव्या अग्रवाल, मोहित अग्रवाल , वीरेंद्र यादव,राधिका, शुभम, पुरुषोत्तम कोशिक, अमरनाथ सोनी, मदनलाल सोनी ,सुनील मित्तल,धैर्य मित्तल, मोनू सैनी, पंकज लखेरा, शब्द लखेरा, जिगर लखेरा, आयुष शर्मा, होशियार लखेरा ,श्री अनाथ गौशाला के मैनेजर अनिल भारद्वाज, पुनीत भारद्वाज, व अनेक गोभक्त मौजूद थे।

# तोप के मुहाने पर खड़ी मानव सभ्यता और कमजोर पड़ते मानवीय मूल्य



सोनम लववंशी

साहिर लुधियानवी की एक नज्म है कि, ह्लखून अपना हो या पराया हो; नस्ल-ए-आदम का खून है आखिर। जंग मशरिक में हो कि मगरिब में, अम्न-ए-आलम का खून है आखिर।ह्व वर्तमान दौर में ये पंक्तियां एकदम सटीक बैठती हैं, क्योंकि जिस दौर में आज हम जी रहें हैं या कहें मानव सभ्यता जिस तरफ बढ़ रही है। उस मौजूदा हालात को देखकर यही अंदेशा लगाया जा रहा है कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रही है। दुनिया में अमन चैन जैसे शब्द अब बेमानी से लग रहे हैं। अभी चंद समय पहले ही दुनिया कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के भयाभय दौर से गुजरी है। एक ऐसी महामारी जिसका कोई इलाज नहीं, चंद पलों में ही लोगो ने अपनो को दम तोड़ते देखा है और ये किसी एक राष्ट्र की तस्वीर नहीं थी, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में इस महामारी के चलते जो मौत का तांडव हुआ उसे भला कौन भूल सकता है? देखा जाए तो इस महामारी के जख्म अभी भरे भी नहीं है कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की तरह बढ़ चली है। कोरोना महामारी ने विश्व को यह आईना जरूर दिखाया कि भले भी कोई देश कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो? भले ही परमाणु बम और अणुबम पर इतरा लें और महाशक्ति होने का गुमान क्यों न हो? लेकिन जब कोई महामारी मौत बनकर आती है। फिर 2022 में भी उसे सहजता के साथ टाला नहीं जा सकता है। इतना ही नहीं कोरोना काल में न सिर्फ अर्थव्यवस्था के पहिये लड़खड़ाये, बल्कि उल्लेखनीय बात है कि इस दौरान इंसान तक का मनोबल डगमगा गया। लोग डर के माहौल में जीने को मजबूर हो गए, लेकिन इस दौरान की जो एक विशेष बात रही। वह ये थी कि इस दौरान प्रकृति ने अपनी प्रवृत्ति नहीं बदली। ऐसे में दुनिया योग, प्राणायाम व शाकाहार की तरफ बढ़ी और आज इसी से प्रेरणा लेकर अमेरिका ने भी अपने 40 विश्व विद्यालयों में ह्यअहिंसा परमो धर्माःह्व का संदेश देते हुए सात्विक आहार से जुड़े पाठ्यक्रम को संचालित करने का निर्णय लिया है। जो न केवल कर्णप्रिय और सुकून देने वाला है, बल्कि एक सराहनीय पहल भी है। भले ही यह बहुत छोटी पहल हो पर अमेरिका जैसे देश का अहिंसा के प्रति झुकाव कई मायनों में अहम हो जाता है। पर मानव अपने स्वार्थ को त्याग दे यह भला कहाँ तक सम्भव है? आज यह कौन नहीं जानता कि युद्ध भले ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा हो, लेकिन इस युद्ध में अमेरिका का योगदान भी कम नहीं है। यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने का काम अमेरिका ने ही किया है। इस युद्ध के अपने कई मायने है और इतना ही नहीं सबके अपने-अपने स्वार्थ भी है, लेकिन क्या युद्ध किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है? नहीं ना!



गौरतलब हो कि दूसरी तरफ वर्तमान दौर में समूचा विश्व ग्लोबल वार्मिंग जैसे वैश्विक संकट को झेल रहा है। जिसका परिणाम आए दिन भूकम्प, बढ़ते जल संकट के रूप में सामने आ रहा है। इंसान स्वच्छ हवा-पानी तक को तरस रहा है। तो वहीं कोरोना का संकट भी अभी टला नहीं है। आए दिन नये-नये वेरिएंट लोगो पर मौत बनकर मंडरा रहे हैं। पर हमें इन सब बातों से भला कहाँ फर्क पड़ने वाला है? हमें तो आधुनिकता का नंगा नाच जो करना है। नित नए प्रयोग करना है, अणुबम बम से लेकर परमाणु बम तक का परीक्षण करना है। विश्व शक्ति बनना है। ऐसे में सर्वश्रेष्ठ बनने की चाहत में हम अपने ही विनाश की इबारत लिख रहे हैं। इसमें समूचा विश्व बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। आज भले ही हम अपनी तकनीकी पर इतरा ले लेकिन आने वाली पीढ़ी को हम बारूद के ढेर पर बैठा रहे है। हमें समझना होगा कि मानव मात्र की भलाई अणुबम और परमाणु बम पर नहीं बल्कि सत्य, अहिंसा और दयाभाव पर टिकी हुई है। इसे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। बल्कि हर मानव का यही धेय्य होना चाहिए कि उनके मन में दया और करुणा हो। लेकिन वर्तमान परिदृश्य को देखकर तो यही लगता है जैसे दो देशों का युद्ध महज समूचे विश्व के लिए मनोरंजन का साधन बन गया हो। किसी के दुःख दर्द को देखकर मानव संवेदना जैसे मर सी गई हो। दुनिया में भुखमरी, कुपोषण पर चर्चा हो न हो लेकिन किस देश के पास क्या और कितने हथियार है, कितने बम मिसाइल है इसकी चर्चा जोरों से शुरू हो गई है। ऐसे में हमें समझना होगा कि एक भूखे इंसान को हथियार नहीं बल्कि पेट भर अनाज चाहिए। अणुबम और परमाणु बम पर बैठकर अमन चैन की आस करना बेमानी है।

देखा जाए तो दुनिया में यूं तो समय-समय पर कई युद्ध लड़े गए। खून की नदियां बहा दी गई ,परमाणु हथियारों तक का प्रयोग हुआ। पर इन युद्ध से किसका भला हुआ? युद्ध के केवल दुष्परिणाम ही सामने आते है। रूस यूक्रेन युद्ध भी कुछ समय के बाद थम जाएगा, लेकिन इस युद्ध में जिन लोगो ने अपनो को खोया है क्या उसकी भरपाई की जा सकेगी? प्रकृति के प्रदूषण को हम युद्ध के कारण पल भर में कई गुणा बढ़ा देंगे क्या उसको कम कर सकेंगे? कीव जो कि यूक्रेन की राजधानी है। आज जहरीले हवा का गुब्बारा उसके आसमान में घूम रहा है। ऐसे में सवाल कई हैं, लेकिन प्रभुत्व की लड़ाई ऐसी है जिन्हें हम देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। आज नहीं तो कल हमें इसके दुष्परिणाम भुगतने ही होंगे। तब कोई हथियार कोई असलहा- मिसाइल काम नहीं आएगी। आंकड़ो की बात करें तो 2020 में भारत सैन्य खर्च के मामले में अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। फिर भी आए दिन पाकिस्तान और चीन अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ाये हुए है। भले ही पाकिस्तान में भुखमरी चरम पर हो लेकिन वहां की सरकार हथियार खरीदने में कोई कंजूसी नहीं करती है। भारत में अशांति फैलाने के लिए इन हथियारों का प्रयोग करती रहती है। वैसे यह पाकिस्तान को तय करना है कि उसके देश वासियों के लिए रोटी जरुरी है या फिर हथियार। वहीं अब कई देशों ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए अपना सैन्य बजट बढ़ाने की तैयारी कर ली है, जिसमें जर्मनी ने अपना सैन्य बजट 47 अरब यूरो से बढ़ाकर 100 अरब यूरो कर दिया है। ऐसे में समझ सकते हैं कि दुनिया अब अपने बच्चों को शिक्षा देने से ज्यादा हथियारों को इकट्ठा करने पर उतावली है। फिर मानव सभ्यता और उसके मानवीय मूल्य कहाँ टिकेंगे? यह अपने आपमें बड़ा सवाल है।

ऐसे में निष्कर्ष स्वरूप यह कहें कि आज हर देश की सम्पन्नता का पैमाना बदल गया है, तो यह अतिश्योक्ति नहीं और अब जिस देश के पास जितना ज्यादा हथियार है। वह देश उतना ही शक्तिशाली माना जाने लगा है। दो देशों के युद्ध में समूचा विश्व अपना नफा नुकसान तलाशने लगता है। उसे कोई फर्क नहीं पड़ता कि युद्ध के परिणाम क्या होंगे? कितने निर्दोष लोगों की जान चली जाएगी? लोग बेघर हो जाएंगे। मानव की प्रवृत्ति भी कितनी अजीब है कि कभी एक छोटे जीव की हत्या पर विश्व भर में कोहराम मचा देते है। आंदलोन की बाढ़ लग जाती है, लेकिन आज कोई देश आगे बढ़कर यह पहल करना ही नहीं चाहता कि युद्ध थम जाए। ऐसे में सवाल तो वैश्विक स्तर के संगठनों और महाशक्ति का दम्भ भरने वाले देशों पर भी है, लेकिन ये मानव प्रवृत्ति जो न करा दें। वह कम है, लेकिन अंतिम सत्य यही है कि युद्ध से किसी देश के संसाधनों पर कब्जा किया जा सकता, न कि वहां के लोगों के दिल जीते जा सकते। ऐसे में युद्व और उसमें इस्तेमाल होने वाले उपकरणों से सृष्टि विनाश की तरफ ही बढ़ेगी, लेकिन यह समझने को तैयार कौन है। सवाल तो यही है, वरना महाशक्ति बनने की होड़ तो सबमें है।

## संपादकीय



# रेलवे का कवच

भारतीय रेलवे के सुरक्षा इतिहास में शुक्रवार 5 मार्च का दिन नई इबारत लिखने वाला साबित हुआ। दो ट्रेनों को चंद मीटर के फासले से एक दूसरे से भिडने से रोक दिया गया। दरअसल यह रेलवे की नई स्वदेशी सुरक्षा तकनीक कवच के दम पर हुआ। इस इतिहास के साक्षी खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बने। कवच ने सामने से आ रही ट्रेन की भिड़ंत से पूर्व रेल मंत्री की ट्रेन को 380 मीटर पहले ही रोक दिया। तेलंगाना के सिकंदराबाद में ट्रेनों के बीच कवच का परीक्षण किया गया। एक ट्रेन के इंजन पर रेल मंत्री वैष्णव सवार थे तो सामने से आ रही दूसरी ट्रेन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व अन्य बड़े अधिकारी। यह परीक्षण सनत नगर-शंकरपल्ली खंड पर किया गया। कवच ऐसी स्वदेशी तकनीक है, जिसके इस्तेमाल से दो ट्रेनों की टक्कर रोकी जा सकेगी। यह दुनिया की सबसे सस्ती रेल सुरक्षा तकनीक है। जीरो ट्रेन एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस कवच का विकास किया गया है। यह स्वदेश में विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है। कवच को एक ट्रेन को स्वतः रोकने के लिए बनाया गया है। जब डिजिटल सिस्टम को रेड सिग्नल या फिर किसी अन्य खराबी जैसी कोई मैन्युअल गलती दिखाई देती है, तो इस तकनीक के माध्यम से संबंधित मार्ग से गुजरने वाली ट्रेन अपने आप रुक जाती है। इस तकनीक को लागू करने के बाद इसके संचालन में 50 लाख रुपए प्रति किलोमीटर का खर्च आएगा। यह दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है। दुनिया भर में ऐसी तकनीक पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च आता है। इस तकनीक में जब ऐसे सिग्नल से ट्रेन गुजरती है, जहां से गुजरने की अनुमति नहीं होती है तो इसके जरिए खतरे वाला सिग्नल भेजा जाता है। लोको पायलट अगर ट्रेन को रोकने में विफल साबित होता है तो फिर कवच तकनीक के जरिए से अपने आप ट्रेन के ब्रेक लग जाते हैं और हादसे से ट्रेन बच जाती है। इस तकनीक के अमल की घोषणा बजट में की गई थी। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत दो हजार किलोमीटर के रेलवे नेटवर्क को कवच तकनीक के दायरे में लाया जाएगा। अब तक, दक्षिण मध्य रेलवे की चल रही परियोजनाओं में कवच को 1098 किमी से अधिक मार्ग और 65 इंजनों पर लगाया जा चुका। यह तकनीक दिल्ली-मुंबई और दिल्ली हावड़ा कॉरिडोर पर लागू करने की योजना है। इस रूट की लंबाई करीब 3000 किलोमीटर है। केंद्र सरकार ने साल 2017 में एम-कवच ऐप को लॉन्च किया था। इससे यात्रियों को काफी सुरक्षा मिलेगी। बजट में रेल मंत्रालय को 140367.13 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो पिछले वित्त वर्ष से 20,311 करोड़ रुपए अधिक है। रेलवे ने दावा किया है कि इस कवच को ट्रेन में लगाने के बाद ट्रेनों के हादसे तकरीबन शून्य हो जाएंगे। कवज का पहला फील्ड ट्रायल फरवरी 2016 में शुरू किया गया था और मई 2017 में इसे पूरा कर लिया गया था। इसके बाद थर्ड पार्टी के द्वारा इसकी सुरक्षा का आकलन कराया गया। इसके बाद तीन फर्म को को आरडीएसो ने इसे तैयार करने के लिए चुना। पहले चरण में 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के लिए इसे फाइनल किया गया बाद में इसे 160 किलोमीटर प्रति घंटे से चलने वाली ट्रेनों के लिए फाइनल किया गया।

# अविश्वास,वर्चस्व व विस्तारवाद है हर युद्ध का कारण



तनवीर जाफरी

**ताजातरीन रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जो थ्योरी बताई जा रही है उसके अनुसार यूक्रेन को भरोसा था कि पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका ह्यनाटोह्न सदस्य देशों के साथ मिलकर उसकी मदद करेंगे। नेटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने यह कहा भी है कि रूस ने यूरोप में शांति भंग कर दी है। परन्तु फिलहाल अमेरिका या नाटो की ओर से किसी तरह की सहायता यूक्रेन को नहीं पहुंची है। उल्टे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने ही अमेरिका सहित नाटो देशों को चेतावनी दे डाली है कि वे दूर रहें अन्यथा परिणाम प्रलयकारी होंगे। नतीजतन यूक्रेन जो कि हर लिहाज से रूस के मुकाबले एक कमजोर देश है,को अकेले ही युद्ध की त्रासदी झेलना पड़ रही है। यूक्रेन के हजारों लोग अपनी जान बचाने के लिए पोलैंड, रोमानिया, हंगरी और स्लोवाकिया जैसे पड़ोसी देशों की ओर पनाह लेने के लिये जा रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर जेलेंस्की इस बात को लेकर भयभीत हैं कि राजधानी कीव पर रूस भीषण हमला कर सकता है। यूक्रेन में लोग पश्चिमी देशों की मदद की आस लगाये बैठे हैं। राजधानी कीव में हथियारों की दुकानों में बंदूक,गोलियां व अन्य शस्त्र समाप्त हो चुके हैं।**

आखिरकार पिछले कई महीनों से रूस व यूक्रेन के मध्य चल रही युद्ध की दुर्भाग्यपूर्ण आशंका हकीकत में बदल ही गयी। 1922 से लेकर 1991 तक यूनियन ऑफ सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक अर्थात (वररफ) के रूप में एक साथ रहने वाले रूस व यूक्रेन का एक दूसरे देशों से ऐसा विश्वास उठ जायेगा कि दोनों देश युद्ध के उस मोड़ पर जा खड़े होंगे जहाँ से तीसरे विश्व युद्ध की चर्चा होने लगेगी,यह सोचा भी नहीं जा सकता था। परन्तु आज यह



दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति दुनिया के सामने है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि एक देश अथवा संघ के रूप में कभी साथ रहे ऐसे देश जब कभी भौगोलिक दृष्टि से अलग होते हैं तो किसी न किसी कारण उन्हीं देशों में परस्पर ऐसी रंजिश हो जाती है कि बात युद्ध की विभीषिका तक आ पहुँचती है। युद्ध नामक इस ह्यसामूहिक नरसंहार ह्य को भी समय समय पर अलग अलग नाम दिये जाते हैं। कभी यह तेल के लिये होने वाली लड़ाई बताई जाती है तो कभी इसे हथियार उत्पादक देशों द्वारा अपने हथियारों की बिक्री के लिये रचा गया चक्रव्यूह बताया जाता है। कोई इसे ईसाई -मुस्लिम के बीच छिड़ा सभ्यता का संघर्ष परिभाषित करता है तो कोई इसे रंग भेद की संज्ञा देता है। यहाँ तक कि कुछ लोग अभी से यह भी भविष्यवाणी करने लगे हैं कि भविष्य में पानी के लिये भी विश्व युद्ध हो सकता है।

युद्ध की विभीषिका का सामना करने वाले देशों में जब बच्चों,बुजुर्गों व लाचार महिलाओं की चीत्कार सुनाई देती है। उस समय जेहन यह सोचने के लिये मजबूर हो जाता है कि संयुक्त राष्ट्र में बैठे एक से बढ़कर एक बुद्धिजीवी,दुनिया का बड़े से बड़े ह्यथिंकह्न टैंक संगठन,दुनिया के देशों में शासन करने वाले तथाकथित रणनीतिकार व राजनीतिज्ञ, कूटनीज्ञ गोया स्वयं को दुनिया का सबसे संभ्रांत व अभिजात वर्ग समझने वाले ह्यसफेद पोश ह्य लोगों के पास किन्हीं दो देशों के बीच पैदा होने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिये आखिर युद्ध ही एकमात्र रास्ता क्यों बचता है? और यदि युद्ध ही किसी विवाद का एकमात्र हल है ऐसे में युद्ध में मारे जाने वाले लोग जिनकी युद्ध के लिये न तो सहमति होती है ,न ही वे युद्ध में हिस्सा ले रहे होते हैं,ऐसे साधारण नागरिकों को बम बारी का शिकार बनाना,पूरा देश तबाह कर देना,बसे-बसाये आबाद शहरों को खंडहर में तब्दील कर देना,इंसानों की लाशों को चील कौवों का शिकार बनने के लिये छोड़ देना,क्या यही सब डरावनी परिस्थितियां दुनिया के अभिजात्य वर्ग के हाथों में होने का परिणाम हैं ? दुनिया के कई देश तो वहां के ह्यसनकीह्न शासकों की जिद व उनकी हठधर्मिता की वजह से बर्बाद हो चुके हैं।

इसी तथाकथित ह्यअभिजात ह्य वर्ग की एक और ह्यवैश्विक स्तरह्न की चतुराई देखिये। जिन हथियारों से बेगुनाह निहत्थों को मारा जाता है वह हथियार भी इन्हीं निरीह लोगों के टैक्स के पैसों से बनाये या खरीदे जाते हैं। परन्तु दुनिया के चंद गिने चुने लोग इन्हीं हथियारों से जब और जहाँ चाहें लाखों करोड़ों लोगों को मारने का फैसला कर बैठते हैं। जनता के पैसों से हथियार ही नहीं बनाया या खरीदा जाता बल्कि युद्ध थोपने या युद्ध का निर्णय लेने वाले इस राजनैतिक व प्रशासनिक रणनीतिकारों का शाही खर्च,इनका सारा ऐश-ो-आराम,सभी सुविधायें भी जनता के टैक्स के पैसों से ही पूरी की जाती हैं ? प्रायः पूरी दुनिया में करदाताओं द्वारा टैक्स अपने अपने देश के विकास व प्रगति के लिये दिया जाता है। परन्तु अनेक देश इन्हीं पैसों का इस्तेमाल अपने देश के रक्षा बजट पर करते हैं। यदि कोई देश परमाणु संपन्न देश बन गया तो वह अपनी उसी ह्यनरसंहारक ह्य उपलब्धि पर इतराता फिरता है। वह अपने प्रतिस्पर्धी अथवा दुश्मन देशों को ह्यपरमाणु ह्य बम की गीदड़ भपकी देता रहता है।


ताजातरीन रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जो थ्योरी बताई जा रही है उसके अनुसार यूक्रेन को भरोसा था कि पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका ह्यनाटोह्न सदस्य देशों के साथ मिलकर उसकी मदद करेंगे। नेटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने यह कहा भी है कि रूस ने यूरोप में शांति भंग कर दी है। परन्तु फिलहाल अमेरिका या नाटो की ओर से किसी तरह की सहायता यूक्रेन को नहीं पहुंची है। उल्टे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने ही अमेरिका सहित नाटो देशों को चेतावनी दे डाली है कि वे दूर रहें अन्यथा परिणाम प्रलयकारी होंगे। नतीजतन यूक्रेन जो कि हर लिहाज से रूस के मुकाबले एक कमजोर देश है,को अकेले ही युद्ध की त्रासदी झेलना पड़ रही है। यूक्रेन के हजारों लोग अपनी जान बचाने के लिए पोलैंड, रोमानिया, हंगरी और स्लोवाकिया जैसे पड़ोसी देशों की ओर पनाह लेने के लिये जा रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर जेलेंस्की इस बात को लेकर भयभीत हैं कि राजधानी कीव पर रूस भीषण हमला कर सकता है। यूक्रेन में लोग पश्चिमी देशों की मदद की आस लगाये बैठे हैं। राजधानी कीव में हथियारों की दुकानों में बंदूक,गोलियां व अन्य शस्त्र समाप्त हो चुके हैं। इन हालात में 1971 के उस भारत पाक के युद्ध की याद आती है जब पाकिस्तान अमेरिका द्वारा भेजे गये सातवें युद्ध पोत का इंतेजार ही करता रह गया और भारत की मदद से पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया। गोया कोई विकसित देश किसी दूसरे देश की लड़ाई अव्वल तो लड़ता नहीं और यदि युद्ध में कूदता भी है तो अपना हित व स्वार्थ देखकर। वैसे भी वियतनाम से लेकर इराक,अफगानिस्तान जैसे कई देशों में पूर्व में किये गये अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप व उनके परिणाम उसे बहुत कुछ सोचने के लिये मजबूर करते हैं।

जरा सोचिये कि यदि दुनिया का शासक वर्ग वास्तव में जिम्मेदार,संभ्रांत,अभिजात व बुद्धिजीवी वर्ग के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करे तो यह दुनिया कितनी सुंदर,प्रगतिशील,विकसित,खुशहाल व संपन्न होगी। ऐसे सुन्दर विश्व के निर्माण के लिये दुनिया के शासकों को अपनी उन पारंपरिक सोच का त्याग करना होगा जो आमतौर पर युद्ध का कारण बनती हैं। और वह सोच है अविश्वास,वर्चस्व तथा विस्तारवाद की।आज अधिकांश पड़ोसी देश एक दूसरे पर संदेह करते हैं। विस्तारवाद की नीति पर चलते हुये अनेक देश एक दूसरे की जमीन हड़पने की जुगत में रहते हैं। कुछ देश कभी अपना क्षेत्रीय तो कभी वैश्विक वर्चस्व बनाने के लिये युद्ध लड़ते हैं जैसे ताजातरीन रूस-यूक्रेन युद्ध जोकि रूस द्वारा यूक्रेन को बहाना बनाकर वैश्विक वर्चस्व के लिये लड़ा जा रहा है।

दुनिया के युद्ध विरोधी व अमन पसंद लोगों के लिये हर दौर में ह्यसाहिरह्न लुधियानवी की यह नज्म कितनी प्रासंगिक प्रतीत होती है कि -

खून अपना हो या पराया हो
नस्ल-ए-आदम का खून है आखिर
जंग मशरिक में हो कि मगरिब में
अम्न-ए-आलम का खून है आखिर
बम घरों पर गिरें कि सरहद पर
रूह-ए-तामीर जख़्म खाती है
खेत अपने जलें कि औरों के
जीस्त फाकों से तिलमिलाती है
टैंक आगे बढ़ें कि पीछे हटें
कोख धरती की बाँझ होती है
फतह का जश्न हो कि हार का सोग
ज़िंदगी मय्यतों पे रोती है
जंग तो खुद ही एक मसअला है
जंग क्या मसअलों का हल देगी
आग और खून आज बख़्शेगी
भूख और एहतियाज कल देगी
इसलिए ऐ शरीफ इंसानों
जंग टलती रहे तो बेहतर है
आप और हम सभी के आँगन में
शम्मा जलती रहे तो बेहतर है।


# (मध्यप्रदेश : बजट) अग्रसोची सरकार... अब बीस महीनें विकास के...!



ओमप्रकाश मेहता

मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव बीस महीनें बाद अर्थात् अगले वर्ष (2023) नवम्बर माह में होना है, किंतु राज्य की शिवराज सरकार ने उसकी तैयारी के संकेत अभी से शुरू कर दिये है, शिवराज जी ने शायद यह तय कर लिया है कि 2023 के विधानसभा चुनाव वे राजनीति ह्लफेबाजीह्य से नहीं बल्कि अपने कार्यों से प्रदेश के आम वोटर को प्रभावित कर जीतना चाहेगें और चूंकि प्रदेश नेतृत्व के सभी मन चाहे जनहित के कार्य सीमित अर्थव्यवस्था के चलते एक साल या एक बजट की समयसीमा में संभव नहीं है, इसलिए शिवराज सरकार इसी साल (2022-23) के बजट से विकास कार्यों के सम्पाद की शुरूआत करेगी और इसी साल के बजट में आर्थिक प्रावधान भी रखे जा रहे है। जिससे कि इस साल के बजट और अगले साल के चुनावी बजट के माध्यम से प्रदेश के जरूरी विकास कार्यों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा सके, अर्थात् आर्थिक दृष्टि से चुनावी तैयारियाँ इसी वर्ष से शुरू की जा रही है, इस कहते है ह्लअग्रसोचीह्य सरकारी पहल।

मध्यप्रदेश में पिछले उन्नीस सालों से भाजपा की सरकार है, यद्यपि 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को बहुमत मिला था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी थी किंतु वह सिर्फ पन्द्रह महीने ही चल पाई और युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत ने कांग्रेस सरकार को धराशायी कर दिया और प्रदेश में शिवराज जी की फिर सरकार बन गई। शिवराज जी 2005 से मुख्यमंत्री है, अर्थात् कमलनाथ सरकार के पन्द्रह महीनों को छोड़ शेष समय से अभी तक शिवराज जी ही मुख्यमंत्री है, किंतु अपने लगभग साढ़े सोलह साल के शासनकाल में शायद पहली बार शिवराज जी ने पूरे




योजनाबद्ध तरीके से अगले साल का विधानसभा चुनाव लड़ने और फिर से भाजपा की सरकार बनाने का निश्चय किया है और यह इस साल का राज्य का भावी बजट इसी ह्लअग्रसोची सोचह्य का परिणाम है, जबकि प्रदेश की विकास योजनाओं को वास्तविक रूप से मूर्तरूप देने की कार्य योजना तैयार की जा रही है और इस बजट में उसके प्रावधान भी संभावित है।

इस बार का बजट राज्य की जनसंख्या, किसान, मजदूर, बच्चें, महिला और यहां तक कि ह्लथर्ड जेण्डरह्य को भी दृष्टिगत रख तैयार किया गया है। वैसे बजट सरकार का एक गोपनीय दस्तावेज होता है, वह विधानसभा में प्रस्तुत होने के बाद ही उजागर होता है, किंतु जैसे कि कई स्तरों पर अनुमान लगाए जा रहे है, इस बजट में राज्य की अद्योसंरचना विकास पर खासा जोर दिया गया है, जिससे कि विकास को गति मिल सकेगी और इसके लिए लगभग चंवालिस हजार करोड़ का विशेष प्रावधान किया जा रहा है। सरकार आवास, पेयजल तथा गरीबी रेखा के नीचे के लोगों पर विशेष ध्यान देना चाहती है। इसके साथ ही सिंचाई व कृषि क्षेत्र से सम्बंधित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया जा रहा है तथा इसके लिए अभी से बजट प्रावधान रखे जा रहे है। गांवों को सड़कों से जोड़ने तथा पुल-पुलियाओं के लिए भी विशेष राशि आवंटित की जाने वाली है।

वैसे इस बजट से प्रदेश की जनता की आम उम्मीदें भी जुड़ी है, विशेष कर पेट्रोल-डीजल के टेक्स में कमी, सरकारी खाली पदों की पूर्ति, स्वरोजार के पर्याप्त प्रावधान, पानी-बिजली, सम्पत्ति सहित अन्यों की प्रचलित करों में कमी, सामाजिक पेंशन में वृद्धि तथा कर्मचारी वेतनवृद्धि भी जन उम्मीदों में शामिल है। यद्यपि सरकार के सामने पांच बड़ी चुनौतियां भी है जिनमें कोरोना बीमारी, सरकार का कर्ज, निवेश वृद्धि, स्वास्थ्य परियोजनाएं और अधोसंरचना ये पांच चुनौतियां भी है, जिनसे सरकार को मौजूदा दायरें में ही निपटना है।

इस प्रकार इस अग्रसोच के लिए जहां शिवराज सरकार को बधाई दी जानी चाहिये, वहीं उनके साहस की प्रशंसा भी की जानी चाहिये, क्योंकि देश में शायद पहली बार किसी राज्य की सरकार में सत्तारूढ़ राजनीति दल इतने योजनाबद्ध तरीके से चुनाव फतह करने का प्रयास कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### दनियावां के सलारपुर गाँव में पईन में डूबने से युवक की मौत

मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। दनियावा– रविवार को थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के खन्दा में पानी भरे पईन में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। इस संबंध में बताया जाता है कि सलालपुर गांव निवासी गेड़ा जमादार का पुत्र बिंदास बिंद 25 वर्ष रविवार की दोपहर अपने घर से सलालपुर गांव के टांड़ खन्दा में शौच करने के लिए गया था। इसी क्रम में पैर फिसलने से पानी भरे खाता व पाइन में गिरकर डूब गया, पईन में डूबने के घंटों बाद परिजनों के खोजबीन करने पर उसका शव मिला। शव मिलते ही परिजनों की चीत्कार से वहां का माहौल गमगीन हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना दनियावां थाने को दी मौके पर पहुंची दनियावां थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने यूडी केस दर्ज कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु पटना भेज दिया।

### सलारपुर पंचायत के तीन वार्डों के सचिव के चुनाव में धांधली करने का आरोप

मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। दनियावां–प्रखण्ड के सलारपुर पंचायत के तीन वार्डो क्रमशः बारह, तेरह और पंद्रह के ग्रामीणों ने वार्ड पार्षद व मुखिया के मिली भगत से वार्ड सचिव का चुनाव रजिस्टर पर साइन करा कर कराने की शिकायत करते हुए दनियावां प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार निगम को आवेदन दिया है और कहा है कि वार्ड सदस्य द्वारा बिना आम सभा कराए ही फर्जी साइन रजिस्टर पर करा कर तीनो वार्डों के चुनाव मुखिया के मिली भगत से करा लिया है।जो गलत है।इस सम्बंध में मुखिया से पूछा गया तो बताया कि यह आरोप निराधार है। वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रहीं है।

### मुखिया संघ अध्यक्ष पद के लिए गजाला प्रवीण ने पेश की दावेदारी



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष पद पर दावेदारी पेश करते हुए आलमपुर पंचायत की मुखिया गजाला प्रवीण ने कई मुद्दों पर विस्तार से बात करते हुए बैठक में उपस्थित मुखिया एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा प्रखंड मुख्यालय के करीब होने के नाते मुझे कई मुखियाओं का समर्थन प्राप्त है।मैं सभी के सुख–दुख में खड़ा हूं और रहूंगी साथ ही उन्होंने कहा थाना, हॉस्पिटल, प्रखंड सह अंचल कार्यालय आदि कई जगहों पर हो रहे घूसखोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करने में अपेक्षित सहयोग करूंगी साथ ही विकास के क्षेत्र में कई मुद्दों पर अधिकारियों से रूबरू होकर प्रखंड के समस्त प्रतिनिधियों को अपेक्षित सहयोग करूंगी आलमपुर मुखिया गजाला प्रवीण द्वारा बताया गया बैठक का मूल उद्देश्य संघ की अध्यक्ष पद के समर्थन के लिए रखा गया था।जिसमें कई लोग उपस्थित रहे एवं कुछ आवश्यक कार्य के कारण अनुपस्थित रहे जिसकी वजह से अगली बैठक शनिवार को रखी गई है।जिसमें सर्व सहमति से मुखिया संघ अध्यक्ष पद का चयन भी किया जा सकता है।वहीं उक्त बातों का समर्थन करते हुए कई मुखियाओं द्वारा कहा गया कि बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष पद के सर्व सहमति से चयन किया जाना है।इस मौके पर मुखिया महबूब आलम, प्रदीप घोष, मुखिया प्रतिनिधि मो. सादिक आलम आदि सहित जिला पार्षद सदस्य मनोवर आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### घर पर अकेली महिला से पड़ोसी द्वारा जबरदस्ती का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज, 10 लोग नामजद

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव में घर पर खाना बना रही अकेली महिला के साथ पड़ोसी द्वारा घर में घुसकर जबरदस्ती करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में डीह छपिया गांव निवासी मनु कुमार राम के कोर्ट परिवाद के आधार पर तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें राकेश राम, जगलाल राम, मुकेश राम, नितेश राम, दीपा राम, सरीता देवी, राहुल राम, संगीता देवी, दिनेश राम, सत्येंद्र राम को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि उनकी भाभी रमावती देवी घर में अकेली खाना बना रही थी उसी समय उनके पड़ोसी राकेश राम घर में घुसकर उनके भाभी के साथ जबरदस्ती करने करने लगे। विरोध करने पर कपड़ा फाड़ दिये, जिससे वह बेपर्दा हो गई। इस बात को लेकर जब वे लोग राकेश राम के दरवाजे पर पूछताछ करने गये तो गाली–गलौज करते हुए आरोपीगण मिलकर मारपीट कर घायल कर दिये। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### फर्जी बैनामा के आधार पर जमीन हड़पने की कोशिश

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के शामपुर–राजवाड़ा गांव में फर्जी बैनामा कागजात के आधार पर जमीन हड़पने की कोशिश और खेत में लगी सरसों की फसल को चोरी से काटने को लेकर दो नामजद समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें मुन्नीलाल साह, राजेश कुमार साह समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि मुनीलाल साह उनकी खरीद की बैनामा जमीन का फर्जी कागजात के आधार पर हड़पना चाहते हैं। जिसको लेकर मुन्नीलाल साह अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उनके खेत में लगी सरसों का फसल चोरी से काट लिये। जब वे मुन्नीलाल साह के दरवाजे पर पूछने के लिए गए तो उनके साथ हाथापाई की गई तथा जान से मार देने की धमकी दी गई। इस घटना में राजेश कुमार साह का षड्यंत्र शामिल है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## भागलपुर काजबलीचक एक मकान में बम विस्फोट, एक दर्जन से ज्यादा की मौत!

### दूर-दूर तक लोगों ने भूकंप के झटके जैसे किया महसूस, डरे सहमे हैं लोग

» मदरलैण्ड संवाददाता

भागलपुर। यूक्रेन में हो रहे बम धमाकों से परेशान शहर के लोग उस समय और सहम गए जब शहर के बीच काजवलीचक में देर रात एक भयानक विस्फोट हुआ. इस हादसे में एक दर्जन की मौत और आधे दर्जन से अधिक घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर चिंता व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. उन्होंने टवीटर पर जानकारी दी कि घटना को लेकर उन्होंने सीएम नीतीश से भी बात की है. भीषण विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधे दर्जन से अधिक लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. देखते ही देखते पुलिस, फायर ब्रिगेड आदि की सायरन बजाती गाड़ियों सड़क पर दौड़ने लगी. भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा होने लगे साथ ही डीआइजी, डीएम,



एसएसपी ने भारी पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंच हालात का जायजा लिया. विस्फोट के बाद पलक झपकते ही कई घरों के परखच्चे उड़ गए तो कई मकान धराशायी हो गए. चारों और चीख पुकार मचने लगी और लोग मलवों की ढ़ेर में अपने परिजनों को खोजने लगे. विस्फोट इतना भयावह था कि घटनास्थल से चार किलोमीटर की परिधि में आने वाले मकान में मौजूद लोगों ने तेज झटके वाले भूकंप के झटके महसूस किए. हालांकि घटना की सूचना पर पहुंचकर पूरा आलाकमान घटनास्थल पर है। समाचार लिखे जाने तक पिछले 18 घंटे से रेस्क्यू चलाया जा रहा है। जहां 15 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। क्षेत्र के लोग कहीं कोई बड़ी घटना की आशंका से डरे सहमे है। दरअसल इधर सूत्र बताते हैं कि विस्फोट संबंध में जानकारी आइबी ने भी दिया था। तो ऐसे में सवाल उठता है। आखिर प्रशासन अलर्ट क्यों नहीं हुई। जबकि नगर विधायक कांग्रेस के अजीत शर्मा खुद बताते हैं कि इस मकान में दो बार भी विस्फोट हो चुका है। बावजूद आखिर यहां कारवार कैसे किया जा रहा था यह बिना पुलिसिया मिली भगत से संभव हो ही नहीं सकता है। या फिर अगले पर राजनीतिक आकाओं का वरदहस्त हासिल था। ऐसे कई अनुत्तरित सवाल है लोगों के जेहन में जो पचा नहीं पा रहे हैं। खैर 20 घंटे बीतने को आए फिर भी लोग बाग मलबे के ढेर में अपने अपने को ढूंढ रहे हैं।

## शादी की नीयत से नाबालिक युवती को लेकर युवक हुआ फरार

### पीड़ित परिजन ने स्थानीय थाना में करवाया प्राथमिक दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। शादी की नीयत से एक नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर एक युवक फरार हो गया.घटना के संदर्भ में पीड़ित परिजनों ने स्थानीय थाना में फरार हुए युवक एवं उसके माता पिता व भाई के विरुद्ध प्राथमिक थाना कांड संख्या- 50/022 दर्ज करवाया है.खोदावन्दपुर पुलिस ने शनिवार की रात्रि आरोपित युवक को नाबालिक युवती के साथ सिवान से बरामद कर लिया. तथा पुलिस ने कोरोना जांच के बाद नाबालिक युवती को न्यायालय में 164 के तहत ब्यान दर्ज करवाने एवं गिरफ्तार युवक को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया.इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुदीन राम ने बताया कि प्रथम दृश्या यह मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है.हालांकि पीड़ित परिजन के द्वारा स्थानीय पुलिस को दिए गए आवेदन में उसने बताया है कि 23 फरवरी को बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के सदर बाजार टोला स्थित वार्ड दो निवासी मोहम्मद रज्जाक के पुत्र मोहम्मद अख्तर हमारी गोतनी की पुत्री यानी जैधि से शादी करने की नियत से उसे बहला फुसलाकर फरार हो गया था.उसके बाद इसकी शिकायत करने जब वह उसके घर पर गयी तो युवक के पिता-माता, भाई मोहम्मद असलम व मोहम्मद अकरम उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया. साथ ही उनलोगों ने पीड़ित परिजन को खामोश रहने की हिदायत देते हुए जान से मारने की भी धमकी दी.

## अफसरशाही के खिलाफ फूटा मुखिया संघ का आक्रोश!

» मदरलैण्ड संवाददाता

बाँका। बांका जिला के रजौन प्रखंड अंतर्गत विवाह भवन में रविवार को मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मृत्युंजय सिंह ने किया। बैठक में सरकारी योजना के अंतर्गत चलने वाले महात्मा गांधी रोजगार ग्रामीण गारंटी योजना पर विचार विमर्श किया गया। जहां सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि मनरेगा योजनाओं में कौन सी योजनाएं मुखिया करेंगे और कौन सी योजनाएं पंचायत समिति इसके लिए मुखिया संघ के एक शिष्टमंडल जल्द ही मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करवाएंगे। जबकि संघ के बैठक में कई नवनिर्वाचित मुखिया के दर्द छलक गए और उन्होंने प्रखंड मुख्यालय में हो रहे अफसरशाही की बात अध्यक्ष के सामने



रखा। जहां सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि अफसरशाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और इसके लिए आगे बात की जाएगी वहीं कई नए मुखिया ने पीआरएस द्वारा जॉब कार्ड नहीं बनाने का भी आरोप लगाते हुए। शिकायतों की बौछार कर दी। जबकि इस अवसर पर मुखिया प्रवीण कुमार सिंह, रविंद्र कुमार वर्मा, मनोज कुमार दास, दयाशंकर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू सिंह समेत सभी मुखिया मौजूद रहे।

## राजद उम्मीदवार कार्तिकेय कुमार ने कार्यकताओं के साथ की बैठक

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। फतुहा/ बख्तियारपुर-- रविवार को बख्तियारपुर विधानसभा के राजद विधायक अनिरुद्ध कुमार यादव के आवास पर राजद के नेताओं व कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बख्तियारपुर विधानसभा के बख्तियारपुर फतुहा और दनियामा प्रखंड के सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता और जनपतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक व पूर्व विधायक भोला यादव ने कहा कि बिहार के 24 विधान परिषद के सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवार चुनाव मैदान में है जिसमें 23 पर राजद समर्थित उम्मीदवार है और एक पर सीपीआई का उम्मीदवार है।उन्होंने पटना जिला के राजद उम्मीदवार कार्तिकेय कुमार



उर्फ मास्टर जी को भारी मतों से विजय दिलाने के लिए कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों को एकजुट होने का आह्वान किया। सभा को राजद के जिला अध्यक्ष देव मुनि सिंह यादव, पूर्व एमएलसी आजाद गांधी व मोकामा के दुलारचंद यादव, मृत्युंजय यादव, जगमोहन यादव ,कौशलेंद्र यादव और बनवारी यादव समेत दर्जनो लोगों ने सम्बोषित किया।इस मौके पर मनीष कुमार, रामयतन यादव, मुरारी यादव, कौशल यादव, गुड्डू कुमार, शंकर यादव, ककू सिंह संमेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## एएसओ मो0अख्तर अली का शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया हुवे सेवा से बर्खास्त एवं होगी प्राथमिकी दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। जिला मुख्यालय अंतर्गत रानीगंज(3) के शिविर प्रभारी सह विशेष सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर कार्यरत मो० अख्तर अली का शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी पुष्टि होने के बाद विभाग ने इनकी सेवा समाप्त कर दी हैं।इस मामले में भु अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक जय सिंह ने बंदोबस्त पदाधिकारी अररिया को फर्जी एएसओ अख्तर अली से अब तक की गई भुगतान की राशि वसूली करने के साथ - साथ सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निर्देशित किया हैं।

सूत्रों के अनुसार जिले में कई ऐसे कानूनगो है, जिन्होंने फर्जी प्रमाणपत्र से नियोजन पाने में सफलता पायी है।

फर्जी डिग्री पर नौकरी पाने वालों की पहुँच और पैरवी इतनी मजबूत है,इस मामले से ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि मो० अख्तर अली के फर्जी प्रमाण पत्र से नियोजन होने से सम्बंधित सभी साक्ष्यो साथ पीएमओ व सीएमओ कार्यालय एवं सम्बंधित मंत्री से शिकायत करने के एक महीने के बाद कार्रवाही की गई हैं। सूत्रों के अनुसार जिले में वर्तमान में कई ऐसे कानूनगों हैं जिन्होंने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन में सफल हो कर सर्वेक्षण कार्य मे सेवा दे रहे हैं। अब सवाल है कि कौन संरक्षण दे रहा हैं इन लोगो को, कौन हैं पर्दे के पीछे का खिलाड़ी।

विभाग के द्वारा 64 विशेष सर्वेक्षण अमीनो को फर्जी प्रमाण पत्र के मामले में सेवा से बर्खास्त किया गया हैं।

फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र के मामले में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा जनवरी 2022 में सुबे भर में 64 विशेष सर्वेक्षण अमीनो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया जिसमें अररिया जिला से भी दो आमीन थे।

## एमएलसी चुनाव में सरपंच व पंच को वोट देने का मिले अधिकार: जिलाध्यक्ष

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। एमएलसी चुनाव में ग्राम कचहरी के सरपंच व पंच को वोट देने का अधिकार मिलें.ऐसा नहीं किए जाने जाने पर सरपंच पंच संघ आंदोलन करेगी. उपर्युक्त बातें सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने मेघौल पंचायत के बिदुलिया गांव में सरपंच संघ की हुई बैठक में बोलते हुए कहीं. उन्होंने संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की.आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सरपंच संघ की अध्यक्ष सह जिला प्रधान महासचिव रानी वर्मा ने किया.बैठक में मेघौल की सरपंच उषा कुमारी, फफौत के सरपंच दिलदार हुसैन, बरियारपुर पश्चिमी के सरपंच नवीन प्रसाद यादव, दौलतपुर के सरपंच भोला पासवान, सागी की सरपंच प्रमिला देवी, बरियारपुर पूर्वी के सरपंच नैयर आलम, खोदावन्दपुर सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार के अलावे तरुण कुमार रौशन, सरोज कुमार, प्रभाकांत झा, शामिल थे. इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष श्री सिंह के द्वारा सरपंचों को डायरी, कलेण्डर एवं कलम देकर सम्मानित किया गया.

## जामा मस्जिद अररिया में अल्लाहताला के दरबार में दुआ कबूल हुई



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। ऐतिहासिक जिला अररिया का सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध ₹ जामा मस्जिद ₹ जिसे क्षमता के अनुसार बिहार की सबसे बड़ी मस्जिद का दर्जा प्राप्त है। बहुमंजिला इमारत होने के कारण यहां एक साथ दस हजार से भी अधिक लोग नमाज पढ़ सकते हैं। शहर के हटिया वाली सड़क के किनारे मौलवी टोला में ये ऐतिहासिक मस्जिद अवस्थित है। इस मस्जिद को तब्लिगी जमात का जिले का मरकज भी कहा जाता है।इस मस्जिद की रखरखाव के लिए आय के भी साधन मौजूद है। मस्जिद के तीनों किनारों पर दर्जनों दुकान मस्जिद की निजी संपत्ति है। मस्जिद में एक कमेटी भी बनी हुई है, जिसकी देख-रेख में सारा काम होता है।इस मस्जिद में ईमाम साहब ,अजान देने वाले मोअज्जीन के अलावा दर्जनों लोग कार्यरत हैं। जिले में कई तरह के सामाजिक मुद्दे पर कमिटी की भूमिका सराहनीय रही है।

₹ जमीयत ओलमा ए हिन्द अररिया ₹ ने कुछ वर्ष पहले जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता करने की जो पहल की थी वो काफी सराहनीय रही।

यूँ तो जामा मस्जिद की पहचान केवल अररिया में ही नहीं बल्कि बिहार और पूरे देश भर में है। अररिया शहर के लिए सबसे अच्छी बात तो यही है की हटिया रोड पर जहां उत्तर की तरफ जामा मस्जिद से अजान दी जाती है, वहीं दक्षिण तरफ स्थित ठाकुरबाड़ी से शिवमंदिर के घंटे की आवाज सुनाई देती है।

पूरे जिले में ये मस्जिद और मंदिर परस्पर साम्प्रदायिक सौहार्द की बेहतरीन मिसाल पेश करती है।ऐसे भी अररिया के बारे मे कहा जाता है कि अगर आपको बिहार में कहीं हिन्दू- मुस्लिम आपसी एकता ,प्रेम व भाईचारे की मिसाल देखना हो तो ₹ अररिया ₹ का नाम इस बेहतरीन मिसाल के लिए सबसे पहले आता है। अररिया के बारे में यह भी मशहूर है की ये जिला अमन पसंद लोगों का जिला है। यहां सभी धर्म व जाति के लोग एक दूसरे के साथ सभी पर्व -त्यौहार व शादी- विवाह के अलावा प्राकृतिक आपदाओं यथा बाढ़ ,भूकम्प ,कोरोना काल जैसे बुरे समय में एक- दूसरे के साथ ही खड़े मिलते हैं।

जामा मस्जिद के इमाम और जिले के विश्व प्रसिद्ध माँ खड्गेश्वरी काली मंदिर के पुजारी नानू बाबू हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल है और सभी पर्व-त्यौहार साथ में मिल-जुल कर मनाते है।

मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

गंगा -जमुना तहजीब से सराबोर ऐतिहासिक जिला अररिया में हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता और भाईचारे को सलाम₹

मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

गंगा -जमुना तहजीब से सराबोर ऐतिहासिक जिला अररिया में हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता और भाईचारे को सलाम...!!

## पटना के अपार्टमेंट में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा

### छापेमारी में दो युवती समेत चार गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना।एयरपोर्ट थाने के एक अपार्टमेंट में किराये का फ्लैट लेकर सेक्स रैकेट चल रहा था. इसका खुलासा उस समय हुआ जब पुलिस टीम ने शनिवार की रात करीब आठ बजे अपार्टमेंट के उक्त फ्लैट में छापेमारी की और मौके से चार युवतियों और तीन युवक को पकड़ लिया. पुलिस इन सभी से पूछताछ कर रही है. इसके साथ ही इन लोगों की निशानदेही पर अन्य जगहों पर चल रहे सेक्स रैकेट के भंडाफोड़ के लिए छापेमारी की जा रही है.



सेक्स रैकेट के भंडाफोड़

मामले की जांच करने के लिए खुद पटना के एसएसपी डॉ मानवजीत सिंह ढिल्लो, एएसपी सचिवालय काम्या मिश्रा एयरपोर्ट थाने पहुंच गयी थी. हालांकि इन अधिकारियों ने फिलहाल किसी के गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की. शनिवार की देर रात तक सभी से पूछताछ की जा रही थी. एएसपी सचिवालय ने बताया कि कुछ लोगों को पकड़ कर लाया गया है, पूछताछ की जा रही है. जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जा सकती है.

शराब पार्टी करने की सूचना पर पहुंची पुलिस

पुलिस को सूचना मिली कि जगदेव पथ इलाके के एक अपार्टमेंट के फ्लैट में शराब पार्टी चल रही है. इस सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां से चार युवतियों को पकड़ा गया. इसके अलावे उनके साथ रहे तीन युवकों को भी हिरासत में ले लिया गया. इन सभी को एयरपोर्ट थाना लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही थी. सूत्रों का कहना है कि उक्त अपार्टमेंट में फ्लैट लेकर सेक्स रैकेट का गोरखधंधा चल रहा था और अजनबी लोगों का आना-जाना था. इसके कारण ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी.

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। दनियावां--प्रखंड के सिगरियावां में स्थित ज्ञान स्थली इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन चिप साइंटिस्ट डॉ सुखदेव प्रसाद, दनियावां मुखिया नवनीत कुमार व विद्यालय के डायरेक्टर रवि रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।विद्यालय के 11 वें स्थापना दिवस, वार्षिकोत्सव के मौके पर बच्चे और बच्चियों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरआत की उसके बाद प्रथम वर्ग से दशम व ग्यारवीं वर्ग के छात्र-छात्रायों ने भारत के विभिन्न राज्यों के नृत्य, गीत, नाटक व देश भक्ति झांकी प्रस्तुत कर मौजूद हजारों लोगों व आगंतुकों का मन मोह लिया। इस मौके पर युवा समाज सेवी मुकेश कुमार, नवलाख सिंह, विद्यालय के प्रिंसिपल समेत हजारों की संख्या में छात्र- छात्राएं व अविभावक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने सुनी लोगों की समस्या,विकास कार्य का दिया भरोसा



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार।कदवा विधायक डा.शकील अहमद खान ने खाडी,अलहणडा,रिजवारपुर, रतनपुर,कस्बाटोली आदि गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।जिला परिषद प्रतिनिधि मुनतसीर अहमद ,प्रखंड अध्यक्ष अनसार काजमी, सनोवर आलम ने बताया की खाडी अलहणडा से मध्यम टोला तक सडक निर्माण की मांग को ले कर ग्रामीणों द्वारा धरना दिये जाने की सुचना पर विधायक वहां पहुंच कर लोगों से मिल कर बताया की उक्त सडक निर्माण की मांग को ले कर विधानसभा में तीन बार आवाज बुलंद किया गया है।ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा उक्त सडक का सर्वे करा लिया है।प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही सडक निर्माण कार्य शुरू होगा।वहीं रिजवारपुर पंचायत में मुखिया तहमीद सद्दाम की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण सड़क बनाने का प्रस्ताव दिया गया. मधाइपुर मुखिया असरार अहमद ने भैलागंज स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कर जनता से लिए इसे चालू कराने की मांग करते हुए कहा की वर्षों से यह स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर अवस्था में है।इस मौके शेखपुरा मुखिया प्रतिनिधि एकबाल हुसैन ने जीतवारपुर, गमारगाछी में महानंदा नदी के कटाव से तटबंध पर खतरा उत्पन्न होने की जानकारी देते हुए यहां कटाव रोधक कार्य कराने की मांग की है. क्षेत्र के लोगों ने बलिया बेलौन को प्रखंड बनाने की मांग, नल जल योजना में लापरवाही बरतने, खेती के बिजली मीटर लगाने में परेशानी की जानकारी विधायक को दी गयी।

### जाहिदी हत्या कांड में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

मदरलैण्ड संवाददाता] कटिहार।सालमारी ओपी क्षेत्र के खौरा चहटपुर गांव में विगत दिनों जाहेदी खातुन की गला रेत कर हत्या कर दिये जाने के बाद आजमनगर थाना कांड संख्या 49/22 के तहत केस दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा मामले के उद्भेदन एंव आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सर्च अभियान किया जा रहा था।मामले पर एसडीपीओ प्रेमनाथ राम के नेतृत्व में डाग स्क्वॉयड की टीम के साथ भी जांच की गयी है।सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया की इस हत्या कांड में एक आरोपी दानीस आलम को उसी गांव से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।घटना का जुर्म कबूल करते हुए कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी है।अन्य आरोपीयों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तिहार



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बलिया बेलौन थाना क्षेत्र के पंचायत चनदहर के समिति सदस्य के पति की विगत दिनों गोली मारकर हत्या कर दिये जाने के बाद नामजद आरोपी रियाज की गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय के आदेश पर बलिया बेलौन पुलिस ने आरोपी के घर इश्तिहार चिपका कर बजरीय नोटिस आत्म समर्पण करने का आदेश दिया है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बताया घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा है।लगातार छापेमारी अभियान चलाने के बाद भी इस की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।माननीय न्यायालय ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए बजरीय इश्तिहार आरोपी को आत्म समर्पण करने का आदेश दिया है।इसके बाद भी पकड में नहीं आता है।तो कुर्क जप्ती का आदेश जारी किया जायेगा।

### महानंदा नदी में मां काली की प्रतिमा का हुआ विसर्जन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर प्रखंड के गौरीपुर पंचायत अंतर्गत शाह नगर गांव में चल रहे चार दिवसीय सार्वजनिक काली मंदिर शाह नगर में मां काली की पूजा अर्चना श्रद्धा व भक्ति के साथ की गई। बता दे की फागुन अमस्या के रात इस मंदिर प्रांगण में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से पूजा अर्चना किया गया। जिसमें बिहार में पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं ने जमकर भाग लिया। वही रविवार को समापन के बाद मां काली का प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराकर महानंदा नदी में प्रतिमाओं को विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही भक्ति गीत की धुन पर लोगों में गजब का उत्साह दिख रहा था। वही विसर्जन के दौरान भक्तों द्वारा मां काली की जय कार लगाते हुए पूरा क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। श्रद्धालुओं ने मां काली से प्रार्थना किया कि क्षेत्र में शांति चमन का पैगाम हो। विसर्जन के दौरान भारी संख्या में महिला एवं पुरुष ने भाग लिया। गाजे बाजे के साथ मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वही पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण संपन्न हुई तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

## दिव्यांग विधवा वृद्ध ने तीन हजार राशि को लेकर जनमत संग्रह किया गया

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। दिव्यांगजनों के समस्या के समाधान हेतु दिव्यांगों का जनमत संग्रह, स्थानीय यज्ञशाला मैदान परिसर में कोशी क्षेत्रीय विकलांग, विधवा वृद्ध कल्याण समिति.सक्षम एवं कटिहार दिव्यांग महापरिवार के द्वारा सचिव शिव शंकर रमानी के देख-रेख में कराया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुऐ श्री रमानी ने कहा कि पिछले तीन साल से संस्था एवं दिव्यांग महापरिवार कई बार मांग पत्र प्रदर्शन भुख हड़ताल धरना के माध्यम से जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधिय एवं बिहार सरकार से मांग कर चुका है।परन्तु स्थिति यथावत बना हुआ है। पुनः दिव्यांगजनों के जागरूकता लाने एवं दिव्यागों को हताश,निराश परेशान,नहीं होने देने के लिए जनमत संग्रह किया जा रहा है। श्री रमानी ने बताया कि आज 04 साल से हो गया हैं।दिव्यांजन अधिकार अधिनियम 2016 एक्ट लोक सभा राज्य सभा पास हो कर महा महिम राष्ट्रपति का हस्ताक्षर कानून बन गया है। परन्तु जमीनी स्तर पर स्थानीय कार्यालय में जानकारी एवं लागु नहीं किया गया। इस अधिनियम का प्रति सभी कार्यालय में रखा जाये एवं तदनुसार कार्रवाई हो इस तरह महंगाई को देखते हुऐ एवं अन्य राज्यों कि तरह दिव्यांग विधवा वृद्ध कि पेंशन राशी न्युनतम तीन हजार रुपये जाये। श्री रमानी ने बताया कि कटिहार जिले में 283128 पेंशन धारी लाभार्थी है। जनमत संग्रह में दिव्यांजनों के द्वारा सैकड़ों मत आया कि दिव्यांजनों को बीपीएल श्रेणी में शामिल किया जाये। जिससे कि सभी को आयूषमान स्वस्थ कार्ड, इंदिरा आवास,शौचालय रोजगार,ऋण अंत्योदय अन्य योजना के तहत 35 किलोग्राम अनाज सस्ते दर पर मिल सके। श्री रमानी ने बताया कि जनमत में आया समस्या को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय प्रसारण को अवगत कराया जायेगा।

समाधान कि मांग करेंगी। समाधान नहीं होने कि स्थिति पर अंदोलन किया जायेगा।इस अवसर पर संस्था के विजय कुमार, लोको, जमाल, शमशेर अंसारी, अभय कुमार,सुमित्रा देवी, अशोक राय, अर्जुन प्रसाद, पुनम पासवान, जुली शर्मा, लक्ष्मी देवी, अजय कुमार, लेलुह मंडल, गुरदेव कुमार, सनातन कुमार, जितेंद्र कुमार,शेखू खान,इत्यादि मुख्य रुप से शामिल थे।

## 31 मार्च तक पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलेगा:प्रेम राय

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रखंडों के निचले स्तर तक डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए कटिहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम राय के अगुवाई में सभी प्रखंडों में दौरा किया गया। जहां उनके साथ जिला कांग्रेस के नेता जो प्रखंड के प्रभारी हैं। स्थानीय प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी कोटि के कांग्रेसी मौजूद रहते हैं। अपने रथ को लेकर क्षेत्र भ्रमण में निकले चौक चौराहा गली मोहल्लों में जाकर कांग्रेसी आम लोगों को सदस्य बनाते हैं। कांग्रेस का संदेश लोगों के बीच देते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम राय ने बताया कि अभी तक बरारी समेली मनिहारी और अमदाबाद प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया गया है। जहां बड़ी तादाद में लोग कांग्रेस का सदस्य बन रहे हैं। कांग्रेस को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। बढ़ती बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार को लेकर घिरी भाजपा सरकार के विरुद्ध लोगों में काफी नाराजगी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम राय ने बताया कि 13 तारीख को विशेष सदस्यता अभियान समाप्त होगा। 31 मार्च तक पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलेगा। इस अवसर पर बरारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह समेली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार सुमन मनिहारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बास्की यादव अमदाबाद प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद जुल्फिकार जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभु लाल पासवान जिला कांग्रेस महासचिव सत्यनारायण चौधरी अनरिकॉग्नाइज कांग्रेस अध्यक्ष रूमी खान जिला कांग्रेस प्रवक्ता राकेश यादव माधव पांडे सिकंदर मंडल मसरूर आलम संजय झा सौरभ कुमार मोहम्मद शहाबुद्दीन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## ई-बीआरसी में प्रयाश का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। मनसाही प्रखंड संसाधन केंद्र मनसाही में प्रयाश का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 43 शिक्षक इस प्रशिक्षण में भाग लिये। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के द्वारा विद्यालय से बाहर जो बच्चे पढ़ने नहीं आ रहे हैं उसे किस तरीके से विद्यालय में लाकर पढ़ाना हैं, इसकी पूरी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दिया गया।इस मौके पर प्रशिक्षक रामानंद पासवान ने कहा कि ई- बीआरसी मनसाही में चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया,जिसमें मनसाही प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 43 शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में भाग लिए थे जिसे आज समापन के उपरांत सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को अपने-अपने विद्यालय में योगदान करने के लिए विरमित कर दिया गया हैं।इस मौके पर श्री पासवान ने कहा कि सभी 43 प्रशिक्षु को विद्यालय से बाहर और अनामांकित बच्चे को विद्यालय में लाना हैं एवं खेल- खेल की विधि से उन्हें पढ़ाना भी हैं,विद्यालय में रोक कर सभी विषयों की पढ़ाई कराना हैं। इस प्रशिक्षण में 4 विषय में हिंदी, भाषा, गणित, कला की जानकारी सभी प्रशिक्षु को दी गई, साथ ही प्रशिक्षु को अपने पोषक क्षेत्र से बच्चे को लाकर विद्यालय में नामांकन करा कर उसे पढ़ाई करा कर शिक्षित करना हैं, इस प्रशिक्षण को अपने विद्यालयों में प्रयोग कर उसे धरातल पर उतारने का काम सभी प्रशिक्षु को करना हैं। वहीं प्रशिक्षक उत्तम कुमार ने कहा कि चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया, सरकार के निदेर्शानुसार जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं और अनामांकित बच्चे हैं, साथ ही जो बच्चे विद्यालय 28 दिन तक लगातार नहीं आते हैं, उसे विद्यालयों में लाकर विशेष तैयारी कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ना हैं,साथ ही उम्र के सापेक्ष जानकारी प्रदान करना हैं, छात्रों को किस वर्ग में नामांकन कराना हैं। साथ ही प्रशिक्षु को सिलेबस के आधार पर प्रशिक्षण दिया गया।सभी प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण शांतिपूर्वक लिया साथ ही विद्यालयों में बच्चों को जो परेशानी होता हैं उसे शिक्षक कैसे समाधान करेंगे इसकी पूरी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया। इस अवसर पर बीआरपी जगदीपन प्रसाद सिंह, रामानुज सुमन, प्रशिक्षक रामानंद पासवान,उत्तम कुमार लेखापाल अरुण कुमार, डाटा ऑपरेटर अंशु कुमार, प्रशिक्षु ऋषि कुमार मंडल, रत्नेश कुमार निराला, मो. मुजफ्फर इमाम ,जोशनारा खातून,अजय कुमार सिंह,जाकिर हुसैन,अनिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## वार्ड क्रियान्वयन समिति सचिव चयन को लेकर आयोजित बैठक चढ़ी हंगामे की भेंट

### विवाद सड़कों तक पहुँचा दो गुटों में हुई मारपीट

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड के आजमनगर पंचायत सरकार भवन प्रांगण में वार्ड संख्या10में वार्ड सदस्य मो.अंदलीप की अध्यक्षता में वार्ड सचिव के चुनाव को लेकर एक बैठक आयोजित हुई।जहां हंगामे के बाद दो पक्षों में जमकर विवाद शुरू होने की स्थिति में बैठक अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गयी।फिर क्या था देखते हीं देखते हंगामें से शुरू हुआ विवाद सड़कों तक पहुँच गक्त जहां दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गयी।धीरे धीरे दोनों पक्षों का विवाद स्वतःशांत हो गया वार्ड नंबर10में वार्ड क्रियान्वयन समिति के सचिव चयन को लेकर जहां एक पक्ष अपने लोगों में से एक व्यक्ति को चयन करने की बात रख रहे थे।तो दूसरे पक्ष से भी कुछ यही आवाज उठ रही थी।तभी इस दौरान सरकारी प्रावधान के मुताबिक क्रियान्वयन समिति के सचिव चयन किए जाने की बात कार्यपालक सहायक द्वारा दी गयी थी।परंतु कुछ लोग मानें और कुछ लोग मानने से इंकार कर गए।तभी आयोजत बैठक में दोनों गुटों में तू-तू मैं मैं होते-होते मामला बैठक से होते हुए सड़कों तक पहुँच मारपीट तक पहुँच गया।जहां दोनों पक्षों में जमकर मार-पीट हुई।मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यपालक सहायक द्वारा बैठक को तत्काल स्थगित कर दिया गया है।जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगा ग्रामीणों में कुछ लोग बीच बचाव में आगे आये बहुत देर बाद मामला शांत हुआ।समाचार प्रेषण तक किसी पक्षों से मामला थानें नहीं पहुँचा था।और इस बाबत कोई जानकारी भी स्थानीय पुलिस को नहीं है।

*कहते हैं वार्ड सदस्य मो.अंदलीपः-*

इस बाबत वार्ड10के वार्ड सदस्य मो. अंदलीप ने कहा क्रियान्वयन समिति के सचिव चयन के लिए बैठक आयोजित हुई थी।जहां दोनों पक्षों में आपसी सामंजस्य नहीं बनने के कारण उपजे विवाद और झड़प को देखते हुए चुनाव प्रक्रिया अगली तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गयी अब लगता है।कि सचिव चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की मदद लेनी होगी।अगली बैठक प्रखंड मुख्यालय में कराए जाने पर विचार किया जा सकता है।

वर्णित मामले की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी को दे दी गई है।

## सुतारा मेहीं मिशन स्कूल में 'तरंग द फिस्ट' बाल मेला का आयोजन

### स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों ने बाल मेले में जमकर लुत्फ उठाया

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार।

सुतारा मेहीं मिशन स्कूल कुरसेला में रविवार को 'तरंग द फिस्ट' बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विद्यालय की निदेशक पूनम प्रभात व प्रभात सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजन के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें चाट , टिक्की , चाउमिन , गुलाबजामुन , आइसक्रीम, मिल्क सेक , पानी पुरी , बर्गर सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल सजे थे। वही मेले में लगाए गए डान्स फ्लोर पर भी बच्चों ने जमकर नृत्य कर आनंद लिया। स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों ने बाल मेले में जमकर लुत्फ उठाया।

बाल मेले मे आए बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

आइसक्रीम तथा पानीपुरी के स्टॉल पर बच्चों की खासी भीड़ रही।

मेले में व्यंजनो का लुत्फ उठाने के लिए टिकट काउंटर लगाए गए थे। टिकट काउंटर पर टिकट लेने के लिए बच्चे व अभिभावकों की भीड़ लगी रही। वहीं मेले में लगे बलून सूटिंग स्टॉल पर बच्चों ने जमकर बलून सूटिंग किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यजीत सिंह ने बताया कि मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रबंधन क्षमता, व्यापार में लाभ हानि एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण पैदा करना तथा बच्चों का मनोरंजन करना है।

इस आयोजन को सफल बनाने में

विद्यालय के शिक्षक मुनमुन कुमार , सोनाली झा , रोहित कश्यप , आनंद शंकर , आलोक कुमार , शिवेश सिंह , दीपक कुमार , इमरान अंसारी ,

आशुतोष कुमार, ओमप्रकाश झा , मिथुन कुमार , सुबोध मानंधर , शिखा कुमारी , सुनीता गुप्ता , चंद्र भूषण , अमीत सिंह, विनय दास , राघवेंद्र नारायण सिंह

सहित विद्यालय के अन्य कर्मी का सराहनीय योगदान रहा।

## यूक्रेन से वापस लौटे अभिनव से मिले प्राणपुर विधायक



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। यूक्रेन से लौटे मनसाही के अभिनव से मिलने के लिए प्राणपुर विधायक निशा सिंह मनसाही अवस्थित उनके घर पहुंच कर उसका हाल चाल पूछा। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने अभिनव को बुके एवं मिठाई खिला कर उसका अभिवादन किया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि अभिनव के साथ-साथ बिहार के तमाम छात्र छात्राओं के सकुशल वापसी पर वे काफी हर्षित हैं, उन्होंने इसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि उनके द्वारा चलाया गए ऑपरेशन गंगा के तहत यूक्रेन में फसे सभी भारतीयों की सकुशल वतन वापसी की जा रही है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं उन्होंने कहा कि मोदी है तो हर कुछ संभव है। चाहे देश हो या विदेश हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डंका हर तरफ बज रही है और रूस यूक्रेन युद्ध विराम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को भी देख रही है। जल्द ही दोनो देशों के बीच युद्ध खत्म हो यह प्रयास हो रही है। इस अवसर पर अभिनव के पिता प्रदीप सिंह, भाजपा के अरुण सिन्हा, मुखिया मुकेश पासवान, अमित सिंह, सुमित सिंह, अजय दास, मुकूल यादव, अमित साह, पप्पू दास, सुशिल शर्मा, बबन सिंह, राजकुमार शर्मा, राजीव कुमार, कुन्नू झा आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि सालमारी-बारसोई पथ पर दो अलग-अलग दुर्घटना

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। सालमारी-बारसोई पथ पर दो अलग-अलग दुर्घटना घटित होने से लोग मौसम में हो रहे परिवर्तन से जोड़ कर देख रहे हैं।बताते चलें कि कटिहार जिले के सालमारी ओपी क्षेत्र के तेघड़ा पंचायत के पास एस एच 98 में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो गया है।जिसके की किसी भी जानमाल की क्षति नहीं हुआ है।वही ड्राइवर बाल-बाल बच गया।एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर फरार है।ट्रेक्टर पलटने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. जब एक्सीडेंट हुआ तब आस-पास में कोई भी गाड़ी या आदमी मौजूद नहीं था।सिर्फ ड्राइवर उछल के भागा।वही दूर से कुछ लोगों ने देखा कि ट्रैक्टर अनियंत्रण होकर ओवरलोड ट्रैक्टर साइड में जाकर पलट गया।वहीं दुसरा घटना ढोलमारा के पास और अनियंत्रण होकर आटो खेत में जा गिरा।आटो चालक सहित चार लोग बाल-बाल बचे।वही आटो पलटने से आसपास के लोग आकर बचाव करते हुए लोगों को बाहर निकाले और किसी को भी ज्यादा चोट नहीं लगा है।आटो क्षतिग्रस्त हो गया है।बताया जाता कि य आटो सालमारी से बारसोई जा रहा था।इस संबंध में सालमारी ओपी को किसी के द्वारा सूचना नहीं दी गयी।हलांकि इस तरह की घटना को लोग मौसम में हो रहे परिवर्तन से जोड़ कर इस लिए देख रहे हैं।क्यों इस वक्त आम के पेड़ों में मंजरों का आना और उससे गिरती मादकता के बीच फगुआ का समय नजदीक आते आते लोगों में आलस्यपन होने की स्थिति में नींद आने से भी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।इससे बचने के लिए हर प्रकार के वाहन चालकों को अगर सफर के दौरान नींद आये तो तुरंत रुक कर आंखों पर पानी का छिड़काव करें आप की सावधानी आप के आश्रितों की संजीवनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### देसी चुलाई शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 5 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मानपुर थाना अध्यक्ष विकास कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बंगाली कॉलोनी के पास से शराब लेकर जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ पर पहुंचा गया। वहां पहुंच तलाशी शुरू कर दी गई। तलाशी के दौरान बकुलहिया निवासी भगत मांझी को 5 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### पियक्कड़ को भेजा गया जेल

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा गस्ती के दौरान मटियरिया पुलिस ने महुई गाँव जाने वाली मोड़ के पास एक पियक्कड़ को दारू के नशे में धुत को शनिवार की संध्या पकड़ कर जेल भेज दी है इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गस्ती की गाड़ी जब थाने लौट रही थी महुई जाने वाली मोड़ के पास एक शराबी दारू पीकर लड़खड़ाता हुआ जा रहा थो जिसे गश्ती दल ने गिरफ्तार कर थाने लाई और उसे शराब पीने की पुष्टि होने पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दी गई।

### विधायक के पहल से कटिहार सिलीगुड़ी इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन शुरू



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार सिलीगुड़ी रेलखंड पर बीते कई दिनों से कटिहार सिलीगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन पर रोक लगा दी गई थी।ऐसे में एक बड़ी आबादी को एक जगह से दूसरी जगह आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।खास कर सरकारी दफ्तरों तक पहुंचने वाले कर्मचारियों को ज्यादा इसी को लेकर व्यवसाई वर्गों से सरकारी कर्मचारियों ने ट्रेन परिचालन कराने की मांग कदवा विधायक डॉ शकील अहमद खान से की थी।खान द्वारा रेल मंत्रालय को पत्र प्रेषित कर कटिहार बारसोई रेलखंड पर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन को लेकर पत्र लिखा गया था।उनके लिखे पत्र के आलोक में मालेगाव डिवीजन ने कटिहार रेल मंडल को इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को नियमित रूप से चलाने की हरी झंडी दी।जिसके बाद इंटरसिटी ट्रेन परिचालन की शुरूआत बीते दिनों हो गई।उक्त आशय की जानकारी सालमारी स्टेशन दे दी गयी है।इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों ने विधायक को बधाई दी है।उन्होंने कहा विधायक हो तो शकील अहमद खान जैसा कदवा विधायक डा शकील अहमद खान ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिख कर कटिहार से सिलीगुड़ी इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या15719एवं15720 को नियमित रूप से चलाने की मांग करते हुए कहा इस रूट के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण ट्रेन है।विगत 19 फरवरी से इंटरसिटी एक्सप्रेस को बंद कर रखा गया था।इस ट्रेन से अधिकांश रेल यात्री नौकरी पेशा,व्यवसाय वर्ग,चिकित्सा सुविधा के सिलीगुड़ी तक जाते हैं।ट्रेन के बंद हो जाने से इस क्षेत्र के नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पडता है।लोगों की परेशानी को देखते हुए अविलम्ब इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू कराने की मांग की गयी थी।जो पूरा हो गया।

### जलसा का आज होगा आयोजन तैयारी हुई पूर्ण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत क्षेत्र के मदरसा तालीमुल कुरआन तलघाट चापी में सातवां एक दिवस अजीमुश्शान इजलास ए आम जलसे का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। इसकी तैयारी पूर्ण कर लिया गया है। शाम से जलसे का भव्य रुप से आयोजन किया जाएगा। जलसा में बड़ी संख्या में मुस्लिम अकीदतमंद की शिरकत करने की बात मदरसे की सेक्रेटरी मोहम्मद हसन आलम, मो इब्राहिम ने कहा उन्होंने कहा कि जलसा को लेकर तैयारी कर ली गई है। 7 मार्च को यानी सोमवार को मगरिब के बाद से जलसे का सुरुआत होगा। इस कार्यक्रम में दूरदराज से आलिम व ओलमा तशरीफ रखेंगे। यूपी बंगाल सहित अन्य जगह से शरीक होंगे। जिसमें आसपास के सभी गांव का समर्थन व सहयोग से इस जलसे का आयोजन किया गया है। जिसमें पहुंचे आलिम द्वारा दिन इस्लाम के बारे में बताया जाएगा। दहेज की जो बुराई है खास करक समाज में दहेज नामक सामाजिक आपदा है। दहेज ना ले और ना दहेज दे यह सब समेत अन्य विषय पर भी बताया जाएगा।

## झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश इकाई की एक बैठक सम्पन्न

» मदरलैण्ड संवाददाता



गुमला। झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश इकाई की एक बैठक सह सम्मान समारोह गुमला जिला में संत इग्निशियस हाई स्कूल में अशोक कुमार मिश्र प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। सम्मान समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संयुक्त सचिव मदन कुमार के द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाली उत्क्रमित वेतनमान मध्यान भोजन से शिक्षकों को अलग रखने विद्यालय तक चावल पहुंचाने शिक्षकों को बेवजह परेशान नहीं करने शिक्षकों को परेशान नहीं करने के संबंध में विस्तृत निर्णय लिया गया साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि आज यह बैठक बहुत ही अहम है शिक्षक समस्याओं के साथ-साथ बैठक में मंडल जिला एवं प्रखंड का चुनाव कराने सदस्यता अभियान चलाने सदस्यता शुल्क जमा करने मनोनीत उपाध्यक्ष का पद सृजित करने महिला कोषांग का गठन यह आपके लिए काउंसलर का चयन संबंधी निर्णय लिया गया इस अवसर पर मुख्य संरक्षक श्री सुनील कुमार खवाड़े के द्वारा एकतीस हजार सहयोग राशि चेक द्वारा दिया गया संघ के द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।। सम्मान समारोह सेवानिवृत्त एवं संगठन के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने वाले निष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कुंदन कुमार झा राजेश कुमार मिश्र जयंती तिर्की सहित 10 सदस्यों को शोल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया आज की बैठक में महासचिव मंगलेश्वर उरांव ने संगठन की उपलब्धियों एवं शिक्षकों के समस्या निदान पर विस्तृत विचार को रखा आज की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र महासचिव मंगलेश्वर उरांव उपाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह गांधी जयंती देवी संयुक्त सचिव मदन कुमार रत्न संगठन सचिव मुकेश कुमार देवकांत मंडल जेरोम चेरमाको उप महासचिव उषा बैक जीवन नाथ तिवारी उपेंद्र प्रसाद अवधेश कुमार राम नीरज कुमार सुमन विलुंग संजय कुमार दास रसिक बास्के राजेश कुमार सहित हजारों शिक्षक उपस्थित थे मंच का संचालन नीरज कुमार अवधेश राम के द्वारा किया गया।

## शिक्षक की मृत्यु पर शोक की लहर

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। रानीगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय कोशीशरण घरबंधा मे कार्यरत शिक्षक दिलिप गार्ग्य के आकस्मिक निधन से शिक्षक समाज एवं क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि प्रखंड के बगुलाहा पंचायत के वार्ड संख्या 8 निवासी शिक्षक दिलिप गार्ग्य कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे जिनका रविवार को देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। शिक्षक अपने पीछे पत्नी एक बेटी दिव्या कुमारी और दो बेटे प्रिंस और आशिष को छोड़कर दुनिया से चल बसे, वही दोनों बेटे का आज अररिया यादव कॉलेज में पूर्णिया विश्वविद्यालय के पार्ट थर्ड का परीक्षा होना था , पिता को छोड़कर उन्हें सुबह परीक्षा देने के लिए अररिया जाना पड़ा।

इधर उनके मौत की खबर सुनते ही पूरे ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार आलोक, तरूण सिंह, प्रवीण कुमार, संतोष कुमार, सहायक अजय कुमार झा,अनिल कुमार, खास मित्र प्रदीप कुमार मंडल , हलेश्वर कुमार यादव, सरीता कुमारी, संदीप कुमार सिन्हा , अमरेन्द्र झा ,अरूण शार्मा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी कुमार गौरव, धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहित बगुलाहा पंचायत के सरपंच चुन्नू यादव समाजसेवी गौरव कुमार यादव छात्र दिलखुश झा ने कहा कि दिलीप कुमार शिक्षक होने के साथ-साथ वो समाजसेवी भी थे। वह समाज में रहकर लोगों के बीच हमेशा भाईचारे का संदेश दिया करते थे। शिक्षा क्षेत्र में उनका बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है।उनके निधन से प्रखंड को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई नहीं हो सकती।

## मेघा स्वास्थ्य जाँच शिविर में 500 लोगों का हुआ नि:शुल्क जांच

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय भितिहरवा के परिसर में रोटरी क्लब नरकटियागंज द्वारा सकारात्मक स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ नरकटियागंज के प्रमुख समाजसेवी वर्मा प्रसाद द्वारा कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार रोटरी द्वार का उद्घाटन रोटरी क्लब के जोन 5 के एजी केसर सिंह एवं रोटरी क्लब बेतिया सेंट्रल के चार्टर्ड अध्यक्ष प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार एवं हड्डी विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन कर रोटरी क्लब की स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्राओं के द्वारा आम्र पलव से बने मुकुट से अतिथियों का स्वागत किया गया।सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर कैम्प का आयोजन किया गया ताकि थारू बहुल क्षेत्र के लोगो को जिले के प्रसिद्ध चिकित्सको से निःशुल्क इलाज हो सके न्यू स्वदेशी सुगर मिल नरकटियागंज के प्रबंधक चंद्रमोहन सिंह के सौजन्य से मुफ्त दवा का वितरण किया गया। इस शिविर में मधुमेह जाँच, रक्त चाप ,वजन, स्त्री संबंधित रोग का जांच किया गया। कैंप का आयोजन पर कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य दीपेंद्र बाजपेयी ने बताया कि रोटरी क्लब के द्वारा थरुहठ क्षेत्र में कैंप का आयोजन कर महिलाओं और बच्चियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के दिशा में अनोखी पहल है। इस कैम्प में डॉ प्रमोद तिवारी,डॉ उमेश कुमार,डॉ रमेश चन्द्रा, डॉ सुभाष कुमार, डॉ एके सिंह, डॉ सुधा चन्द्रा, डॉ चित्रा, डॉ वरुण सिंहेश्वर, एवं डॉ बीके चौहान आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टैनली पिलाईई, कृष्ण कुमार पाठक, अवधकिशोर सिंह, दिनेश जायसवाल, अतुल कुमार,प्रमोद कुमार,शौखलाल जायसवाल, रोट्रेक्ट क्लब के चंदन कुमार, शशिकांत पाठक, अभिषेक कुमार आदि ने अपनी योगदान दिया। वही विद्यालय से प्रबंधन कमिटी के अध्यक्ष रामबाबू चौरसिया, सचिव दिनेश प्रसाद यादव, शिक्षक रवि रंजन कुमार, चंद्र किशोर महतो,दीपक पाठक, इंद्रजीत शर्मा, जितेंद्र यादव, हरेश काजी, दयाशंकर पटवारी, जोखन पटवारी, गोविंद कुमार, हेमन्त कुमार, पूजा कुमारी जयसवाल, सुंदरम कुमारी, वीना सिंह आदि उपस्थित थे।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय की 13 डिसमिल भूमि पर अवैध अतिक्रमण

**विधालय को 20 डिसमिल भूमि खाली व परती अवस्था में सौंपा गया था:अंचल अमीन**

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहां प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विधालय बैराबीन टोली को आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। विधालय को आवंटित भूमि की दो तीहाई हिस्से पर अतिक्रमण किया गया है। जिसके कारण विधालयी विकास और बच्चों का खेलकूद प्रभावित है। अंचल अमीन के पैमाईश से अतिक्रमण का मामला सामने आया है। जिसके कारण ग्रामीण अभिभावकों समेत शिक्षकों में गहरा रोष गहरा रहा है। अतिक्रमणकारी अतिक्रमित भूमि को अपना नीजि भूमि बता अतिक्रमण कर रहा था। इस बाबत प्रधान शिक्षक के आवेदन के आलोक में उक्त विधालय को आवंटित भूमि की पैमाईश अंचल अमीन ने शनिवार किया। जिसके बाद अतिक्रमण का मामला साफ जाहीर हो गया। गौरतलब हो कि उक्त विधालय हेतु शिक्षा विभाग की मांग पर अंचल द्वारा विधालय हेतु बीस डिसमिल भूमि का आंवटन किया गया था। अंचल अमीन समेत प्रधान शिक्षक हरिशचंद्र गुप्ता व ग्रामीण अभिभावकों का कहना है कि जब विधालय हेतु भूमि आवंटित की गई,तब आवंटित भूमि पूरी तरह खाली व परती अवस्था में था। भूमि आवंटन के पश्चात राजकीय प्राथमिक बैराबीन टोली का भवन बना। परिसर भी पूरी तरह खाली था। अब जबकि राजेंद्र यादव ने लगभग 13 डिसमिल भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। और इस अतिक्रमण से बच्चों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। विधालय के शिक्षकों समेत ग्रामीण अभिभावकों ने अतिक्रमण के विरूद्ध गहरी नाराजगी जताई है और इस ओर अंचल अधिकारी समेत स्थानीय मुखिया व सरपंच का ध्यान आकृष्ट कराया है। विधालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है। साथ ही शिक्षकों ने प्रशासन चाहर दिवारी कराने की भी मांग प्रशासन से किया है। कहा है कि समुचित परिसर के बिना बच्चे खेलकूद नही कर पा रहे है। जबकि पठन-पाठन के साथ बच्चों की मानसिक व शारीरीक विकास भी जरुरी है। और यह खेलकूद-क्रीड़ा के बिना संभव नही है। ऐसे में अतिक्रमणकारी की बदनियती के चलते पठन-पाठन करने आ रहे बच्चों के मानसिक व शारीरीक विकास की कल्पना नही की जा सकती। इस बाबत पूछने पर मुखिया शोभा देवी और सरपंच ब्यूटी तिवारी ने कहा कि विधालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सीओ को ग्राम पंचायत व ग्राम कचहरी से भी प्रतिवेदन भेजा जाएगा। मुखिया ने कहा कि विधालय परिसर को सुरक्षित करने के लिए चाहरदीवारी का प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल किया गया है।

## देवनाथपुर ठेगुआ गांव से बबेया मुख्य सड़क को जोडने वाली सड़क जर्जर

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। हसनगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवनाथपुर ठेगुआ गांव से बबेया मुख्य सड़क को जोडने वाली लगभग दो किमी कच्ची सड़क का पक्कीकरण कार्य नहीं होने से सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। जिससे उक्त सड़क पर आवागमन करना परेशानियों का सबब बना हुआ है। बताते चलें कि यह सड़क आपस में दो गांव को जोड़ती है। समेत मुख्य सड़क को जोडने वाली सड़क पक्कीकरण कार्य नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीण रूपेश कुमार चौहान ने कहा कि सड़क काफी जर्जर है। 2017 में आई प्रलयंकारी बाढ़ में सड़क काफी कट गया है। जिसमें आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि खास करके बरसात के दिनों में आवागमन इस होकर ठप हो जाता है। वाहन लेकर आवागमन नहीं कर पाते हैं पैदल पानी होकर चलना लोगों को मुश्किल साबित होता है बरसात के दिनों में। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अभी नहीं होगा तो कब होगा। विभाग और जनप्रतिनिधि से जल्द सड़क निर्माण कराने की ग्रामीणों ने मांग किया है।

## विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस की जीत तय: प्रेम राय

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकार चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को अपने आठ प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। जिसमें कटिहार से सुनील कुमार यादव को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया हैं। वही प्रत्याशी के नाम घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में जिला अध्यक्ष प्रेम राय की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कांग्रेस के कदवा विधायक शकील अहमद खान एवं मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह सहित एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्र भानु गुप्त, युवा अध्यक्ष मनी पासवान, विनोद यादव, संजय सिंह सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। वही जिला अध्यक्ष प्रेम राय ने कहा कि आगामी एमएलसी चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ कटिहार में चुनाव लड़ेगी और अपना परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस पूरी तरह एकजुटता के साथ एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव के साथ हैं। वही कदवा विधायक शकील अहमद खान ने कहा कि आगामी 14 मार्च को तमाम कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं मौजूदगी में एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव अपना नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर कांग्रेस की जीत तय है,क्योंकि अब सभी पंचायत प्रतिनिधि बदलाव चाहते हैं और उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है सभी कार्यकर्ता एमएलसी प्रत्याशी के साथ हैं। वहीं मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सुनील कुमार यादव को एमएलसी प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर तमाम कार्यकताओं में उमंग है। उन्होंने कहा कि आगामी एमएलसी चुनाव में कांग्रेस की जीत तय है, उन्होंने कहा कि एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव लगातार पंचायत प्रतिनिधियों के हक की आवाज को बुलंद कर रहे हैं ऐसे में जनप्रतिनिधि भी एमएलसी प्रत्याशी के साथ है और बदलाव चाहते हैं इसलिए कटिहार में कांग्रेस की जीत निश्चित है। वही किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास एवं चंद्र भानु गुप्त ने सुनील कुमार यादव को एमएलसी प्रत्याशित घोषित किए जाने के बाद कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने जो फैसला लिया है वह स्वागत योग्य है क्योंकि एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव का राजनीतिक जीवन अब तक बेदाग रहा है और वह निश्चित तौर पर पंचायत प्रतिनिधियों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। वही एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव ने कहा कि हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर, प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, बिहार प्रभारी भक्त चरण दास, समेत तमाम राष्ट्रीय से राज्य स्तर तक के नेतागण को धन्यवाद देते हैं और भरोसा देते हैं कि निश्चित तौर पर कटिहार जिले में कांग्रेस पार्टी की जीत होगी। वही मौके पर पार्टी के इश्तियाक आलम, नीरज पोद्दार, प्रह्लाद गुप्ता, चांद खान,सौरभ कुमार, सहित कांग्रेस के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 18 वर्षीय छात्रा की दुपट्टे से लटका मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। डंडखोरा प्रखंड के महेशपुर पंचायत अंतर्गत टिकैली गांव में हुए घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। दरअसल यहां एक 18 वर्षीय छात्रा की लाश उसके ही जलावन घर में संदिग्ध अवस्था में दुपट्टे से लटका हुआ पाया गया। मृतक छात्रा का नाम चांदनी कुमारी बताया जा रहा है जो कि टिकैली गांव निवासी गणेश मंडल का पुत्री बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार चांदनी इंटर की छात्रा थी जो इसी बार इंटर का एग्जाम दी थी जिसका शव उसके जलावन घर में संदिग्ध अवस्था में दुपट्टे से लटका हुआ मिला।वहीं परिजनों ने चंदनी की मौत को हत्या बताया है तथा परोस के ही महेंद्र मंडल तथा उनका पुत्र मोनू कुमार को चंदनी के हत्या का आरोपी बताया है। मृतक की माता रेखा देवी ने बताया कि बीते कुछ दिन पहले पड़ोस के ही महेंद्र मंडल और उसके पुत्र मोनू कुमार ने मृतक के परिवार से किसी बात को लेकर झगड़ा किया था जिसके बाद गुस्साए महेंद्र मंडल और पुत्र मोनू कुमार ने मिलकर चांदनी को मारकर गले में दुपट्टा डाल कर उसके ही घर में लटका दिया।

मृतक की बड़ी बहन गुड़िया कुमारी ने बताया कि जिस वक्त यह घटना घटित हुआ उस वक्त घर में चंदनी और उनका छोटा भाई सुभाष अकेले था चांदनी की मां किसी काम से बाहर चली गई थी और उनके पिता गणेश मंडल परदेश में मजदूरी कर घर चलाते हैं वही मृतक चांदनी की बड़ी बहन गुड़िया कुमारी बीए पार्ट थर्ड का एग्जाम देने के लिए केबी झा कॉलेज कटिहार गई थी इसी बीच आरोपी महेंद्र मंडली चांदनी को घर में अकेली पाकर उनके साथ मारपीट किया और उसे दुपट्टे से लटका कर मार डाला हालांकि यह बात कहां तक सत्य है इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन परिवार वालों ने सरासर आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री का हत्यारा पड़ोस के ही महेंद्र मंडल तथा उनका पुत्र मोनू कुमार है।

वही परिवार वालों ने घटना के पीछे पुरानी रंजीश को बताया है। वही घटना में आरोपी ठहराए गए महेंद्र मंडल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को गलत बताया है लेकिन हैरत करने वाली बात यह है कि जब उनके द्वारा इस घटना को अंजाम नहीं दिया गया तो फिर क्यों वह पैसे देकर इस मामले को रफा-दफा करना चाह रहा है पैसे देकर रफा-दफा करने की बात भरी पंचायत में महेशपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि,सरपंच प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख ,एवं गांव के कई गणमान्य व्यक्तियों के बीच किया जा रहा था। जहां मामले को दबाने के लिए हुए बातचीत का पूरा ऑडियो रिकॉर्डिंग मदरलैंड वॉइस के पास उपलब्ध है जिसमें आरोपी के द्वारा कुछ रुपए देकर मामले को रफा-दफा करने की बात चल रही थी लेकिन मामले को दबाने का प्रयास कहां तक गया यह बात अभी तक खुलकर सामने नहीं आई है। लेकिन सोचने वाली बात यह है कि जब महेंद्र मंडल आरोपी नहीं है तो फिर वह पैसे देकर क्यों मामले को दबाना चाह रहा है।

काफी देर पंचायती चलने के बाद जब बात नहीं बनी तो इस घटना की जानकारी डंडखोरा पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया पोस्टमार्टम के बाद अगले दिन रविवार को चांदनी का अंतिम संस्कार किया गया।

चांदनी की मौत गांव वालों के लिए अब तक एक पहेली बना हुआ है की चांदनी की मौत हुई है या फिर उसके साथ सचमुच में किसी तरह का अनहोनी हुआ है ?

वही मामले को आगे ना बढ़ाने के लिए पंचायत भी काफी जोर शोर से चला जिस पर एक भी लोगों के द्वारा मामले को आगे बढ़ाने की बात नहीं किया गया बल्कि सभी मामले को दबाना चाहते थे शर्म वाली बात है कि एक बेटी के साथ इस तरह का अनहोनी हो गया और गांव के कुछ लोग आरोपी को सजा दिलाने के बजाय उससे जुमार्ना लेकर उन्हें माफ करने का बात कर रहे थे। आश्चर्य करने वाली बात यह है कि पंचायती में कुछ शिक्षक भी थे जो इस तरह का शर्मनाक फैसला कर रहे थे गांव की एक बेटी का इस तरह से मौत हो जाना और मामले की गहराई से छानबीन ना करवाना पूरे समाज के लिए शर्मसार करने वाली बात है हालांकि इस घटना को लेकर डंडखोरा थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद पूरे मामले की जांच की जाएगी और आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाया जाएगा।

उक्त घटना में महेंद्र मंडल पर लगाए गए सभी आरोपों को मृतक के माता एवं उनकी बड़ी बहन के द्वारा दिये गया बयान पर लिखा गया है महेंद्र मंडल इस हत्या का आरोपी है या नहीं इस बात का अभी तक पुष्टि नहीं हुआ है और हम भी इसकी पुष्टि नहीं करते हैं।

# महिला दिवस 2022 महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर मनाएं



चंडीगढ़ : हर महिला को उसकी उम्र, रंग, जाति, या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से पृथक रहते हुए अपने सपनों की ओर बढ़ने में सशक्त होना चाहिए। अपने लक्ष्य पूरे करने के लिए महिला को सबसे पहले अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। वह केवल एक स्वस्थ मन व स्वस्थ शरीर की मदद से ही सफलता अर्जित कर सकती है। दुख की बात यह है कि अपने परिवार, समुदाय और अर्थव्यवस्था की सेहत बनाए रखने में महत्वपूर्ण व प्रभावशाली भूमिका निभाने वाली इस 50 फीसदी आबादी का स्वास्थ्य व सेहत काफी चिंताजनक है क्योंकि वो अनेक समाजों के सामाजिक-सांस्कृतिक तत्वों में गहराई तक समाए भेदभाव का शिकार हैं। इसी विचार के साथ रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ ने महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य व सेहत का मिशन शुरू किया है, और दुनिया से महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य व समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए साहसी, उचित एवं लंबे समय से अपेक्षित कदम उठाने का आह्वान कर रहा है। 5 मार्च और 6 मार्च को रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए 2 दिवसीय समग्र स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रहा है। इस महाविद्यालय में विभिन्न जातियों के 700 से ज्यादा विद्यार्थी एवं टीचर्स रहते हैं। 2 दिनों तक चलने वाले इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न जाँच की जाएंगीः स्तन, सर्वाईकल एवं ओरल कैंसर। डॉक्टर के परामर्श से मैमोग्राफी। एनेमिया एवं डायबिटीज के लिए खून की जाँच। आँखों की जाँच। जरूरत मंदों के लिए चश्मे का परामर्श। इस जाँचों के अलावा, अग्रणी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य के विभिन्न विषयों जैसे कैंसर पर जागरुकता व ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन होगा तथा स्तन कैंसर के लिए स्व-परीक्षण, सामान्य स्वास्थ्य, आंखों की देखभाल, एवं किडनी की देखभाल आदि के बारे में जानकारी वितरित की जाएगी। शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ गुरुकुल की 50 योग्य महिला विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप्स भी देगी, जो उन्हें हर माह प्रदान की जाएगी। ये स्कॉलरशिप वंचित परिवारों की उन महिला विद्यार्थियों को दी जाएंगी जो 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर आई हैं। इस कार्यक्रम में खेल में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार तथा पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ के अध्यक्ष, अनिल के अग्रवाल ने कहा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार के अवसर चिंताजनक हैं। हम वैश्विक नेतृत्वकताओं, परिवर्तन के दूतों एवं समाज से आह्वान करते हैं कि वो इस स्थिति का संज्ञान लेकर तत्काल कदम उठाएं, ताकि महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। हमें जागरुक रहने और दुनिया में व्याप्त पूर्वाग्रहों को तोड़ने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समग्र स्वास्थ्य शिविर महिलाओं की जीवन प्रत्याशा बढ़ाकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने और महिला सशक्तीकरण करने के रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ के उद्देश्य की ओर अगला कदम है। हमारा यकीन है कि उद्देश्य, जोश एवं हर दिन, हर जगह सेहतमंद जिंदगी संभव बनाने के वादे के साथ हम पृथ्वी की आधी आबादी ही नहीं, बल्कि पूरी आबादी की मदद कर पाएंगे। हम अपने समुदाय में महिलाओं को बेहतर केयर व इलाज प्रदान करने का वादा करते हैं।

# चालू वित्त वर्ष में अमूल को कारोबार 18 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद




नई दिल्ली, एजेंसी। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाली भारत की अग्रणी डेयरी सहकारी संस्था जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक आरएस सोढ़ी ने कहा कि बेहतर मांग के चलते चालू वित्त वर्ष में कारोबार में 18 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है और यह 46,000 करोड़ रुपए के करीब रह सकता है। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशनलिमिटेड (जीसीएमएमएफ) ने कोविड-19 महामारी के बीच वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 39,200 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। उन्होंने कहा कि मक्खन, आइसक्रीम, दूध जैसे सभी उत्पादों की मांग में सुधार हुआ है। मात्रा के लिहाज से भी वृद्धि करीब 15 फीसदी रहेगी। पिछले वित्त वर्ष में जीसीएमएमएफ के कारोबार में मामूली वृद्धि हुई थी। इस दौरान कोविड-19 महामारी के चलते लागू लॉकडाउन के कारण आइसक्रीम की बिक्री में 35 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्था प्रतिदिन 150 लाख लीटर दूध बेचती है, जिसमें गुजरात लगभग 60 लाख लीटर, दिल्ली-एनसीआर 37 लाख लीटर और महाराष्ट्र 20 लाख लीटर का योगदान देता है। अमूल पंजाब, उत्तर प्रदेश और कोलकाता में भी दूध बेचती है। अमूल ने चालू वित्त वर्ष में दूध की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी की है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कोडा की भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रमुख ऑटो विनिमार्ता स्कोडा भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों को लांच करने की योजना बना रही है। उसका मानना है कि देश में अगले कुछ वर्षों के दौरान हरित गतिशीलता खंड में काफी तेजी आएगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक जैक हॉलिस ने हालांकि कहा कि कंपनी की निकट भविष्य में सीएनजी वाहन लाने की कोई योजना नहीं है। उनसे जब पूछा गया कि क्या कंपनी देश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पेश करने की सोच रही है, तो उन्होंने कहा कि हमें ईवी खंड में उतरना होगा, क्योंकि हम भारत में दीर्घकालिक भविष्य की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि 2030 तक बाजार का 25-30 फीसदी हिस्सा इलेक्ट्रिक कारों का होगा और हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम अपनी भूमिका निभाएं, इसलिए हम इलेक्ट्रिक वाहनों को बाजार में लाएंगे। हॉलिस ने कहा कि ऑडी और पोर्श जैसी फर्मों ने भारतीय बाजार में हाई-एंड इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश शुरू कर दी है। स्कोडा की ईवी पेशकश की समयसीमा के बारे में पूछने पर हॉलिस ने कहा कि कोई समयसीमा नहीं दे सकता, क्योंकि यह अभी भी विचार-विमर्श की स्थिति में है।

### वैश्विक बाजार में कच्चा तेल में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की वजह से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव में जबरदस्त उछाल आया हुआ है। वहां पर कच्चे तेल का भाव 111.5 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाहाकार मचा हुआ है तो वहीं भारत में घरेलू तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नवंबर 2021 से तेल के दाम स्थिर बने हुए हैं। गौरतलब है कि हर दिन सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ईधन के दामों से वैट चार्ज को कम किया था ईधन के दामों से वैट चार्ज को कम किया था गौरतलब है कि पिछले साल 4 नवंबर को केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को हटाया था उसके बाद से राज्य सरकारों ने भी ईधन के दामों से वैट चार्ज को कम किया था, जिसके बाद तेल के दामों में कमी आई थी लेकिन आज भी कई राज्यों में एक लीटर पेट्रोल का दाम 100 रु प्रति लीटर से ज्यादा है।

### झारखंड में बीसीसीएल ने बनाया रिकॉर्ड

रांची, एजेंसी। कोल इंडिया की सहायक कंपनी बीसीसीएल ने पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने की तुलना में फरवरी 2022 में कोयला उत्पादन और प्रेषण में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। कोल इंडिया की सहायक कंपनी बीसीसीएल का उत्पादन इस साल फरवरी में 61 प्रतिशत बढ़कर 32.4 लाख टन हो गया। इसके अलावा फरवरी महीने में कोयला ऑफटेक 66 प्रतिशत बढ़कर 29.3 लाख टन रहा, जो एक रिकॉर्ड है। कंपनी ने कहा कि बीसीसीएल ने पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने की तुलना में फरवरी 2022 में कोयला उत्पादन और प्रेषण में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है।

### बीएसई ने एमएसएमई की सूचीबद्धता बढ़ाने एम-टीआईपीबी से किया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी। बीएसई ने तमिलनाडु सरकार के एमएसएमई व्यापार और निवेश संवर्धन ब्यूरो (एम-टीआईपीबी) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य सूचीबद्धता के लाभ के बारे में राज्य के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच जागरूकता बढ़ाना है। बीएसई ने कहा कि इस साझेदारी के तहत एम-टीआईपीबी जिला उद्योग केंद्रों के माध्यम से एसएमई प्रतिनिधियों को पूंजी जुटाने में सहायता करेगा और अपने एमएसएमई सदस्यों को क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। बीएसई तमिलनाडु में छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को सूचीबद्धता (लिस्टिंग) संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और अन्य मदद देगी। इसके अलावा, बीएसई पूरे तमिलनाडु में एसएमई के बीच सूचीबद्धता के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बौद्धिक और जनशक्ति सहायता भी प्रदान करेगा। एम-टीआईपीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीएसई ने भारतीय पूंजी बाजार के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है। तमिलनाडु एसएमई को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म में सूचीबद्ध करके आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने का अवसर प्रदान करेगा। बीएसई देश में पहला स्टॉक एक्सचेंज था, जिसने एमएसई मंच शुरू किया। एसएमई प्लेटफॉर्म ने मार्च 2012 में अपना काम शुरू किया। तब से 363 से अधिक कंपनियों ने बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया है और 4,000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं।

### सरकार ने ओएमएसएस नीति में किया संशोधन: खाद्य सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने थोक उपभोक्ताओं और निजी व्यापारियों के लिए खाद्यान्न की खुली बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) में संशोधन किया है, जिसके तहत पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण माफ किए गए परिवहन शुल्क को फिर से बहाल कर दिया है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने यह जानकारी दी।

# विदेशी निवेशकों का घटा भरोसा, भारतीय बाजारों से मार्च में अब तक निकाले 17,537 करोड़



नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी एफपीआई का भारतीय बाजार से पैसे निकालने का सिलसिला जारी है। एफपीआई ने मार्च के 3 ट्रेडिंग सेशन में भारतीय बाजारों से 17,537 करोड़ रुपए की निकासी की है। विदेशी निवेशकों की मौजूदा धारणा रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से उत्पन्न अनिश्चितता से प्रभावित हुई है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने 2 से 4 मार्च के दौरान इक्विटी से 14,721 करोड़ रुपए और डेट सेगमेंट से 2,808 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स में 9 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे कुल नेट आउटफ्लो 17,537 रुपये करोड़ हो गया। गौरतलब है कि एफपीआई अक्टूबर, 2021 से लगातार भारतीय बाजारों से निकासी कर रहे हैं। फरवरी, 2022 में एफपीआई की निकासी मार्च, 2020 के बाद सबसे ऊंची रही है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा युद्ध से उत्पन्न अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से वैश्विक स्तर पर बाजार की धारणा प्रभावित हुई है।

# रूस-यूक्रेन जंग और विधानसभा चुनावों के नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की चाल



नई दिल्ली, एजेंसी। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल रूस-यूक्रेन युद्ध, वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान, तेल की कीमतों और विधानसभा चुनावों के नतीजों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा चीन और अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। भू-राजनीतिक अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है। इसके अलावा घरेलू स्तर पर 10 मार्च को विधानसभा चुनावों के नतीजे भी महत्वपूर्ण हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर रूस-यूक्रेन युद्ध एक महत्वपूर्ण कारक है, जो अस्थिरता का कारण बनेगा। इसके अलावा अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े 10 मार्च को घोषित होंगे, जिस पर भी वैश्विक बाजारों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि कमोडिटी की कीमतें बढ़ रही हैं। खासतौर से कच्चे तेल की कीमतें, जो 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब हैं, भारतीय बाजार के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। इसलिए कच्चे तेल की कीमतों पर बाजार की नजर रहेगी। इस हफ्ते रूस-यूक्रेन संकट और कच्चे तेल पर इसके प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू मोर्चे पर प्रतिभागी 10 मार्च को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा 11 मार्च को आईआईपी के आंकड़े भी आने हैं। बीते सप्ताह तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजारों में गिरावट का रुख रहा। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,524.71 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 413.05 अंक गिरा। बाजार के जानकारों ने कहा कि शेयर बाजार की दिशा भू-राजनीतिक तनाव से काफी प्रभावित होगी। युद्ध के दौरान जिंसों और कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और मुद्रास्फीति के आंकड़े अमेरिकी फेडरल रिजर्व की अगली कार्रवाई में महत्वपूर्ण संकेतक बन सकते हैं।

# इस सप्ताह सेंसेक्स में 1500 अंकों की रही गिरावट



मुंबई, एजेंसी। शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह बहुत बुरा रहा। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1525 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। आखिरी कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 54333 के स्तर पर और निफ्टी 16245 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स इस सप्ताह आठ महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ है। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घटकर 246.79 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह बीएसई का मार्केट कैप 249.97 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस सप्ताह शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में 3.18 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई। यूक्रेन पर रूस के हमले से वैविक बाजार पर काफी दबाव है। इसके अलावा फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में भी बढ़ोतरी कर सकता है। विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से लगातार निकासी कर रहे हैं। मार्च में अब तक फॉरन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स शेयर बाजार से 14721 करोड़ की निकासी कर चुके हैं। इस साल अब तक एफपीआई ने शेयर बाजार से कुल 83616 करोड़ की निकासी की है। एक तरफ विदेशी निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। दूसरी तरफ डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बड़े पैमाने पर खरीदारी कर रहे हैं। पिछले पांच महीने से इन्होंने खरीदारी की बात करें तो फरवरी में इन्होंने 42084 करोड़, जनवरी में 21928 करोड़, दिसंबर में 31231 करोड़, नवंबर में 30560 करोड़ और अक्टूबर में 4471 करोड़ की खरीदारी की।

# जीएसटी काउन्सिल की अगली बैठक में सबसे कम टैक्स स्लैब को 5 से बढ़ाकर 8 फीसदी करने की तैयारी




नई दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोल-डीजल और खाने के तेल के दाम बढ़ने के बाद अब आम आदमी पर महंगाई की एक और मार पड़ने वाली है। सरकार जीएसटी की सबसे कम स्लैब पर टैक्स की दर बढ़ा सकती है। इसका असर सीधे आम आदमी पर पड़ेगा।

दर असल, जीएसटी काउंसिल की होने वाली अगली बैठक में सबसे कम टैक्स स्लैब को 5 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी किया जा सकता है। इसके साथ ही जीएसटी व्यवस्था में छूट की सूची को कम किया जा सकता है। राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति इस महीने के अंत तक अपनी रिपोर्ट जीएसटी काउंसिल को सौंप सकती है। इसमें सरकार की कमाई यानी राजस्व बढ़ाने के लिए अलग-अलग कदमों का सुझाव दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि जीएसटी की सबसे निचली दर को 5 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी करने से सरकार को अतिरिक्त 1.50 लाख करोड़ रुपये का सालाना राजस्व मिल सकता है। इस स्लैब में मुख्य रूप से पैकेज्ड खाद्य पदार्थ शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि वित्त मंत्रियों की समिति अगली बैठक में एक तीन स्तरीय जीएसटी संरचना पर भी विचार कर सकती है। इसकी दरें 8, 18 और 28 फीसदी हैं। अगर प्रस्ताव पास हो जाता है तो सभी वस्तुओं और सेवाओं पर वर्तमान में 12 फीसदी टैक्स लगता है, जो इसके बाद 18 फीसदी के स्लैब में आ जाएगा।

फिलहाल जीएसटी के चार स्लैब हैं। 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी। लग्जरी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टैक्स लगता है। लग्जरी और सिन गुड्स पर सबसे अधिक 28 फीसदी स्लैब के ऊपर सेस लगता है। इस सेस कलेक्शन का उपयोग जीएसटी के आने के बाद राज्यों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए किया जाता है। जीएसटी परिषद की अगली बैठक में उन वस्तुओं की संख्या को कम करने का भी प्रस्ताव किया जा सकता है, जिन्हें जीएसटी से छूट दी गई है। इस समय अनपैक्ड, अनब्रांडेड खाद्य और डेयरी वस्तुओं को जीएसटी से छूट दी गई है।

# अब मदर डेयरी ने भी बढ़ाई दूध की कीमत




नई दिल्ली, एजेंसी। मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में दूध की कीमत में दो रूपए प्रति लीटर का इजाफा हो गया है। खरीद लागत में वृद्धि होने के कारण की जा रही यह मूल्य वृद्धि रविवार से प्रभाव में आ गई है। इससे पहले अमूल और पराग मिल्क फूड्स दूध की कीमत दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा चुके हैं। मदर डेयरी ने कहा कि खरीद लागत, ईंधन की कीमत और पैकेजिंग सामग्री की कीमत बढ़ने के कारण मदर डेयरी को दिल्ली-एनसीआर में दूध की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि करनी पड़ रही है जो छह मार्च से प्रभाव में आ गई है। रविवार से फुल क्रीम दूध की कीमत 59 रुपए प्रति लीटर होगी जो अभी 57 रुपए प्रति लीटर है। टोन्ड दूध 49 रुपए प्रति लीटर, डबल टोन्ड दूध 43 रुपए प्रति लीटर, गाय का दूध 51 रुपए प्रति लीटर हो गया है। टोकन वाला दूध 44 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 46 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मदर डेयरी ने हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी दूध के दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाए हैं। इन क्षेत्रों के अलावा अन्य इलाकों में दूध के दामों में चरणबद्ध तरीके से बढोतरी होगी। मदर डेयरी का दूध देश के 100 से अधिक शहरों में मिलता है। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी प्रतिदिन 30 लाख लीटर से अधिक दूध बेचती है।

# प्यूमा, पेपल और कई बड़ी कंपनियों ने रूस में बंद किया काम




मुंबई, एजेंसी। युद्ध के खिलाफ लामबंद होते हुए प्यूमा कंपनी ने रूस में अपने उत्पादों की आपूर्ति और अपने स्टोर्स बंद करने का ऐलान किया है। इसके अलावा पेपल और एडोब ने रूस में अपना कामकाज बंद कर दिया है। साथ ही आईबीएम ने भी रूसी बाजार से अपना कारोबार समेटने की घोषणा की है। इन सब कंपनियों के अलावा वीजा, मास्टर कार्ड ने भी रूस में परिचालन निलंबित करने का ऐलान किया है। कंपनियों ने कहा कि वे आने वाले दिनों में रूस में सभी लेनदेन बंद कर देंगे। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध पिछले लगभग 11 दिनों से लगातार जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को देश को रूस के आक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए अमेरिकी सीनेटरों से और अधिक विमान भेजने के लिए का आग्रह किया है। वहीं यूक्रेन के मारियुपोल और वोल्नोवाखा से लोगों को निकालने के लिए लागू किया गया सीजफायर टूट गया है। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक मारियूपोल में रूसी सेना ने सीजफायर तोड़ दिया है जिसके बाद मानवीय कॉरिडोर से आम लोगों को निकालने की प्रक्रिया सुरक्षा कारणों से रोक दी गई है। उधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आगाह किया है कि मॉस्को यूक्रेन पर किसी भी तीसरे पक्ष की नो-फ्लाई जोन की घोषणा को ह्इस लड़ाई में भागीदार के रूप में माना जाएगा।

# रियल एस्टेट सेक्टर में विदेशी निवेश बढ़कर 23.9 अरब डॉलर पहुंचा



मुंबई, एजेंसी। देश के रियल एस्टेट सेक्टर में विदेशी निवेश 2017 से 2021 के दौरान इससे पिछले पांच वर्षों की तुलना में तीन गुना से अधिक बढ़कर 23.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स और इंडस्ट्री बॉडी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कोलियर्स ने भारतीय रियल एस्टेट में विदेशी निवेश पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक निवेशकों ने 2016 में नियामक सुधारों से उत्साहित देश के जमीन-जायदाद क्षेत्र में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। कंपनी ने कहा कि विदेशी निवेशकों ने 2017 से देश में अधिक उम्मीद के साथ निवेश करना शुरू किया है। इससे पहले विदेशी निवेशक भारत के रियल एस्टेट इंडस्ट्री में पारदर्शिता की कमी के कारण निवेश करने से बचते थे। आंकड़ों के अनुसार देश के रियल एस्टेट सेक्टर में 2017 से 2021 की अवधि के दौरान विदेशी निवेश बढ़कर 23.9 अरब डॉलर हो गया, जो 2012 से 2016 की अवधि के बीच 7.5 अरब डॉलर था। वहीं भारतीय अचल संपत्ति क्षेत्र में 2012 से 2021 के दौरान कुल निवेश बढ़कर 49.4 अरब डॉलर हो गया। इसमें विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 64 फीसदी है। इसके अलावा भारतीय रियल एस्टेट में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 2017-2021 के दौरान बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई, जबकि इससे पिछले पांच साल की अवधि में यह 37 फीसदी थी। परामर्श कंपनी के अनुसार विदेशी निवेश में अमेरिका और कनाडा से निवेश का हिस्सा 2017 के बाद से प्रत्येक वर्ष 60 फीसदी से अधिक रहा है।

# भारत ने पहले टेस्ट में श्रीलंका को एक पारी और 222 रनों से हराया

## जडेजा रहे मैन ऑफ द मैच

मोहली, एजेंसी। नये कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज में भी जीत के साथ शुरूआत की है। भारतीय टीम ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम श्रीलंका को एक पारी और 222 रनों से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले रविन्द्र जडेजा को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। जडेजा ने पहली पारी में नाबाद 175 रन बनाने के साथ ही गेंदबाजी के दौरान पहली पारी में पांच जबकि दूसरी पारी में चार विकेट लिए। इस प्रकार उन्होंने कुल 9 विकेट अपने नाम किये। जडेजा के शतक से भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 574 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद श्रीलंकाई टीम अपनी पहली पारी में 174 रनों पर ही आउट हो गयी। पहली पारी के आधार पर 400 रनों से पीछे होने के बाद फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में भी श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 178 रनों पर ही आउट हो गई। इस प्रकार श्रीलंका को




एक पारी और 222 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा।

तीसरे दिन जैसे ही आर अश्विन ने लाहिरू कुमारा के रुप में श्रीलंका की टीम का आखिरी विकेट लिया भारतीय टीम को जीत मिल गयी। अश्विन ने लाहिरू को 4 रनों पर ही आउट कर दिया। श्रीलंका की टीम को दूसरा झटका भी अश्विन ने ही दिया। अश्विन ने पाथुम निसांका को 6 रन पर आउट किया।

वहीं श्रीलंका की टीम का 9वां विकेट तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने लिया। शमी ने विश्व फनार्डों को शून्य पर ही पेवेलियन भेज दिया।

लसिथ एम्बुलडेनिया ने भारतीय गेंदबाजों को रोकने का प्रयास किया पर जडेजा ने उन्हें पेवेलियन भेज दिया।

इसके बाद जडेजा ने सुरंगा लकमल को अपना शिकार बनाया। पहली पारी की तरह ही लकमल दूसरी पारी में भी खाता नहीं खोल पाये।

अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज को जडेजा ने 28 रन बनाकर पेवेलियन भेज दिया।

अश्विन ने चरिथ असलंका को 20 रन पर आउट कर श्रीलंकाई टीम को पांचवां झटका लिया। विराट कोहली के हाथों कैच आउट करवाकर भारतीय टीम को 5वीं सफलता दिलाई।

श्रीलंका को चौथा विकेट डीसिल्वा के रूप में गिरा वह जडेजा की गेंद पर श्रेयस के हाथों 30 रन बनाकर पेवेलियन लौटे।

कप्तान दिमुथ करूणारत्ने 27 बनाकर शमी का शिकार बने।

श्रीलंकाई टीम की दूसरी पारी की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और फॉलोऑन के बाद बल्लेबाजी के लिए पहुंची श्रीलंकाई टीम ने अपना पहला विकेट गंवा लिया है। अश्विन ने सलामी बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया।

# 434 विकेट लेते ही कपिल की बराबरी पर पहुंचे अश्विन

मोहाली, एजेंसी। टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने श्रीलंका के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। अपने 85 वें टेस्ट में अश्विन ने तीसरे दिन श्रीलंका की दूसरी पारी में पाथुम निसांका का विकेट लेते ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 434 विकेट पूरे किए। इसके साथ ही अश्विन ने महान ऑलराउंडर कपिल देव के रिकॉर्ड की भी बराबरी की है। अब दोनों गेंदबाज टेस्ट में संयुक्त रुप से 434-434 विकेट के साथ भारत के दूसरे सफल गेंदबाज बन गये हैं। वहीं पहले नंबर पर दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं। कंबले के नाम टेस्ट में 619 विकेट हैं।



दूसरी ओर पूर्व भारतीय कप्तान कपिल ने 131 टेस्ट में 434 विकेट लिए थे। 23 बार 5 और 2 बार 10 विकेट लेने का कारनामा किया। वहीं अश्विन का यह 85वां टेस्ट है। उन्होंने अब तक 434 विकेट लिए हैं। 30 बार 5 और 7 बार 10 विकेट झटके लिए हैं। अश्विन अभी टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में 9वें नंबर पर हैं। श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में फुटबॉल मैच में भिड़े प्रशंसक

मेक्सिको सिटी, एजेंसी। मेक्सिको में रैन लीग चैंपियनशिप फुटबॉल मैच में प्रशंसकों के बीच हुई हिंसा से करीब दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। इसके कारण कुछ समय तक के लिए मैच भी रोकना पड़ा। मध्य मेक्सिको में एक फुटबॉल मैच के दौरान दोनों टीम के समर्थकों में जमकर हिंसा हुई। इससे करीब 22 लोग घायल हुए हैं। इसमें से दो लोग गंभीर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार,प्रशसंकों के बीच झड़प के बाद मेजबान क्वेरेटारो और ग्वाडालाजारा की एटलस टीम के मैच को भी 62वें मिनट में रोकना पड़ा। झड़प होने के कारण दर्शकों को बाहर निकालने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने मैदान के सभी दरवाजे खोल दिये। वहीं सुरक्षा एजेंसी के अनुसार अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है। 22 लोग घायल हुए हैं जिनमें से नौ को सिविल अस्पताल ले जाया गया।'

### 100 मैच में विराट नहीं पकड़ पाये मैथ्यूज का कैच

मोहाली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के लिए 100 टेस्ट उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा। विराट इस मैच में अर्धशतक तक नहीं लगा पाये। इसके बाद क्षेत्ररक्षण के दौरान उन्होंने कैच भी छोड़ दिया। श्रीलंका की दूसरी पारी में टीम के अनुभवी खिलाड़ी एंजेलो मैथ्यूज का कैच विराट नहीं पकड़ पाये। स्पिनर जयंत यादव के ओवर की दूसरी गेंद पर बल्लेबाज मैथ्यूज ने गेंद को टर्न करने का प्रयास किया पर गेंद सीधे उनके बल्ले का किनारा लेकर स्लिप की तरफ गई पर विराट कैच नहीं पकड़ सके और मैथ्यूज को एक रन पर ही जीवनदान मिल गया। इस मैच में प्रशंसकों को विराट से 71 वें शतक की उम्मीद की भी उम्मीद थी पर उनके 45 रनों पर आउट होने से प्रशंसकों को निराशा हुई।

### छह विश्व कप खेलने वाली विश्व की पहली महिला क्रिकेटर बनीं मिताली

माउंट माउंगानुई, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां मैदान में उतरते ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही मिताली सबसे ज्यादा छह आइसीसी महिला विश्व कप खेलने वाली विश्व की पहली क्रिकेटर बनी हैं। पाकिस्तान के खिलाफ हुए इस मुकाबले में मिताली बड़ा स्कोर नहीं बना पायीं और केवल छह रनों पर ही आउट हो गयीं। मिताली से पहले डेबी हाक्ले और कारलोट एडवर्ड्स का सबसे ज्यादा पांच-पांच महिला विश्वकप खेलने का रिकार्ड था। वहीं तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी और कैथरीन ब्रंट का भी यह पांचवां महिला विश्व कप टूर्नामेंट है।

# रोहित के रिव्यू के बाद अंपायर ने बदला फैसला




मोहाली, एजेंसी। भारतीय टीम के नये कप्तान रोहित शर्मा की नेतृत्व क्षमता श्रीलंका के खिलाफ हुए मैच में फिर देखने को मिली। मोहाली टेस्ट के तीसरे दिन जसप्रीत बुमराह की गेंद पर श्रीलंकाई बल्लेबाज चरिथ असालंका को मैदानी अंपायर ने पहले नॉटआउट दिया था पर बाद में कप्तान रोहित शर्मा के डीआरएस लेने के बाद फैसला बदला गया।

अंपायर ने अपील ठुकराई तो कप्तान रोहित शर्मा ने रिव्यू लिया और ये रिव्यू बिल्कुल सही साबित हुआ। थर्ड अंपायर ने मैदानी अंपायर के फैसले को बदला और असालंका को आउट करार दिया गया। इस प्रकार श्रीलंका का पांचवां विकेट गिरा। इसके अलावा रोहित के अन्य फैसले भी सही साबित हुए। एक रिव्यू नहीं बल्कि कप्तान रोहित शर्मा के कई फैसले इस पारी के दौरान सही साबित हुए। जिसमें रवींद्र जडेजा को गेंदबाजी देना और सही तरीके से क्षेत्ररक्षण लगाना है। दूसरी पारी में भी रविचंद्रन अश्विन की बॉल पर अंपायर ने जब बल्लेबाज को नॉटआउट करार दिया, तो रोहित ने रिव्यू लिया जिसके बाद बल्लेबाज को आउट दिया गया।



रावलपिंडी में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए मैच में एक दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर।

# मध्यक्रम को रन बनाने होंगे : मिताली

माउंट माउंगानुई , एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने आईसीसी महिला विश्वकप के पहले ही मैच में पाकिस्तान के खिलाफ मिली शानदार जीत पर खुशी जतायी है पर साथ ही कहा है कि टीम को अपने प्रदर्शन में अभी और सुधार करना होगा। भारतीय महिला टीम ने अपने पहले ही मैच में पाकिस्तान को 107 रनों से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की है। मिताली ने कहा कि हमें अभी बहुत सी चीजों को बेहतर करना है।

मिताली ने कहा कि हमारी टीम के लिए हर मैच जीतना अभी जरूरी है। पर अभी भी हमें बहुत सी चीजों पर काम करना होगा। मिताली ने कहा कि मध्यक्रम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि इसके असफल होने से निचले क्रम पर ज्यादा दबाव आता है। विश्वकप जैसे सबसे बड़े टूनार्मेंट में रन बनाना शीर्ष क्रम की जिम्मेदारी है।




मिताली ने पाक के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने वाली पूजा वस्त्राकर और स्नेह राणा की बल्लेबाजी की भी जमकर प्रशंसा की है। मिताली ने कहा है कि जब आपके पास टीम में इस तरह की खिलाड़ी होती हैं तो बल्लेबाजी क्रम काफी लंबी हो जाती है। स्नेह और पूजा की सातवें विकेट के लिए की गयी रिकार्ड साझेदारी से ही भारतीय टीम इस मैच में बेहतर स्कोर बना पायी।

# 150 से अधिक रन और 5 विकेट लेने वाले विश्व के छठे गेंदबाज बने जडेजा

मोहाली, एजेंसी। श्रीलंका के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को मिली जीत में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की अहम भूमिका रही है। जडेजा ने जहां पहली पारी में पांच विकट लिए। वहीं . बल्लेबाजी के दौरान नाबाद 175 रन बनाये। इसके साथ ही जडेजा ने एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है।





जडेजा एक टेस्ट मैच में 150 से अधिक रन और एक पारी में 5 विकेट लेने वाले विश्व के छठे गेंदबाज बन गये हैं। 49 साल बाद किसी खिलाड़ी ने यह रिकार्ड बनाया है। इससे पहले अंतिम बार साल 1973 में पाकिस्तान के मुश्ताक मोहम्मद ने श्रीलंका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। जडेजा यह कारनामा करने वाले तीसरे भारतीय भी हैं। इससे पहले 1952 में वीनू मांकड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ और 1962 में पॉल उमरीगर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ये रिकार्ड बनाया था। मांकड़ ने 186 रन जबकि उमरीगर ने नाबाद 172 रन बनाए थे. वेस्टइंडीज के डेनिस एनकिंसन और गैरी सोबर्स भी उन 6 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं, जिन्होंने एक टेस्ट में 150 रन बनाने के अलावा 5 विकेट भी लिए हैं।

# अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले 11 वें गेंदबाज बने

## हेडली को पीछे छोड़ा



मोहाली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड बनाया है। धनंजय डि सिल्वा को आउट करने के साथ ही अश्विन अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले विश्व के 11वें गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकार्ड न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज सर रिचर्ड हेडली के नाम था। रिकार्ड तोड़ दिया। अश्विन के अब टेस्ट क्रिकेट में कुल 431 विकेट हो गये हैं। वहीं हेडली ने अपने टेस्ट करियर में कुल 431 विकेट लिए थे। अश्विन ने पहली पारी में श्रीलंका के ओपनर लाहिरू थिरिमाने को आउट किया जिससे वह हेडली की बराबरी पर आ गए। इसके बाद उन्होंने धनंजय को ह्बुद्द आउट किया जिससे वह हेडली से आगे निकल गए। अश्विन अपने टेस्ट करियर का 85वां मैच खेल रहे हैं।

अश्विन अब श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज रंगना हेराथ , भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। रंगना ने टेस्ट क्रिकेट में 433 विकेट लिए थे। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के नाम 434 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा वह डेन स्टेन के 439 टेस्ट विकेटों का भी रिकॉर्ड ध्वस्त कर सकते हैं।

# महिला विश्व कप : भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 107 रनों से हराया

माउंट माउंगानुई, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की है। भारतीय टीम ने अपने पहले ही मुकाबले में पाकिस्तान को 107 रनों से हराया। भारतीय टीम ने इस मैच में पाकिस्तान को जीत के लिए 245 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में पाक टीम 137 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पूजा वस्त्राकर के 67 , स्नेह राणा के नाबाद 53 रन और स्मृति मंधाना के 52 रनों की सहायता से 7 विकेट पर 244 रन बनाए थे। इस जीत के साथ ही महिला टीम का पाक के खिलाफ अजेय रहने का रिकार्ड बरकारार है। भारतीय टीम ने अभी तक पाक के खिलाफ सभी 11 मैच जीते हैं। वहीं अब तक कुल मिलाकर विश्व कप में भारत की पाक पर यह चौथी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2009, 2013 और 2017 में पाक को हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर ही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा ने 92 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। मंधाना के 51 रन बनाकर आउट होने के बाद फिर टीम लड़खड़ा गयी। दीप्ति शर्मा ने 40 रन बनाये। बीच में लगातार विकेट गिरने से भारतीय टीम ने 114 रनों पर ही छह विकेट खो दिये।




भारत की ओर से पूजा वस्त्राकर ने सबसे ज्यादा 67 और स्नेह राणा ने नाबाद 53 रन बनाये। पूजा और स्नेह के बीच सातवें विकेट के लिए 122 रनों की रिकार्ड शतकीय साझेदारी हुई।

वहीं इस मैच में कप्तान मिताली राज 35 गेंद में केवल 9 रन ही बना पायीं। ऋचा घोष एक रन बनाकर पेवेलियन लौटीं। उपकप्तान हरमनप्रीत कौर भी 13 गेंद में 5 रन ही बना पायीं। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरूआत भी धीमी रही। 28 के स्कोर पर टीम का पहला विकेट गिरा। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 43वें ओवर में 137 रनों पर ही आउट हो गयी। भारत की ओर से राजेश्वरी गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा 4 जबकि अनुभवी झूलन गोस्वामी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए।

# श्रीलंका पर पारी की हार का खतरा , लंच तक दूसरी पारी में 10/1

मोहाली, एजेंसी। भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन मेहमान टीम श्रीलंका पर शिकंजा कस दिया है। पहली पारी में भारतीय टीम से 400 रनों से पीछे होने के बाद दूसरी पारी में भी श्रीलंकाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने लंच तक 10 रनों पर ही एक विकेट खो दिया था। दिमुथ करुणारत्ने 8 और पटूसम निशंका 1 रनों पर खेल रहे थे। वहीं लहिरु थिरमाने खाता खोल बिना ही पेवेलियन लौटे। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर लंकाई टीम अभी भी 390 रनों से पीछे है। भारत ने अपनी पहली पारी में रविंद्र जडेजा की नाबाद 175 रन की पारी की सहायता से 8 विकेट पर 574 रन बनाकर



पारी घोषित कर दी थी। जडेजा के अलावा हनुमा विहारी 58 और अश्विन ने 61 रन बनाये थे। वहीं श्रीलंका की टीम अपनी पहली पारी में 174 पर ही बना पायी थी। जडेजा ने भारत की ओर से पहली पारी में सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए थे। इस प्रकार भारत को पहली पारी के आधार पर 400 रन की बढ़त मिली थी। तीसरे दिन विश्वा फनार्डों आउट होने वाले चौथे खिलाड़ी थे। फर्नांडों शून्य पर आउट हुए। इसके बाद जडेजा ने लाहिरू कुमारा को शून्य पर आउट करके श्रीलंका की पहली पारी 174 रनों पर ही सिमेट दी। जडेजा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए।

# बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए पुरुष और महिला हॉकी टीम के कोच होंगे सरदार सिंह और दीपक ठाकुर

दिल्ली, एजेंसी। पूर्व कप्तान सरदार सिंह और पूर्व स्ट्राइकर दीपक ठाकुर को बर्मिंघम में आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाली भारतीय पुरूष और महिला ह्यएह्ल हॉकी टीमों के लिए कोच बनाया गया है। वहीं ओलंपियन रूपिंदर पाल सिंह और बीरेंद्र लकड़ा के अलावा अनुभवी फॉरवर्ड एसवी सुनील ने भी संन्यास से वापसी की है। इन्हें बर्मिघंम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। इन तीनों ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। भारतीय पुरूष और महिला ह्यएह्ल टीमें इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रमंडल और हांगजोऊ एशियाई खेलों के बीच भी समय का अंतकर कम समय के कारण बर्मिंघम में अपनी मुख्य टीम नहीं भेजने का फैसला किया था।



राष्ट्रीय महासंघ ने ही भारत ह्यएह्ल पुरूष और महिला कोर संभावित ग्रुप के लिए 33-33 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा भी की। दोनों टीमें सात मार्च से बेंगलुरू के साई सेंटर में राष्ट्रीय शिविर की शुरूआत करेंगी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# कुछ चटपटा खाने का है मन तो बनाएं मखाना भेल

हर किसी का मन शाम के समय अक्सर कुछ चटपटा खाने का करता है। लेकिन शाम के समय खाई जाने वाले अधिकतर स्नैक्स में काफी तेल और मसाला होता है जो इसे सेहत के लिए नुकसानदायक बनता है। इसलिए आज हम आपके लिए एक टेस्टी व चटपटी रेसिपी ले कर आये हैं जो सेहत के लिए भी काफी फ़ायदेमन्द हैं। हम्बात कर रहे हैं पोषक तत्वों और एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर मखाना से बनने वाली मखाना भेल की। मखाना भेल खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ने के साथ वजन कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। ये खास तोर से डायबिटीज व ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है। तो आईये जानते हैं मखाना भेल बनाने की रेसिपी…



**सामग्री** : मखाना- 3 कप, देसी घी- 2 बड़े चम्मच, रोस्टेड मूंगफली- 3 बड़ा चम्मच, टमाटर-1 बड़ा (बारीक कटा), अमचूर पाउडर-1 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर-1 छोटा चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, खीरा- 2 बड़े चम्मच (बारीक कटा), हरी चटनी-2 बड़े चम्मच, इमली की चटनी-1 बड़ा चम्मच, सेब- 2 बड़े चम्मच (बारीक कटा), सेंधा नमक- स्वाद अनुसार

**विधि** : सबसे पहले पैन में धीमी आंच पर घी गर्म। अब इसमें मखाने, हल्दी व अमचूर पाउडर डालकर फ्राई करें।

फिर इन मखानो को बाउल में निकाल लें। अब इसमें बाकी की सामग्री मिलाएं।

आप इसमें अपनी मनपसंद सब्जियां या फल भी मिला सकती है।

बस आपकी मखाना भेल बनकर तैयार है। अब इसे सर्विंग डिश में निकालकर सर्व करें।

# बैंगनी रंग की सब्जी सेहतमंद



बैंगनी रंग के फ़ूड्स ना सिर्फ़ देखने में सुंदर और आकर्षक होते हैं, बल्कि सेहत के लिहाज़ से भी पावर पैक्ड होते हैं। यह रंग एन्थोसियानिन नामक ऐंटी-ऑक्सिटेंड्स की वजह से आता है, जो एक तरह का फ़ाइटोन्यूट्रिएंट्स है। इस रंग के खाद्य पदार्थ सेलुलर डैमेज को रोकते हैं, बीमारियों को शरीर तक पहुंचने नहीं देते और ऐंटी-एजिंग एजेंट के रूप में काम करते हैं।

**ब्लैकबेरी**

ब्लैकबेरी कैलोरी में बेहद कम और विटामिन सी से भरपूर होती है, जिसे रोज़ाना आप एक बाउल खा सकते हैं। विटामिन के और मैग्नीशियम से भरी हुई ब्लैकबेरी कॉग्नेटिव हेल्थ और शरीर के बाहरी अंगों की रक्षा करती है।

**बैंगन :** इसे ब्रिंजल के अलावा एगप्लांट और एबर्जीन नाम से भी जाना जाता है। बैंगन में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन और विटामिन्स की अच्छी मात्रा पाई जाती है। 100 ग्राम बैंगन में लगभग 24 कैलोरी होती है।

**आलू बुखारा (प्लम)**

आलू बुखारा में कैलोरी बेहद कम होती है, लेकिन इसमें विटामिन ए, सी, के और पोटैशियम व फ़ाइबर की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। क़रीब प्रति 15 ग्राम आलू बुखारे में 100 ग्राम फ़ाइबर पाया जाता है। यह हड्डियों को मज़बूती देने के साथ ही ब्लड में शुगर लेवल और टाइप-2 डायबिटीज़ को कंट्रोल रखने में सहायक होता है।

**पर्पल कैबेज**

इस सब्ज़ी को रेड क्रॉट या ब्लू क्रॉट के नाम से भी जाना जाता है। विटामिन्स और फ़्लेवोनॉइड्स से भरपूर यह सब्ज़ी शरीर में इन्फ़्लेमेशन को रोकने के साथ ही गट हेल्थ और ऑर्थराइटिस जैसी समस्याओं से बचाने का काम करती है। इसे सलाद और सूप में इस्तेमाल किया जाता है।

# चेहरे पर पिंक ग्लो के लिए चुकंदर का फेसपैक



आज कल हर कोई अपनी स्किन और हेल्थ को लेकर काफी परेशान रहता है। हर कोई अच्छा दिखना चाहता है, इसके लिए स्किन का खास धायण रखना काफी जरूरी होता है। लेकिन आज की दौड़भाग की लाइफ में लोगों के पास खुद के लिए समय ही नहीं होता है। स्किन के लिए चुकंदर को काफी फ़ायदेमन्द माना गया है। खून को शुद्ध करने और रैड ब्लड सेल्स बढ़ाने के लिए चुकंदर एक बेहतरीन ऑप्शन है। चुकंदर का फेस पैक विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, ये लगाने से मुंहासों से लेकर दाग-धब्बों और झुर्रियों तक की सभी समस्याएं दूर हो जाती है। तो आईये जानते है इसकी बारे में और…

**इसके लिए आपको चाहिए**

चुकंदर पाउडर/जूस - 1 चम्मच
एलोवेरा जेल - 1 चम्मच
गुलाबजल - जरूरतअनुसार
स्किन ऑयल - 5-6 बूंदें
चंदन पाउडर - 1/4 चम्मच
शुगर पाउडर

**ऐसे करें इस्तेमाल**

**पहला तरीका**

सबसे पहले एलोवेरा जेल व शुगर पाउडर को बराबर मात्रा में मिलाएं। अब इससे हल्के हाथों से चेहरे पर 2-3 मिनट तक स्क्रब करें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। इससे त्वचा में मौजूद धूल-मिट्टी व गंदगी निकल जाएगी।

**दूसरा तरीका**

चुकंदर पाउडर को आप मार्केट से खरीद सकते हैं, या आप इसे धूप में अच्छी तरह सुखा कर इसका पाउडर बना लें

इसमें एलोवेरा जेल, जरूरतअनुसार गुलाबजल और अपनी स्किन के हिसाब से कोई भी तेल मिलाएं।

इसके बाद इसमें चंदन पाउडर मिला लें। अब पेस्ट गाढ़ा लगे तो इसमें गुलाबजल मिलाएं। इसे 2-3 मिनट के लिए रख दें। अब चेहरे पर पैक की मोटी लेयर लगाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर मसाज करते हुए ताजे पानी से धो लें।

**चुकंदर के फायदे**

- चुकंदर में विटामिन सी होता है जो पिग्मेंटेशन की समस्या को दूर करता है।
- आयरन, फॉस्फोरस और प्रोटीन से भरपूर चुकंदर आपको स्वस्थ और शाइनी त्वचा देता है।
- नियमित यह पैक लगाने से न काले घेरे दूर होंगे बल्कि इससे आंखों का तनाव भी दूर होगा।
- आयरन और कैरोटेनॉयड्स से भरपूर होने के कारण चुकंदर स्किन के छिद्रों और परतों में नमी को सोख लेता है, इससे त्वचा रूखी और बेजान नहीं होती।
- एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर चुकंदर उम्र बढ़ने के शुरुआती लक्षणों और फाइन लाइन्स को दूर करने में बहुत मददगार है।
- इसमें मौजूद लाइकोपीन और स्क्वैलिन त्वचा को ठीक करता हैं, जिससे स्किन लटकती नहीं।

# प्रेशर कुकर में बनाते हैं चावल तो जानें ये बातें

भारतीय घरों में चावल एक जरूरी भोजन है जिसे लोग दिन में एक या दो बार खाना पसंद करते हैं। यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है और हमारे पेट को भी यह लंबे समय तक भरा रखता है। आमतौर पर लोग इसे खिला खिला खाना पसंद करते हैं। कई घरों में इसे उबालकर पानी छानकर खाया जाता है तो कई लोग ऐसे हैं जो इसे बनाने के लिए प्रेशर कुकर का उपयोग करते हैं। इन दोनों का स्वाद और सेहत पर प्रभाव अलग अलग पड़ता है। सेहत के लिहाज से अगर देखा जाए तो प्रेशर कुकर में बना चावल अधिक फायदेमंद होता है। तो आइए जानते हैं कि आखिर प्रेशर कुकर में पका चावल क्यों फायदेमंद माना जाता है।

**लंबे समय तक पेट रहता है भरा भरा**

अगर आप प्रेशर कुकर में चावल को पकाते हैं तो इससे राइस का स्टार्च बरकरार रहता है। स्टार्च की वजह से ये यह पेट को काफी लंबे समय तक भरा भरा रखता है जिससे लंबे समय तक भूख कम लगती है। भूख कम लगने से वजन भी नियंत्रित रहता है।

**पाचन को बनाए बेहतर**

जब चावल प्रेशर कुकर में पकता है तो यह बेहतर तरीके से पकता है। जिससे पाचन क्रिया सुचारु रूप से चलती है और इसे पचाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आती।



**पौष्टिकता रहती है बरकरार**

अगर आप चावल पकाने के लिए प्रेशर कुकर या राइस कुकर का उपयोग करते हैं तो इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व चावल में ही रह जाते हैं। बता दें कि जब चावल को उबालकर इसका पानी फेंका जाता है तो इससे इसकी कई पौष्टिक तत्व बाहर निकल जाते हैं।

**बैक्टीरिया रहित**

जब प्रेशर कुकर में हाई हीट और हाई प्रेशर में चावल को पकाया जाता है तो इसमें किसी भी तरह के बैक्टीरिया के रहने की संभावना दूर हो जाती है।

**एनर्जी और समय की बचत**

जब हम प्रेशर कुकर में चावल बनाते हैं तो यह कई गुना जल्दी पक जाता है और गैस की बर्बादी नहीं होती। ऐसे में आपका समय और एनर्जी दोनों की बचत होती है।

# मजबूत दिल के लिए कैनोला तेल

कैनोला तेल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में फायदेमंद साबित हो सकता है। यह शोध कनाडा में किया गया है। इस शोध में टाइप 2 डायबिटीज के 141 मरीजों को शामिल किया गया था। इस शोध में यह पाया गया है कि कैनोला तेल युक्त रोटी खाने से ख्खराबर कोलेस्ट्रॉल की मात्रा 20mg कम हो जाती है। साथ ही हृदय संबंधी रोग अथवा स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों को खतरा 7% कम हो जाता है।



**डायबिटीज के लिए गुणकारी :** इस शोध में यह खुलासा हुआ है कि कैनोला तेल के सेवन से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। साथ ही उच्च रक्तचाप में भी फायदेमंद है।

**आंखों के लिए फायदेमंद :** कैनोला तेल में एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन-इ के गुण पाए जाते हैं जो आंखों और त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसके लिए डाइट में कैनोला तेल को ज़रूर शामिल करें।

**दिल के लिए दवा :** इसमें ओमेगा-3, 6 और 9 फैटी एसिड समेत सैचुरेटेड फैट पाए जाते हैं जो दिल के लिए दवा समान होते हैं। इसके लिए अपनी डाइट में कैनोला तेल का सेवन जरूर करें।

# घर के रोजाना के काम को कैसे बनाएं ईको फ्रेंडली?

कोविड-19 के संक्रमण ने हमें प्रकृति से दोबारा जोड़ दिया है. अब हम ईकोफ्रेंडली लिविंग की बात करने लगे हैं. हम अपनी जीवनशैली को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की कोशिश करने लगे हैं, जो कि इस वक्त की नज़ाकत को समझते हुए बेहद ज़रूरी भी है. उम्मीद करते हैं कि इस महामारी की समाप्ति के बाद भी लोग अपनी इस बदली हुई जीवनशैली पर क़ायम रहेंगे. यदि आपने भी अपने आप को पर्यावरण के अनुकूल बनाने का फ़ैसला कर ही लिया है तो अपने घर के इन रोज़ाना किए जानेवाले कामों को करने का ढंग बदल दें, इससे वह बदलाव जल्दी आ जाएगा, जिसकी आप उम्मीद लगाए बैठे हैं. तो पढ़िए घर के रोज़ाना के कामों को करते हुए आप कैसे ईको फ्रेंडली रह सकते हैं.



**कपड़े के पोंछे का इस्तेमाल करें**

फ़र्श, किचन या फ़र्नीचर आदि पोंछने के लिए पेपर नैपकिन्स का इस्तेमाल बंद कर दें. इसका सबसे बड़ा कारण तो यह है कि पेपर नैपकिन्स सिंगल यूज़ वाली होती हैं. वहीं स्पंज में बैक्टीरिया के जमा होने की संभावना होती है. फेंकने के बाद इनका विघटन भी नहीं होता. बजाय इसके कपड़े के पोंछे को प्राथमिकता दें. पहली बात तो वे साफ़-सफ़ाई को आसान बनाते हैं और दूसरी बात उनमें जर्म्स के जमा होने की संभावना न के बराबर होती है. गंदा होने पर आप उन्हें धोकर दोबारा यूज़ कर सकती हैं.

**और दूसरी छोटी-छोटी सावधानियां, जो आएंगी काम**

- इस्तरी करने के लिए: कपड़ों को धोकर सुखाने के बाद उन्हें गोल-मोल गट्ठर बनाकर न रखें, बजाय इसके हैंगर में रखें. इस तरह कपड़े सुखाने या सूखने के बाद उन्हें रखने से, उनपर ज़्यादा क्रीज़ नहीं पड़ते. इस्तरी करते समय मेहनत भी कम लगती है और बिजली की भी बचत होती है.
- डिशवॉशर और वॉशिंग मशीन के लिए: आप इन उपकरणों का इस्तेमाल तभी करें, जब आपके पास ख़ूब सारे बर्तन हो जाएं या ढेर सारे कपड़े जमा हो जाएं. इससे आप बिजली और पानी दोनों की ही बचत कर सकती हैं. जहां तक संभव हो इन कामों के लिए ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करें.
- खाना बनाने के लिए: सब्ज़ियों को पानी के नल के नीचे धोने के बजाय एक बड़े से बर्तन में पानी भरकर उसमें धोएं. इससे पानी कम ख़र्च होगा. खाना बनाते समय बर्तनों का ग़ैरज़रूरी इस्तेमाल न करें. इससे बर्तन बढ़ेंगे, उन्हें धोने की मेहनत बढ़ेगी. ज़्यादा पानी लगेगा. डिटर्जेंट अधिक ख़र्च होगा. खाने की जो चीज़ें बच जाएं, उन्हें फेंकने के बजाय फ्रिज में स्टोर करके रखें. हां, स्टोर करने से पहले यह ध्यान रखें कि वो चीज़ें कमरे के तापमान पर आएं.

**प्राकृतिक क्लीनर्स का इस्तेमाल करें**

जब आप घर के लिए क्लीनर्स यानी लॉन्ड्री डिटर्जेंट, साबुन आदि ख़रीद रहे हों तो पैक के लेबल को पढ़ना न भूलें. साफ़-सफ़ाई के लिए ऐसी चीज़ें ख़रीदें, जिनमें केमिकल्स कम से कम हों. बेहतर होगा कि आप प्राकृतिक इन्ग्रीडिएंट्स वाले प्रॉडक्ट्स ही ख़रीदें. साफ़-सफ़ाई के लिए आप किचन में उपलब्ध आम चीज़ों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जैसे-विनेगर (सिरका), बेकिंग सोडा, नींबू का रस आदि. ये चीज़ें बेहद प्रभावशाली क्लीनिंग एजेंट्स हैं. सबसे बड़ी बात ये प्राकृतिक हैं.

# हल्दी से हो सकता है कैंसर का प्रभावी इलाज

**हल्दी में क्या होता है ख़ास?**

भारतीय खानपान का अभिन्न अंग हल्दी को अपने ऐंटी-बायोटिक, ऐंटी-सेप्टिक पाचक गुणों के लिए जाना जाता रहा है। घादिल्ली के बीएल कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा की गई एक स्टडी में पाया गया है कि हल्दी में क़रीब 20 मॉलिक्यूल्स होते हैं, जो ऐंटी-बायोटिक्स की तरह काम करते हैं। वहीं हल्दी के 14 मॉलिक्यूल्स में कैंसररोधी गुण होता है। इसके 12 मॉलिक्यूल्स ऐंटी-ट्यूमर गुणधर्म वाले होते हैं। हल्दी का सबसे प्रमुख कैंसररोधी मॉलिक्यूल है कर्क्यूमिनॉइड।

हल्दी कैंसर कोशिकाओं यानी कैंसर सेल्स की बढ़ोतरी को रोकती है। ऐसा हल्दी की ऐंटी-एंजियोजेनिक प्रॉपर्टी के चलते होता है। हल्दी कैंसर सेल्स को नए ब्लड वेसल्स बनाने से रोकती है। इतना ही नहीं कैंसर सेल्स के माइटोकॉन्ड्रिया पर हमला करके, उन सेल्स की रिप्रोडक्शन साइकिल को बाधित कर देती है। इससे नए कैंसर सेल्स नहीं बन पाते। कर्क्यूमिन कैंसर के तीनों स्टेजेस में प्रभावी होता है। कर्क्यूमिन टोपोआइसोमेरैसेस नामक एन्ज़ाइम, जो कैंसर की कोशिकाओं की वृद्धि के लिए ज़िम्मेदार होता है, को प्रभावशाली ढंग से कम करता है, जिसके चलते कैंसर सेल्स का ग्रोथ काफ़ी हद तक कम हो जाता है। कैंसर सेल्स कुछ समय बाद कीमोथेरैपी और रेडियोथेरैपी के आदी हो जाते हैं, उनपर इन ट्रीटमेंट्स का उतना असर नहीं होता।


**पूरा फ़ायदा पाने के लिए ऐसे करें हल्दी का सेवन**

हल्दी को आप चाहे तो गुनगुने पानी में डालकर ले सकते हैं या दूध के साथ। हमारी सब्ज़ियों और दाल में तो इसका इस्तेमाल किया ही जाता है। आप रोज़ाना एक चौथाई चम्मच हल्दी का सेवन करके इस जानलेवा बीमारी से लंबे समय तक बचे रह सकते हैं।



## आज की रेसिपी

# ब्रोकली सूप



**सामग्री :**

- ब्रोकली के सूप का सेवन, ब्रोकली 500 ग्राम अजवाइन 1 डंठल, सफेद मिर्च पाउडर 1/2 छोटा चम्मच, पानी 4 कप, बादाम 1 बड़ा चम्मच, आवश्यकता अनुसार नमक, प्याज 1, लहसुन की कली 4, लो फैट दूध 1 कप

**विधि :**

- सबसे पहले ब्रोकली के फूलों को काट कर एक बाउल में रख लें। इन्हें पानी में अच्छे से धो लें, बचा हुआ पानी निकाल दें और ब्रोकली को नमक वाले पानी में 10 मिनट के लिए भिगो दें। एक बार हो जाने के बाद नमक का पानी निकाल दें और फ्लोरेट्स को एक तरफ रख दें।
- अजवाइन के डंठल, लहसुन और प्याज को एक तेज चाकू से मोटा-मोटा काट लें और एक तरफ रख दें।
- एक फ्राइंग पैन में, बादाम को धीमी आंच पर सावधानी से ड्राई फ्राई कर लें। इन्हें आंच से उतार लें और भूनने के बाद इन्हें स्लाइस में काट लें।
- एक गहरे तले के पैन में पानी डालकर मध्यम आंच पर गर्म करें। इसमें कटी हुई सब्जियां डालें और उबाल आने दें। इसमें ब्रोकली के फूल सावधानी से डालें और पकने दें। ब्रोकली के नरम हो जाने के बाद, पैन को आंच से हटा लें। एक ब्लेंडर में पैन की सामग्री को डालें और इससे एक प्यूरी बना लें।
- इसके बाद ब्रोकली प्यूरी में दूध मिलाएं और मिश्रण को फिर से उबाल लें। इसके बाद सूप में नमक और सफेद मिर्च डालें और परोसें।

# बालों के लिए बेहद फायदेमंद नींबू का रस



नींबू कई स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। ये विटामिन सी से समृद्ध होता है। नींबू पानी वजन घटाने, बेहतर पाचन और टॉक्सिन को निकालने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से हमारी त्वचा में निखार आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू का रस हमारे बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। बालों के लिए नींबू का रस बहुत लाभकारी होता है।



**नींबू और एलोवेरा जेल :** 2 चम्मच नींबू के रस में एक चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। एलोवेरा एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजिंग एजेंट है, जो स्कैल्प पर फंगल को बढ़ने से रोकता है। मिश्रण को अपने स्कैल्प पर लगाएं और 30 मिनट तक लगा रहने दें, इसके बाद बालों को माइल्ड शैम्पू से धोएं। नींबू की तरह, एलोवेरा भी हमारी त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद है। ये फैटी एसिड, विटामिन, आवश्यक अमीनो एसिड और जिंक और कॉपर जैसे मिनरल में समृद्ध है जो बालों को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**नींबू, मेंहदी और अंडा :** 4 बड़े चम्मच मेंहदी पाउडर, एक अंडा, एक नींबू का रस और एक कप गर्म पानी लें। इन सामग्रियों से एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए लगा रहने दें। अगर आप ऑयल को नियंत्रित करना चाहते हैं तो मेहंदी और नींबू के रस का मिश्रण एक अच्छा विकल्प हो सकता है। मेंहदी तेल उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद करता है। मेंहदी स्कैल्प के पीएच स्तर को बनाए रखता है।

**नींबू, मेंहदी और ग्रीन टी :** ऑर्गेनिक मेंहदी लें और इसे छानी हुई ग्रीन टी में रात भर भिगो दें। अपने बालों पर मास्क लगाने से पहले दो बड़े चम्मच नींबू का रस मिलाएं। कंडीशनिंग के लिए, आप एक चम्मच दही भी मिला सकते हैं। इस मेंहदी के मिश्रण को अपने बालों पर लगाएं और लगभग 40 मिनट के लिए छोड़ दें।

**नींबू, जैतून और अरंडी का तेल :** एक नींबू का रस, 1 चम्मच जैतून का तेल और 1 चम्मच अरंडी का तेल लें। इन्हें एक बाउल में मिला लें और मिश्रण को थोड़ा गर्म कर लें। इस मिश्रण से अपने स्कैल्प पर कुछ मिनट तक मसाज करें। एक या दो घंटे के बाद, धो लें। सप्ताह में दो बार इस मिश्रण का इस्तेमाल कर सकते हैं। अरंडी का तेल प्रोटीन, मिनरल और विटामिन ई से भरपूर होता है और इसलिए ये आपके बालों के लिए एक औषधि के रूप में काम करता है। इसके अलावा, अरंडी के तेल में रिसिनोलेइक एसिड और ओमेगा 6 एसेंशियल फैटी एसिड होते हैं, जो स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं, इससे बालों को बढ़ने में मदद मिलती है।